सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5 न्यू | 15.0 अधि |
| धर्मशाला | 6 न्यू | 17.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,909 |
| निफ्टी | 24,919 |
| सोना | 1,55,204 |
| चांदी | 3,20,075 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 22 जनवरी 2026 | 9 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 26, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# प्रदेशभर में बनेंगे हेलीपोर्ट : सीएम

## संजौली हेलीपोर्ट पर हेली टैक्सी सेवाओं का किया शुभारंभ

## रिकांगपिओ के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखा किया रवाना

## पर्यटन के लिए ज्यादा बजट का प्रावधान करेगी प्रदेश सरकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला के संजौली हेलीपोर्ट को केंद्र से जरूरी मंजूरी के बाद आधिकारिक तौर पर उड़ानों के लिए खोल दिया गया है। इसी के साथ दो कंपनियों ने यहां से हेली टैक्सी सेवाएं शुरू कर दी हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रिकांगपिओ के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हेली टैक्सी को वाटर कैनन सैल्यूट दिया गया। सीएम ने कहा कि बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को नई गति मिलेगी और आम लोगों की यात्रा भी कहीं अधिक सुविधाजनक होगी। उन्होंने कहा कि यह एक लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जो अब साकार हुई है, जिससे समय की बचत के साथ-साथ दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी।

पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि यात्री हेली टैक्सी शुरू होने से शिमला से चंडीगढ़ 20 मिनट में पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में हेलीपोर्ट बनाए जाएंगे। प्रदेश सरकार हर जिले के मुख्यालय और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट बना रही है। जिला हमीरपुर के जसकोट, कांगड़ा के रक्कड़ और पालमपुर तथा चंबा में चार हेलीपोर्ट का काम अगले मार्च-अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। हर हेलीपोर्ट पर लगभग 15 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इससे उच्च वर्ग के पर्यटक हिमाचल आएंगे और लोगों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही पर्यटन के लिए ज्यादा बजट का प्रावधान करेंगे।



मुख्यमंत्री सुक्खू संजौली हेलीपोर्ट से हेलिकॉप्टर को हरी झंडी दिखाते हुए। अनंत ज्ञान

### बोले-कांगड़ा एयरपोर्ट का हो रहा विस्तारीकरण

**सीएम** ने कहा कि कांगड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट विस्तारीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भूमि अधिग्रहण के लिए साढ़े तीन हजार करोड़ की जरूरत है, जिसका प्रावधान किया जा रहा है। सरकार ने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के कदम उठाए हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होती जा रही है। इसका फायदा आने वाले समय में पर्यटन उद्योग को होगा।

### संजौली से भुंतर व रिकांगपिओ के लिए रोजाना उड़ान

**संजौली** हेलीपोर्ट से भुंतर हवाई अड्डे और किन्नौर जिले के रिकांगपिओ (आईटीबीपी हेलीपैड) के लिए रोजाना हेलिकॉप्टर सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा चंडीगढ़ से संजौली के बीच सप्ताह में तीन दिन सोमवार, शुक्रवार और शनिवार उड़ानें संचालित होंगी। संजौली से कुल्लू के लिए किराया 3,500 रुपए, संजौली से रिकांगपिओ 4,000 रुपए और संजौली से चंडीगढ़ 3,169 रुपएप्रति यात्री निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संजौली हेलीपोर्ट आईजीएमसी अस्पताल के समीप स्थित है, जिससे मेडिकल इमरजेंसी में यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

## हिमाचल प्रदेश में पहली बार बनेगी पोषण नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में पहली बार एक समग्र पोषण नीति बनाई जाएगी, ताकि प्रदेशवासियों को संतुलित आहार और खाद्य सुरक्षा का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एकीकृत बाल विकास सेवा, मिड-डे मील योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी कई अहम पोषण योजनाएं चला रही है।

**◆फूड टेस्टिंग लैब्स पर होगा बड़ा निवेश**

इन सभी योजनाओं को एक साझा दृष्टि और वैज्ञानिक आधार देने के लिए पोषण नीति जरूरी है, जिससे जनस्वास्थ्य को लंबे समय में मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित नीति में न्यूट्रिशनल प्रोफाइलिंग को विशेष महत्व दिया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को भोजन में मौजूद पोषक तत्वों, कैलोरी की मात्रा और फूड फोर्टिफिकेशन की जानकारी मिलेगी, जिससे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नीति को अंतिम रूप देने से पहले प्रदेश में पोषण और खाद्य परीक्षण से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि वैज्ञानिक जांच और निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि कंडाघाट स्थित कंपोजिट टेस्टिंग लैब को अपग्रेड करने के लिए 8.50 करोड़ रुपए और कांगड़ा जिले में नई फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने के लिए 25 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन जिले के बद्दी में नई प्रयोगशालाएं खोलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को मानव बम से उड़ाने की धमकी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को गणतंत्र दिवस पर मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से डीसी ऑफिस शिमला को भेजी गई है। पुलिस के अनुसार, धमकी भरे ई-मेल में लिखा गया कि यदि सीएम गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने पहुंचते हैं, तो उन पर आत्मघाती हमला किया जाएगा। इस ई-मेल को गंभीरता से लेते हुए थाना सदर शिमला में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह ई-मेल डीसी ऑफिस शिमला की आधिकारिक मेल आईडी पर प्राप्त हुआ है, जिसे पुलिस अधिकारियों के माध्यम से थाना सदर भेजा गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(3), 353(1)(b) और 152 के तहत केस दर्ज किया गया है।

**◆शिमला के डीसी को ई-मेल भेजी, लिखा- झंडा फहराने आए तो आत्मघाती हमला करेंगे**

### ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी पुलिस

**धमकी** भरा यह ई-मेल एक गुमनाम आईडी से भेजा गया है। पुलिस इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने में जुटी हुई है। साइबर विशेषज्ञों की मदद से ई-मेल के स्रोत और लोकेशन का पता लगाया जा रहा है, ताकि उसे गिरफ्तार किया जा सके।

### गणतंत्र दिवस समारोह में और सख्त की जाएगी सुरक्षा

**पुलिस** अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही कड़ी है। इस धमकी के बाद अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। इस बार राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला के रिज पर मनाया जाएगा।

### झूठी सूचना से बनाया जा रहा भय का माहौल : पुलिस

**हिमाचल** प्रदेश पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ई-मेल के जरिए झूठी और भ्रामक सूचना फैलाकर जनता में भय का माहौल बनाने की कोशिश की गई। इस तरह की हरकत लोक शांति भंग करने के साथ-साथ देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए भी गंभीर खतरा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### स्मार्ट मीटर से बिजली बिलों पर नहीं पड़ेगा असर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटड ने स्पष्ट किया है कि राज्य में स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने से बिजली सब्सिडी या उपभोक्ताओं के बिलों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 125 यूनिट तक मिलने वाली मुफ्त बिजली की सुविधा पहले की तरह पूरी तरह जारी रहेगी और स्मार्ट मीटर केवल बिजली खपत मापने का माध्यम हैं, न कि दरें बढ़ाने का कोई जरिया। बताया गया है कि प्रदेश में अब तक लगभग 7.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं और सोशल मीडिया पर फैलाया जा रहा भ्रम तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से खपत का डाटा स्वतः केंद्रीय डाटा सेंटर तक पहुंचता है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और ऑनलाइन सेवाएं बेहतर होंगी।

### राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल की तबीयत बिगड़ी

**एजेंसी, अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ गई है। 87 साल के नृत्य गोपाल दास को सोमवार रात से उल्टी-दस्त हो रहे थे। बुधवार सुबह श्रीराम अस्पताल के रिटायर्ड डॉक्टर एसके पाठक ने उनका चेकअप किया। तुरंत उन्हें लखनऊ मेदांता ले जाने को कहा। जानकारी के मुताबिक, महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। श्रीराम हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया- महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। डॉक्टर्स की टीम ने उनकी जांच की। इसके बाद मेडिकल टीम और एक एंबुलेंस के साथ उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में आईएएस अफसरों को देना होगा संपत्ति का ब्योरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सेवारत सभी आईएएस अधिकारियों को अब अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा राज्य सरकार को ऑनलाइन देना अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी 31 जनवरी तक निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। राज्य के कार्मिक विभाग ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए अधिकारियों को समयसीमा का कड़ाई से पालन करने को कहा है, ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। कार्मिक विभाग द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि यह आदेश भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के 23 दिसंबर 2025 के निर्देशों के अनुपालन में जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, सभी आईएएस अधिकारियों के लिए वार्षिक संपत्ति विवरण यानी आईपीआर समय पर दाखिल करना अनिवार्य है। इसका उद्देश्य सेवा में पारदर्शिता बनाए रखना और सार्वजनिक विश्वास को मजबूत करना बताया गया है।

### 31 जनवरी तक ऑनलाइन देनी होगी पूरी जानकारी

**निर्देशों** में यह भी साफ किया गया है कि 31 जनवरी तक यदि कोई अधिकारी निर्धारित समयसीमा में संपत्ति विवरण या आईपीआर दाखिल नहीं करता है, तो इसका सीधा असर उसकी अगली वेतन मैट्रिक्स में नियुक्ति और वेतनवृद्धि पर पड़ सकता है। कार्मिक विभाग ने चेताया है कि लापरवाही या देरी को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

## आईसीसी ने बांग्लादेश को सोचने के लिए दिया एक दिन का समय

# भारत में खेलो या फिर बाहर हो जाओ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले हुए विवाद पर बुधवार को हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूर्नामेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन का समय दिया गया है।

बता दें कि इस विवाद की शुरुआत बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर करने के बाद हुई। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत यात्रा पर सुरक्षा आशंका जताते हुए कहा कि बांग्लादेश टीम को भारत की बजाय श्रीलंका में खेलना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### क्या स्कॉटलैंड लेगा बांग्लादेश की जगह?

**रिपोर्ट्स** सामने आई कि अगर बांग्लादेश भाग नहीं लेता है, तो स्कॉटलैंड को विश्व कप में मौका मिल सकता है, लेकिन बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बातचीत नहीं की है और क्रिकेट स्कॉटलैंड ने भी आईसीसी से कोई चर्चा न होने की पुष्टि की है। यह पहला मौका नहीं है जब ऐसा विकल्प देखा जा रहा है।

# बंबर ठाकुर पर फायरिंग करने का आरोपी अरेस्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर पर फायरिंग करने वाले शूटर अमन उर्फ काकू (20) को एसटीएफ रोहतक की टीम ने मंगलवार रात 7:50 बजे सांपला के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। 20 हजार का इनामी शूटर अमन गांव रिटौली का रहने वाला है। घायल अवस्था में उसे पीजीआई में दाखिल किया गया है। एसटीएफ प्रभारी नरेंद्र कादयान ने बताया कि मंगलवार रात एसआई मनोज के नेतृत्व में टीम गश्त पर थी। सूचना मिली कि शूटर अमन सांपला-बेरी रोड पर आउटर बाईपास पर किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस की गाड़ी जैसे ही चौक पर जाकर रुकी तो अमन ने तीन फायर किए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अमन पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे तुरंत एसटीएफ ने दबोच लिया। एसटीएफ के एएसआई योगराज पंघाल ने बताया कि अमन भाऊ गैंग का शार्प शूटर है। अमन ने तीन साथियों के साथ मिलकर 14 मार्च 2025 को बिलासपुर में कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के आवास पर अंधाधुंध 12 गोलियां चलाई थीं। पूर्व विधायक बच गए थे, लेकिन उनके पीएसओ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद से अमन गिरफ्तारी से बचने के लिए घूम रहा था।



**◆भाऊ गैंग का शार्प शूटर है अमन**

# अरावली में रोक के बाद भी अवैध खनन

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अरावली पहाड़ियों पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि रोक बावजूद भी अवैध खनन चल रहा है। इससे ऐसे हालात बनेंगे, जिन्हें सुधार नहीं सकेंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि खनन रोकने के लिए विशेषज्ञों की एक एक्सपर्ट कमेटी गठित करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से गारंटी ली कि अरावली क्षेत्र में किसी भी तरह का खनन नहीं होने दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### मद्रास हाईकोर्ट ने कहा-लिव-इन में महिला तभी सुरक्षित, जब उसे पत्नी का दर्जा मिले

**एजेंसी, चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिलाओं को सुरक्षा तभी मिलेगी, जब उन्हें पत्नी का दर्जा दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में महिलाओं को वैवाहिक सुरक्षा नहीं मिल पाती इसलिए कोर्ट की जिम्मेदारी बनती है कि महिलाओं को संरक्षण दें। जस्टिस एस श्रीमथी ने यह टिप्पणी एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की। शख्स पर आरोप है कि वह महिला के साथ पहले लिव-इन में रहा। फिर शादी का झूठ वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि पुरुष पहले मॉडर्न बनकर लिव-इन का रिश्ता बनाते हैं। बाद में रिलेशनशिप खराब होने पर महिला के कैरेक्टर पर सवाल उठाते हैं। वे ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि कानून में लिव-इन को लेकर कोई नियम नहीं हैं।

## प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन तालाब में क्रैश दोनों पायलट सुरक्षित

**एजेंसी, प्रयागराज।** प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। पीआरओ डिफेंस विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया, 'माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया।' उन्होंने बताया, 'दोनों पायलटों ने सुझबूझ दिखाते हुए एयरक्राफ्ट को सुनसान इलाके में उतारा, जिससे आम लोगों की जान-माल को नुकसान नहीं हुआ। हादसे की वजह पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है।' हादसा बुधवार दोपहर 12 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ। (अनंत ज्ञान)

# ईरान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स का दूसरा बैच भी भारत लौटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है।

ये विद्यार्थी दुबई और शारजाह के रास्ते एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-996 और एआई-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है। एसोसिएशन ने कहा कि अजरबैजान और मस्कट होकर चलने वाली कनेक्टिंग फ्लाइट्स सहित सिविल एविएशन सेवाएं पहले रद्द होने के कारण कई छात्र समय पर वापस नहीं आ पाए थे। इससे पहले 17 जनवरी को भी भारतीय छात्र ईरान से लौटे थे। बता दें कि ईरान में वहां की करेंसी 'रियाल' के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसंबर, 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# कड़कती ठंड में संस्कृति की गर्माहट, मनाली विंटर कार्निवाल को मिली वैश्विक पहचान

## डॉ. हरनाम ने 1977 में किया था कार्निवाल का आगाज, आज पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्सव

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, मनाली।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में मनाए जाने वाले विंटर कार्निवाल ने आज विश्वभर में अपनी पहचान बनाई है। सर्द हवाओं के बीच जब देशभर की संस्कृति मनाली में अपनी छठा बिखेरती है, तो यहां का माहौल कड़कती ठंड में गर्म हो जाता है।

विंटर कार्निवाल मनाली के इतिहास पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो 1977 में पर्वतारोहण संस्थान के तत्कालीन निदेशक डॉ. हरनाम सिंह ने इस कार्निवाल की शुरुआत की थी। उन्होंने कार्निवाल की शुरुआत इस उद्देश्य को लेकर की थी कि मनाली में विंटर गेम्स को बढ़ावा दिया जा सके। सबसे पहले इस कार्निवाल की शुरुआत सोलंगनाला की स्की ढलानों पर हुई थी और यहां पर विंटर गेम्स का आयोजन किया गया था। इस कार्निवाल का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने किया था।

**◆1998 में राज्य स्तरीय एवं 2011 में मिला राष्ट्रीय दर्जा**

इसके बाद मनुरंगशाला संस्था ने इस प्रयास को सराहा था और विंटर कार्निवाल में जहां दिन के समय सोलंगनाला में विंटर गेम्स का आयोजन होता था, वहीं मनुरंगशाला में सायंकाल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत की गई। धीरे-धीरे इस उत्सव ने पूरे देशभर में नाम कमाया। वर्ष 1977 से लेकर 1984 तक यह सिलसिला चलता रहा और 1985 से लेकर 1992 तक इस कार्यक्रम पर काले बादल छा गए और इस दौरान इसका आयोजन नहीं हो सका। 1994 के बाद फिर से विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया और देशभर के सास्कृतिक दलों को इसमें शामिल किया गया।



विंटर कार्निवाल मनाली में कुल्लवी वेशभूषा में महानाटी डालती 1500 महिलाएं। अनंत ज्ञान

वर्ष 1998 में इस विंटर कार्निवाल को राज्य स्तर का दर्जा मिला और 2011 में इसे राष्ट्रीय स्तरीय का दर्जा मिल गया।

विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की भागीदारी से विंटर कार्निवल में सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विंटर कार्निवाल धूमधाम से मनाया जा रहा है और बेहतरीन प्रशासन इसके लिए बधाई का पात्र है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

### पर्यटन और लोक संस्कृति का अनूठा संगम

**विश्व** प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली का राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल पर्यटन और लोक संस्कृति का एक अनूठा संगम है। हर साल नव वर्ष के आगमन के साथ राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल का आयोजन देश-विदेश के पर्यटकों, स्थानीय व देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाता है। पहले के मुकाबले अब मनाली में पर्यटन उद्योग के अद्भुत विस्तार के साथ ही विंटर कार्निवल के स्वरूप में भी व्यापक विस्तार हुआ है। अब इसमें पर्यटन और लोक संस्कृति के पहलु भी जुड़ चुके हैं और अब यह एक बहुत बड़े सांस्कृतिक आयोजन के साथ-साथ रोमांच से परिपूर्ण साहसिक खेलों के रूप में भी जाना जाता है। कार्निवाल में विंटर क्वीन व वॉयस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता और विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा कुल्लवी महानाटी सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर की संस्कृति से रू-ब-रू होने का अवसर मिलता है।

### मनाली के माल रोड पर मिनी भारत जैसा नजारा

**मनाली** के विंटर कार्निवल के शुभारंभ अवसर पर ढुंगरी के हिडिंबा मंदिर से निकलने वाली स्थानीय महिलाओं और देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों की झांकियों के माध्यम से मनाली के माल रोड पर मिनी भारत जैसा नजारा दिखता है। विंटर कार्निवल के माध्यम से विंटर क्वीन और 'वॉयस आफ कार्निवल' जैसी स्पर्धाएं हिमाचली प्रतिभाओं को बहुत ही अच्छा मंच प्रदान करती हैं। अब विंटर कार्निवल के माध्यम से कुल्लवी लोक संस्कृति का खूब प्रचार-प्रसार हो रहा है। कुल्लू घाटी की संस्कृति और परंपराएं सचमुच पर्यटकों में कौतुहल पैदा कर देती हैं।




# हमेशा विकास को तरसते रहे बजूरी पंचायत के बाशिंदे

***विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।*** *बजूरी ग्राम पंचायत का वजूद अप्रैल माह में होने वाले पंचायत चुनावों में खत्म हो जाएगा। कारण यह है कि यह सारा इलाका अब नगर निगम में शुमार हो गया है, लेकिन इस पंचायत के बाशिंदों को इस बात का मलाल जरूर रहेगा कि शहर के साथ सटी होने के बावजूद उतना विकास नहीं हो पाया जितना होना चाहिए था। अब इस तमाम क्षेत्र के विकास का दारोमदार नगर निगम पर होगा और इसके लिए पहली मर्तबा यहां के लोग अलग तरह की ऊहापोह में है। कारण यह है कि मजदूर तबका मनरेगा को लेकर परेशान है, क्योंकि नगर निगम में उसका अस्तित्व खत्म हो जाएगा और गरीब जो रोजी-रोटी कमा कर अपना परिवार पाल रहे हैं उनके लिए भी दिक्कत यह है कि हाउस टैक्स और अन्य चीजें अब किस रूप को अख्तियार करेंगी। इसी की चर्चा इन दिनों यहां हो रही है। 'अनंत ज्ञान' ने इस क्षेत्र का व्यापक दौरा किया और कई लोगों से बात की...*



## रास्त पक्के करवाए : मीना देवी

**वार्ड** पंच मीना देवी कहती हैं कि जितना हो सका, इस बार काम करवाया है। सड़कें ज्यादा नहीं बनवा पाए, लेकिन रास्ते निश्चित रूप में पक्के करवाए हैं। अब नगर निगम बन गया है। आने वाले समय में पता चलेगा कि इसका क्षेत्र वासियों को फायदा होगा या नुकसान।



## सड़कों का विस्तार हुआ, लेकिन साफ-सफाई की दिक्कत : चौहान

**पंचायत** के सचिव मनोहर चौहान का कहना है कि उन्हें अभी यहां कुछ महीने काम करते हुए हुए हैं, लेकिन इस क्षेत्र में काम तो अच्छे हुए हैं। जिला मुख्यालय के साथ सटी हुई इस पंचायत में सड़कों का भी अच्छा विस्तार हुआ। लेकिन प्रवासी मजदूरों की वजह से यहां साफ सफाई की दिक्कतें निश्चित रूप में रही हैं।

## विकास के लिए किए हर संभव प्रयास : मनोज



**पंचायत** के उपप्रधान मनोज कुमार कानूनगो का कहना था कि पंचायत क्षेत्र में विकास के कामों को करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं। कुछ दिक्कतें जमीन को लेकर रही हैं। जिस कारण ज्यादातर नए क्षेत्र सड़क से नहीं जुड़ पाए। जहां समस्या थी वहां निकाली गई सड़क पक्की नहीं हो पाई, लेकिन अब देखते हैं नगर निगम के तहत यह क्षेत्र आ गया है। उम्मीद यही है कि विकास की पटरी और मजबूत होगी।

## सड़क निर्माण में सहयोग की जरूरत : सतपाल

**ग्रामीण** सतपाल का कहना था कि पंचायत को यदि सहयोग लोगों का नहीं मिलेगा, तो अच्छी सड़कें कैसे बनेंगी? बीमार कोई हो जाए, तो उसे अस्पताल तक पहुंचाएंगे कैसे? इसीलिए यहां के लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। वहीं दुकान पर बैठे विधि चंद कहते हैं कि पंचायत दिलचस्पी लेती तो शायद और ज्यादा सड़क बन सकती थी। एक बार टेंडर हुआ था, काम भी चला, मगर किसी ने रुकवा दिया। उसके बाद अब ज्यों की त्यों इसकी हालत खड़ी है।

## मनरेगा मजदूरों की चिंता : रोजी-रोटी पर संकट

**सामान्य** परिवार से ताल्लुक रखने वाली मीना देवी मनरेगा की मजदूरी करती हैं वे इस्पात से परेशान हैं कि अब पंचायत रहेगी नहीं तो फिर मनरेगा की मजदूरी कहां करेंगे उन्हें रोजी-रोटी की चिंता सता रही है। यही स्थिति एक अन्य मनरेगा मजदूर प्रवीन देवी की है। वह भी कहती हैं कि अब परिवार कैसे पलेगा। पिछले लंबे समय से वे मनरेगा की दिहाड़ी लगातीं हैं और परिवार की गुजर-बसर इसी से चलाती हैं। वहीं राजो देवी का कहना था की यदि मनरेगा बंद हो जाना है, तो फिर यह क्षेत्र नगर निगम में नहीं आना चाहिए। क्योंकि इस पंचायत में बहुत सारे गरीब परिवार हैं, जो मनरेगा के सहारे ही अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। मजदूरी कर रहे गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले विजय कुमार भी इसी तरह परेशान हैं। उनका कहना है कि परिवार का क्या होगा? वह लगभग 20 सालों से मनरेगा के तहत काम कर रहे हैं और इसी पर निर्भर हैं। मनरेगा इस क्षेत्र में बंद नहीं होना चाहिए।



## पिछले पांच सालों में कई दिक्कतें, फिर भी एक करोड़ के काम हुए : सीमा देवी

**ग्राम** पंचायत की प्रधान सीमा देवी कहती हैं कि काम करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन कई दिक्कतें भी रहीं। पिछले 5 सालों में कई सचिव आए और गए। स्थाई तौर पर यदि किसी एक सचिव को यहां काम करने का मौका मिलता, तो शायद काम और ज्यादा होते। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया, इसका मलाल उन्हें जरूर है। इसके बावजूद का क्षेत्र में तकरीबन एक करोड़ के काम करवाए गए हैं। इनमें मनरेगा और एमपी तथा विधायक निधि से भी बहुत सारे काम हुए हैं। जहां-जहां लोगों ने सड़क के लिए जगह दी वहां सड़क का भी निर्माण हुआ गार्बेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर लोगों की नाराजगी शुरू से ही रही है। लेकिन अब नगर निगम इस पर क्या रवैया अपनाएगा, इसका इंतजार रहेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### रिहायशी मकान से 39.78 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर को सूचना मिली कि राजेश कुमार उर्फ राका, वार्ड न0 3 प्रतापनगर, अपने मकान में कुछ लड़कों और एक महिला के साथ चिट्टा की खरीद-फरोख्त और सेवन कर रहा था। मौके पर पुलिस ने तलाशी ली तो कमरे में 3 पुरुष और एक महिला मौजूद पाए गए। तलाशी में कुर्सी पर कपड़ों और चादर से ढके पारदर्शी पोलीथीन लिफाफे में 39.78 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि सभी चारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

### प्रदेश सह-संयोजक रमेश ने की धूमल से की भेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक रमेश रानौत ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिक्षक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों, संगठनात्मक गतिविधियों और भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवीर जंवाल, जिला सह-संयोजक राजेंद्र चंबयाल सहित विजय गौतम, रमेश शर्मा, दलजीत सिंह, बलदेव सिंह, जसवंत सिंह और राजेश कंवर भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. धूमल को शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा जिले और प्रदेश स्तर पर किए जा रहे कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और संगठन विस्तार की जानकारी दी। धूमल ने शिक्षक प्रकोष्ठ की सक्रिय भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं।

### सामाजिक बीमा योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चकमोह में नाबार्ड द्वारा वित्तीय समावेशन निधि से वित्त पोषित वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, ग्राम प्रधान किरण शर्मा और लगभग 70-75 लोग शामिल हुए। शिविर में महिलाओं को स्वयं सहायता समूह संचालन, नकद रहित लेन-देन, जन धन योजना, नेट बैंकिंग, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, मोबाइल बैंकिंग और अन्य सामाजिक बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक ऋण योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, एनिमल हसबेंडरी और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में भी समझाया गया। ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, ओटीपी गोपनीयता और एटीएम/रुपे कार्ड बीमा की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में कांगड़ा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार और प्रबंधक शमशेर राणा उपस्थित रहे।

### धनोटू में होगा हिम लोक संस्कृति महोत्सव

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस पर 25-26 जनवरी को धनोटू में हिम लोक संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को सारेगामा संगीत अकादमी नादौन और वेद धारा ग्लोबल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत, नृत्य, साहित्य और कौशल को जनता तक पहुँचाना है। प्रवक्ताओं अजय डोगरा और मनोज जोशी ने बताया कि यह आयोजन भूली-बिसरी परंपराओं को पुनर्जीवित कर नई पीढ़ी से जोड़ने का प्रयास है। कार्यक्रम में 10-20 वर्ष आयु के बच्चों के लिए संगीत और नृत्य ऑडिशन भी होंगे, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें भविष्य के अवसर प्रदान किए जा सकें।

### चालकों को स्वच्छता सर्वेक्षण की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश शर्मा के निर्देश पर शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को स्थानीय टैक्सी यूनियन कार्यालय में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद ने चालकों को कचरे की सही छंटनी, गीला और सूखा कचरा अलग देने और नगर को स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी बताई। उन्होंने कहा कि जहां-तहां कचरा फेंकने वालों पर 'टोको और रोको' रणनीति लागू होगी। अगले सप्ताह से कूड़ेदान निरीक्षण अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में टैक्सी, एचआरटीसी और निजी बसों के लगभग 70 चालकों ने भाग लिया।

### देश विकास में अहम 'जी राम जी' योजना : विनोद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने कहा कि जी राम जी योजना मोदी सरकार का सपना है, जो भारत को 2047 तक विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह हमेशा जनता के सामने अधूरा ज्ञान पेश करती रही है और कई प्रदेशों में उसका एक भी सीट पर कब्जा नहीं होता। ठाकुर ने बताया कि यह योजना 'विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट 2025' के नाम से जानी जाती है और कानून में नाम बदलना कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल एक दशक में देश का विकास ऐसा किया कि भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि कांग्रेस पिछली छह दशकों में ऐसा नहीं कर पाई।

### उहल में बताए अटल पेंशन योजना के फायदे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की उहल शाखा ने नाबार्ड के सहयोग से गांव उहल में बैंक वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इसमें शाखा प्रबंधक रजनीश ठाकुर तथा बैंक अधिकारी संजीव कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, वाहन ऋण और गृह निर्माण ऋण की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के फायदे भी बताए। अधिकारियों ने ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए प्रेरित किया ताकि वे स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें।

### ग्रामीणों को बताए मनरेगा के अधिकार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत पंचायत स्तरीय जागरूकता अभियान अम्मन पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ने की, जबकि संयोजकता डॉ. चंदन राणा ने निभाई। कार्यक्रम में कांगड़ा एग्रीकल्चर बैंक के चेयरमैन राम चंद्र पठानिया, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अभिनंदन, भोरंज कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। सुमन भारती ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और किसानों की जीवनरेखा है, लेकिन सरकार इसे कमजोर कर रही है। डॉ. चंदन राणा ने इसे गरीबों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की लड़ाई बताया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को मनरेगा से जुड़ी मजदूरी, कार्य दिवस और पारदर्शिता संबंधी जानकारी दी गई।

## बढ़ते बिजली बिलों से नाराज व्यापारी स्मार्ट मीटर लगाने से किया इनकार



एसडीओ को ज्ञापन सौंपते बिझड़ी व्यापार मंडल के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** स्मार्ट विद्युत मीटरों के विरोध में बुधवार को बिझड़ी व्यापार मंडल ने एसडीओ इलेक्ट्रिसिटी कोटला (बिझड़ी) के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने स्मार्ट मीटरों के कारण बढ़ते बिजली बिल, तकनीकी खामियों और पारदर्शिता की कमी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई दुकानदारों के बिजली बिल अनावश्यक रूप से बढ़ सकते हैं, जिससे छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा व व्यापार प्रभावित होगा। व्यापारियों का आरोप है कि कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली के बारे में न तो कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है और न ही उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। बाजार कमेटी के प्रधान रंजीत शर्मा ववी ने कहा कि सिम आधारित ये मीटर आम व्यक्ति के लिए संचालित करना कठिन हैं और इनमें कई तकनीकी खामियां हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारी अपने घरों व दुकानों में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

एसडीओ इलेक्ट्रिसिटी कोटला यशन भारद्वाज ने व्यापारियों की समस्याएं सुनते हुए ज्ञापन को उच्च अधिकारियों व मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## सीबीएसई स्कूलों में लाइब्रेरियन के पदों को भरने की उठाई मांग

◆ **बेरोजगार लाइब्रेरियन संघ ने सीएम को भेजा मांग पत्र**

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत 118 दस जमा दो स्कूलों में सीबीएसई शिक्षा प्रणाली को वर्ष 2026-27 के लिए लागू करने का महत्पपूर्ण निर्णय लिया है। जिसके चलते हिमाचल प्रदेश के छात्र छात्राओं को पूरे देश में एक जैसा पाठ्यक्रम पढ़ने को मिलेगा। छात्रों के लिए यह प्रदेश सरकार का किसी तोहफे से कम नहीं है। इससे प्रदेश के छात्र हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ नए चयनित किए गए स्कूलों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

प्रदेश शिक्षा विभाग ने हाल ही में इन स्कूलों में टीचिंग व नॉन टीचिंग के पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन इन स्कूलों में लाइब्रेरियन या सहायक लाइब्रेरियन के पदों को भरने के लिए इसमें कोई जिक्र नहीं किया गया है। इसको लेकर बेरोजगार लाइब्रेरियन संघ के अध्यक्ष कार्तिकेय साई व सदस्यों में अजय शर्मा, यामिनी वर्मा, सूर्या शर्मा, मुस्कान वर्मा, अक्षय कुमार, भूमिका गर्ग, शुभम चौहान, अभिषेक पंडित, ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि टीचिंग और नॉन टीचिंग के पदों को भरने का निर्णय तो मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया है,लेकिन पुस्तकालय की व्यवस्था तो की है लेकिन पुस्तकालय अध्यक्ष या सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष के पदों को सीबीएसई पैटर्न के आधार पर पदों को भरने का कोई निर्णय नहीं लिया है। इसी अनदेखी को लेकर बेरोजगार लाईब्रेरियन संघ ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किया है जिसमें सहायक लाईब्रेरियन व लाईब्रेरियन के पदों को भरने का आग्रह किया है। संघ के अध्यक्ष कार्तिकेय साई ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 1868 स्कूलों में कलस्टर सिस्टम प्रणाल हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की कार्य कर रही है। इन सभी स्कूलों में पुस्तकालयों की व्यवस्था पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। प्रदेश के चार स्कूलों को छोड़कर किसी भी स्कूल में लाईब्रेरियन नहीं है।

## बालिकाएं देश की महत्वपूर्ण संपत्ति : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में एसडीएम स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। इसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की कार्यवाहक समिति, अनुश्रवण समिति और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। एसडीएम ने कहा कि बालिकाएं देश की महत्वपूर्ण संपत्ति हैं और उनके सुरक्षा, शिक्षा व सशक्तिकरण के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में बेटियों के सम्मान, कम लिंगानुपात वाली पंचायतों में कैंप, किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण और लैंगिक समानता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती माताओं व धात्री माताओं को पोषाहार कार्यक्रम के माध्यम से लाभ पहुंचाने और अन्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्यादान, शगुन, विधवा पुनर्विवाह, महिला स्वयं रोजगार और सुख आश्रय योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में खंड विकास अधिकारी, शिक्षा और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सहकार भारती का स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में दी सोहारी सहकारी सभा में सहकार भारती का स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। उन्होंने बताया कि सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1978 को पुणे में लक्ष्मण राव ईनामदार द्वारा की गई थी। यह एक अखिल भारतीय संगठन है, जिसमें महिला, युवा, स्वयं सहायता समूह और लघु उद्योग जैसे विभिन्न पकोष्ठ सक्रिय हैं। सहकारिता और समाजिक उत्थान के लिए योगदान देशराज शर्मा ने कहा कि सहकार भारती प्रशिक्षण शिविर, सेमीनार और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सहकारी कानूनों में सुधार की वकालत करता है। संगठन का उद्देश्य 'संस्कारों से सशक्त सहकार और सहकार से सशक्त समाज' का निर्माण करना है। इस अवसर पर जिला संगठन प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, महामंत्री वीरेंद्र शर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पंगा में तेंदुए का आतंक, कुत्ते को बनाया शिकार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी पंचायत के पंगा और शेरां दे बड़ क्षेत्र में दिन दहाड़े तेंदुए के दिखाई देने से लोग दहशत में हैं। कुछ दिन पहले इस तेंदुए ने पंगा गांव में एक कुत्ते को मार डाला। सोशल मीडिया पर तेंदुए की फोटो और कोहला-पैरवीं-समैला में टहलते हुए वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पैरवीं कोहला में पिंजरा लगाया, लेकिन वह अभी तक पकड़ में नहीं आया। आज स्थानीय लोगों और वन विभाग की टीम पंगा गांव में तेंदुए को खदेड़ने के लिए रेकी कर रही है और पटाखों का उपयोग कर रही है। रेंज ऑफिसर विनोद राणा ने कहा कि इलाके की रेकी और पिंजरा आगामी समय में लगाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने, रात में अकेले न निकलने और तेंदुआ दिखाई देने पर तुरंत सूचना देने की अपील की।

### लक्की ने जीता लखदाता पीर लज्याणी दंगल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज में क्षेत्र की पारंपरिक धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा के तहत जय लखदाता पीर लज्याणी दंगल का इस वर्ष भी उत्साह और श्रद्धा के साथ भव्य आयोजन किया गया। दंगल में दूर-दराज क्षेत्रों से आए नामी पहलवानों ने हिस्सा लिया और मुकाबलों का रोमांच दर्शकों को लुभाता रहा। फाइनल मुकाबले में लक्की (दिम्मी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि पिन्टू (सरकाघाट) उपविजेता रहे। आयोजन समिति ने विजेता और उपविजेता को सम्मानित किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के लिए इस तरह के आयोजनों को जरूरी बताया। आयोजन में हेम राज, विक्रम सिंह, मान चन्द, सुनील कुमार और अन्य स्थानीय युवाओं का योगदान सराहा गया।

### सफलता की कुंजी है सशक्त व्यक्तित्व: सुमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैली जजरी में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने और उन्हें वैश्विक मंच के लिए तैयार करने हेतु एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षाविद सुमन प्रजापति ने बताया कि व्यक्तित्व विकास निरंतर अभ्यास है और इसमें बोलने की कला के साथ सुनने, समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता शामिल होती है। प्रजापति ने कहा कि अच्छा व्यक्तित्व व्यक्तिगत जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक संबंध बढ़ाता है, जबकि पेशेवर जीवन में नेतृत्व और वैश्विक स्वीकार्यता दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को 'लोकल से ग्लोबल' सोच अपनाने और आधुनिक कौशलों के साथ संस्कारों का संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य राजपाल भारद्वाज ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### डाट अधिकारियों ने छात्र सहभागिता और परियोजनाओं की समीक्षा की

## एनआईटी में किया 5जी यूज केस लैब का दौरा

अनंत ज्ञान



छात्र सहभागिता और परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** अतिरिक्त महानिदेशक दूरसंचार सह सलाहकार, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए), दूरसंचार विभाग (डाट) ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर की 5जी यूज़ केस लैब का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ संदीप आर्य, उप महानिदेशक (प्रौद्योगिकी) और रमेश कुमार, सहायक निदेशक (प्रौद्योगिकी) भी उपस्थित रहे।

दौरे के दौरान डाट अधिकारियों ने लैब की उपयोगिता, प्रगति और चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ संवाद करते हुए 5जी पारिस्थितिकी तंत्र के तहत संचालित तकनीकी अवसंरचना और शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। 5जी यूज़ केस लैब्स को देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचार केंद्रों के रूप में स्थापित किया गया है, ताकि 5जी आधारित अनुप्रयोगों और समाधानों के लिए प्रयोग, परीक्षण और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एच.एम. सूर्यवंशी के साथ अनौपचारिक बैठक में डाट प्रतिनिधिमंडल ने दूरसंचार विभाग की नागरिक-केंद्रित पहलों और उभरती प्रौद्योगिकियों के तेजी से अपनाने के लिए सरकार, शिक्षाविदों, स्टार्टअप्स और युवाओं के बीच सहयोग सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

अतिरिक्त महानिदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 5जी यूज़ केस लैब्स का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों और शैक्षणिक समुदाय के बीच 5जी तकनीकों में दक्षता और सहभागिता को विकसित करना है। ये लैब्स स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को वास्तविक 5जी वातावरण में परियोजनाएं करने का अवसर प्रदान करती हैं और संस्थान के आसपास के स्टार्टअप्स, एमएसएमई और अन्य कंपनियों के लिए भी सुलभ हैं।

डाट अधिकारियों ने संचार मित्रों से भी संवाद किया, जो छात्र स्वयंसेवक के रूप में दूरसंचार जागरूकता, डिजिटल साक्षरता और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देते हैं। अधिकारियों ने उन्हें संचार साथी पोर्टल और उसकी प्रमुख सुविधाओं, जैसे मोबाइल ट्रैकिंग, अनधिकृत कनेक्शन की निगरानी और दूरसंचार धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के बारे में जानकारी दी।

प्रो. सूर्यवंशी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि 5जी यूज़ केस लैब छात्रों और शोधकर्ताओं को अत्याधुनिक तकनीकों पर कार्य करने तथा राष्ट्रीय डिजिटल पहलों में योगदान देने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करती है।

## तहसीलदार और नायब तहसीलदार के अभाव में ढटवाल कार्यालय खाली

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** ढटवाल स्थित बिझड़ी तहसील कार्यालय में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति के चलते आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले लगभग दो सप्ताह से तहसीलदार बिझड़ी छुट्टी पर हैं, जबकि नायब तहसीलदार का स्थानांतरण करीब एक माह पहले हो चुका है, लेकिन अब तक पद नहीं भरा गया। तहसील कार्यालय में आने वाले लोगों को प्रमाण पत्र, शपथ पत्र और अन्य दस्तावेजों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। सूचना पट्ट पर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। बीते 10 दिनों में नायब तहसीलदार भोटा और बड़सर केवल कुछ घंटों के लिए ही कार्यालय आए, शेष दिनों ग्रामीण इंतजार करते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पटवारी भर्ती फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर नहीं बन पाए, जिससे अंतिम तिथि निकल गई। लोगों ने इसे मुख्यमंत्री के गृह जिले में प्रशासनिक लापरवाही बताया। इस संदर्भ में एसडीएम बड़सर स्वाति डोगरा ने कहा कि तहसीलदार की ड्यूटी अस्थायी रूप से लगाई गई है और मामले की जांच की जाएगी।

## भरेड़ी-जाहू वाया भौर मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बहाल

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी-जाहू वाया भौर मार्ग पर पुली क्षतिग्रस्त होने से परेशान वाहन चालकों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य पूर्ण करने के बाद अब यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी गई है।

गौरतलब है कि 29 दिसंबर को मार्ग पर स्थित पुली का स्लैब पड़ने के कारण यह सड़क पूरी तरह बंद हो गई थी। इसके चलते चार पहिया व अन्य वाहनों को लंबे वैकल्पिक मार्गों से होकर गुजरना पड़ रहा था। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को अस्पताल, स्कूल, बाजार व अन्य दैनिक आवश्यक कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने और समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आया। विभागीय अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर तत्काल अस्थायी समाधान तैयार किया, जिससे मार्ग को चरणबद्ध तरीके से बहाल किया जा सका।

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि पुली पर मरम्मत कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसके बाद सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए अब सड़क को दोपहिया, कार सहित सभी वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

**कार्यक्रम** डीएवी भड़ोली में नौनिहालों के लिए वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे किए सम्मानित

अनंत ज्ञान



डीएवी भड़ोली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता बच्चे और अन्य। अनंत ज्ञान

**शशि सोनल, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान के साथ हुआ।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर खेल ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के वाइस चेयरमैन डॉ ओपी सोंधी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होती हैं तथा उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करती हैं। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी एवं एलकेजी के विद्यार्थियों के लिए रिंग ऑब्सटेकल रेस, कोन रेस, आइसक्रीम रेस, रेडी टू स्कूल और वैक रेस आयोजित की गईं, वहीं कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए हैडल रेस एवं 100 मीटर दौड़ कराई गई।

कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर एवं टग ऑफ वार जैसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी लिली लड़के और लड़कियों के वर्ग में आरुषि व विवान, वैदिका व शौर्य तथा यातिका व अयान और नर्सरी लोटस में युक्ति व शिवांश, तृशिका व अथर्व तथा आध्या व अक्षत ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। एलकेजी लिली में अनन्या शर्मा व रुद्रांश, अयांशी व हार्दिक तथा अनवी शर्मा व अथर्व शर्मा, एलकेजी लोटस में शनाया व दिव्यांश चौधरी, अवनी व रुद्राक्ष परमार तथा अविका व वेदांश शर्मा ने और एलकेजी रोज में अवनी व अयांश कुमार, यारा हुसैन व अनिरुद्ध तथा अन्वी ठाकुर व आरव शर्मा, यूकेजी लिली में सान्वी धीमान व शौर्य ठाकुर, शिवप्रिया व अथर्व ठाकुर तथा नायरा ठाकुर व अक्ष्मित ठाकुर ने ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पीएमजीएसवाई-4 से हिमाचल को 2247 करोड़ की सौगात : विक्रमादित्य

## कहा-सैकड़ों गांव सीधे सड़क से जुड़ेंगे, ग्रामीण विकास को मिलेगी नई रफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चरण-4 के तहत राज्य को भारत सरकार से 2247.24 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इस राशि से प्रदेश में 1538.608 किलोमीटर लंबाई की 294 नई ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों के जरिए 250 से अधिक ग्रामीण बस्तियों को सर्व-मौसम संपर्क मिलेगा, जबकि 429 ऐसी बसाहटें, जो अब तक पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाई थीं, पहली बार मुख्यधारा से जुड़ेंगी। यह स्वीकृति पहाड़ी राज्य में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार यह उपलब्धि हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच हुई बैठक के बाद सामने आई है। बैठक में राज्य के लंबित सड़क प्रस्तावों, डोडरा-क्वार क्षेत्र के अधूरे पैकेजों और केंद्र से बकाया राशि के मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया था, जिस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए केंद्र ने सहयोग का भरोसा दिया था।

नई सड़कों के निर्माण से पर्वतीय और दूरदराज़ इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि मंडियों और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होगी। जनजातीय और सीमांत क्षेत्रों में यह सड़कें आपदा प्रबंधन, आपात स्वास्थ्य सेवाओं और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को भी अधिक सुचारु बनाएंगी, जिससे प्रदेश की आपदा-सहनशीलता को मजबूती मिलेगी।



### विभाग समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध

**इस** संबंध में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसे हिमाचल के ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि सड़कें पहाड़ी राज्य में विकास की जीवनरेखा हैं और विभाग इन परियोजनाओं को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शी निविदा प्रक्रिया और स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दे रही है।

- दिल्ली बैठक का सकारात्मक परिणाम
- दुर्गम क्षेत्रों तक होगी सीधी पहुंच, जनजातीय इलाकों में बदलाव की उम्मीद
- तेजी से अमल पर सरकार का फोकस

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार आज मंडी के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार 22 जनवरी को मंडी प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात नव नियुक्त जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद ग्रहण कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। विनय कुमार 22 जनवरी को सुबह 8 बजे शिमला से मंडी के लिए रवाना होंगे। उसी दिन रात्रि विश्राम चंडीगढ़ स्थित हिमाचल भवन में रहेगा। 23 जनवरी को वह सुबह चंडीगढ़ से संगड़ाह के लिए प्रस्थान करेंगे और श्रीरेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लुधियाना में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान में भाग लेंगे। इसके बाद लुधियाना पंचायत द्वारा आयोजित बालेश्वर क्रिकेट कप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दिन उनका रात्रि विश्राम थाना खेगवा में रहेगा। 24 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार शिमला वापस लौट आएंगे।

# जनता से ही निकलती है शासन की शक्ति : पठानिया

## 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में बोले विधानसभा अध्यक्ष

अनंत ज्ञान



सम्मेलन को संबोधित करते विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन से पूर्व 'जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही' विषय पर बोलते हुए हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च है और शासन की समस्त शक्तियां जनता से ही निकलती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका, तीनों स्तंभ जनता के प्रति उत्तरदायी हैं, किंतु विधायिका का स्थान विशेष इसलिए है क्योंकि यही संस्था जनता का प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व करती है। जनता की अपेक्षाओं और हितों के अनुरूप कानून निर्माण, नीति निर्धारण और सरकार पर प्रभावी नियंत्रण लोकतंत्र की मजबूती की कसौटी है, इससे विमुखता लोकतंत्र को केवल नाममात्र बना देती है।

अपने संबोधन में पठानिया ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा की गरिमामयी परंपराओं का उल्लेख करते हुए बताया कि देश के प्रथम निर्वाचित पीठासीन अधिकारी विठ्ठलभाई पटेल का चुनाव इसी ऐतिहासिक भवन में हुआ था, जबकि फ्रेडरिक व्हाइट पहले नामांकित चेयरमैन रहे। उन्होंने कहा कि सदन की बैठकों की संख्या और कार्य-उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में हिमाचल ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके साथ ही, विधानमंडलों की आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण पर बल देते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा की व्यवस्थाओं की सराहना की और शिमला तथा धर्मशाला में भी इसी तरह के विकास के प्रयासों की बात कही।

### कुलदीप पठानिया ने सीएम योगी से की भेंट

**समापन** समारोह में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, राज्य सभा उपसभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विचार रखे। विधान परिषद अध्यक्ष कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व लोक सभा अध्यक्ष द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पठानिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आत्मीय भेंट कर हिमाचल प्रदेश के पर्यटन पर चर्चा की और लोक सभा अध्यक्ष को हिमाचली अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# शोंगटोंग जल विद्युत परियोजना में रिवर डायवर्जन का कार्य पूरा

अनंत ज्ञान

- दिसंबर 2026 तक एक यूनिट चालू करने का लक्ष्य
- लिप्पा परियोजना में तेजी लाने के निर्देश

**ब्यूरो, शिमला।** राजस्व एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के तहत चल रही विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने 450 मेगावॉट की शोंगटोंग-कड़छम जल विद्युत परियोजना की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

अधिकारियों ने बताया कि परियोजना का रिवर डायवर्जन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैराज का कार्य 56.83 प्रतिशत तथा फीडर टनल का कार्य 81.91 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसके अलावा परियोजना में हाइड्रो-मैकेनिकल कार्य भी शुरू कर दिए गए हैं। पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी दी कि परियोजना की पहली यूनिट को दिसंबर 2026 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस दिशा में कार्यों में तेजी लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत तीन वर्टिकल प्रेशर शाफ्ट की वाइडनिंग का कार्य तथा पावर हाउस की यूनिट-एक से संबंधित सिविल कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। शेष कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए मानव संसाधन और तकनीकी सहयोग को और मजबूत किया जा रहा है।

मंत्री जगत सिंह नेगी ने शोंगटोंग परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने लिप्पा जल विद्युत परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं के कार्यों में भी तेजी लाने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और राजस्व बढ़ाने के लिए इन परियोजनाओं का समयबद्ध पूरा होना अत्यंत आवश्यक है।

# 31 मार्च तक दें भूमि का ब्यौरा: जगत सिंह नेगी

## जिलों में विभागों संग होंगी समन्वय बैठकें, गूगल स्प्रेडशीट से एकत्र होगा खाली-अनुपयोगी भूमि का डेटा

अनंत ज्ञान



मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजस्व एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में शिमला में मंत्रिमंडलीय उप-समिति की तीसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक के दौरान बताया गया कि राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न विभागों को पूर्व में हस्तांतरित की गई भूमि और उसके वास्तविक उपयोग में अंतर पाया गया है।

बैठक में अवगत कराया गया कि वर्ष 2016 से अब तक कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, गृह, न्यायपालिका, उद्योग, ऊर्जा, पर्यटन सहित अनेक विभागों को बड़ी मात्रा में भूमि हस्तांतरित की जा चुकी है। राजस्व मंत्री ने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिलों में सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर 31 मार्च, 2026 तक भूमि का समग्र ब्यौरा एकत्र करें।

इसके लिए एक साझा गूगल स्प्रेडशीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें उपयोग में न लाई गई और खाली पड़ी भूमि का विवरण दर्ज किया जाएगा। बैठक में राजस्व लोक अदालतों से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। राजस्व मंत्री ने संशोधित हिमाचल भू-सुधार अधिनियम, 1954 की धारा-123 के तहत नायब तहसीलदार और तहसीलदारों को छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं निशानदेही के मामलों के लिए दो माह और दुरुस्ती के मामलों के लिए तीन माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

## लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री कल सनोग में रखेंगे पंचायत घर की आधारशिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 23 जनवरी को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सनोग प्रवास पर रहेंगे, जहां वह प्रातः 11.45 बजे ग्राम पंचायत सनोग में ग्राम पंचायत सांगटी-सनोग के नए पंचायत घर की आधारशिला रखेंगे और इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है।

# कांग्रेस ने 1500 रुपए के वादे पर 28 लाख महिलाओं को ठगा : डेजी ठाकुर

अनंत ज्ञान

- झूठ के सहारे सत्ता में आई अब महिलाओं के साथ हो रहा भेदभाव

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने मनाली विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे सत्ता में आई और उसने हिमाचल प्रदेश की 28 लाख महिलाओं के साथ ऐतिहासिक धोखा किया है। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बिना किसी शर्त हर महिला को हर माह 1500 रुपये देने की गारंटी दी थी, लेकिन सत्ता में आते ही यह वादा गायब हो गया। आज सरकार केवल सीमित संख्या में महिलाओं को लाभ देने की बात कर रही है, जो खुलेआम भेदभाव और विश्वासघात है।

डेजी ठाकुर ने कहा कि सरकार बने लगभग तीन वर्ष हो चुके हैं, फिर भी महिलाएं अपने अधिकार के लिए हिसाब मांग रही हैं। चुनाव के समय बिना शर्त योजना की बात थी, जबकि अब शर्तें गिनाई जा रही हैं, जो कांग्रेस की दोहरी नीति को उजागर करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के प्रति सरकार पर 1500 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी बन चुकी है।

### मनरेगा को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम

**मनरेगा** को लेकर दिए गए बयानों पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भ्रम फैला रही है, जबकि भाजपा ने योजनाओं को पारदर्शिता के साथ मजबूत किया है। भाजपा महिला मोर्चा ने चेतावनी दी कि महिलाओं के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से निर्णायक जवाब दिया जाएगा।

# जुब्बल-नावर-कोटखाई में कांग्रेस को मिली मजबूती

## चार लोगों ने शिक्षा मंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर थामा कांग्रेस का हाथ

अनंत ज्ञान



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत थरोला के पुजैई गांव से सुरेश रतनैईक व सुरेश नेगी, नावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुठाड़ी से सतीश चौहान व ग्राम पंचायत फरोग से रजत चोपड़ा ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी नव-शामिल सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने नव-शामिल साथियों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान, जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई ने सतीश चौहान, रजत चोपड़ा, सुरेश रतनैईक और सुरेश नेगी का कांग्रेस परिवार में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

### संगठनात्मक एकजुटता व जनसेवा को बताया प्रेरणास्रोत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक बागड़ा में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक रोहित ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका को सराहा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई के कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेशभर में अपनी मेहनत, अनुशासन और जिम्मेदार कार्यशैली के लिए अलग पहचान रखते हैं। संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनसेवा के कार्यों में इन कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है। रोहित ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र को एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर और सुनियोजित प्रयास किए गए हैं।

# मनरेगा से छेड़छाड़ गरीबों के हक पर सीधा हमला: रोहित

अनंत ज्ञान

- मनरेगा से गांधी का नाम हटाना ऐतिहासिक अपमान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत आयोजित रोष रैली और जनसभा ने क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और रोज़गार के अधिकार को लेकर गहरी चिंता और दृढ़ संकल्प का पैग़ाम दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, महिला कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, किसान कांग्रेस और युवा कांग्रेस के प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी ने आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया।

सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के नाम में परिवर्तन करना केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार और उनके नाम से जुड़े मानवीय मूल्यों का सीधा अपमान है। उन्होंने कहा कि यह कदम उस योजना की आत्मा को कमजोर करने की कोशिश है, जिसने ग्रामीण भारत को काम का अधिकार और सम्मान दिया। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा की नीतियां योजनाबद्ध ढंग से ग्रामीण गरीबों, मेहनतकश मजदूरों और असहाय वर्गों को हाशिये पर धकेल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रोज़गार के अधिकार को कमजोर कर उसे अनुग्रह में बदलने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है।

शिक्षा मंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की कि वे ऐसे जनविरोधी फैसलों के विरुद्ध एकजुट होकर शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीब, मजदूर और असहाय वर्ग के अधिकारों की हिफ़ाज़त की है और आगे भी इस लड़ाई में पूरी ताकत से डटी रहेगी।

# नाथपा-झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन ने दूसरी सबसे तीव्र 7000 मिलियन यूनिट ऊर्जा के उत्पादन का कीर्तिमान किया हासिल

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** देश की सबसे बड़ी भूमिगत जल विद्युत परियोजना, एसजेवीएन के नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन ने ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। एनजेएचपीएस ने 7000 मिलियन यूनिट (एमयू) विद्युत उत्पादन का आंकड़ा पार कर परियोजना के इतिहास में दूसरी सबसे तीव्र गति से 7000 एमयू ऊर्जा उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के साथ ही एनजेएचपीएस ने 26 जनवरी, 2025 को बनाए गए अपने ही पूर्ववर्ती दूसरे सबसे तेज़ 7000 एमयू उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

उल्लेखनीय है कि नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन द्वारा सबसे तेज़ 7000 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पादन का रिकॉर्ड 04 जनवरी, 2012 को स्थापित किया गया था, जो परियोजना के अब तक के सर्वाधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन वर्ष के दौरान प्राप्त हुआ था। यह उपलब्धि नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन की उच्च तकनीकी दक्षता, सुदृढ़ संचालन एवं अनुरक्षण प्रणाली तथा सभी विभागों के उत्कृष्ट समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

इस अवसर पर एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कीर्तिमान एनजेएचपीएस टीम की प्रतिबद्धता, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्य-निष्ठा एवं परिणामोन्मुख दृष्टिकोण के साथ संगठन निरंतर नई ऊंचाइयां प्राप्त करता रहेगा। निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन अजय कुमार शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता संगठन की सामूहिक क्षमता, प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन तथा विभिन्न विभागों के बेहतरीन तालमेल का परिणाम है। परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मार्गदर्शन एवं निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (कार्मिक), भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



### नाथपा टीम के समर्पण व अथक प्रयास की सराहना

**उन्होंने** इस सफलता को टीम भावना का परिणाम बताते हुए ओ एंड एम, पावर हाउस तथा नाथपा टीम के समर्पण और अथक प्रयासों की विशेष सराहना की तथा इस उपलब्धि में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी हितधारकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कौल सिंह नेगी ने एचपीएमसी संकट पर सरकार को जगाया



भाजपा नेता कौल सिंह नेगी पत्रकार वार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के सेब बागवानों को एचपीएमसी में खाद-टीएसओ की कमी से परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन भाजपा नेता कौल सिंह नेगी ने पत्रकार वार्ता में उनकी आवाज बुलंद कर दी। उन्होंने सरकार से तत्काल समाधान की मांग की, जिससे बागवानों में उम्मीद जगी है।

कौल सिंह ने बताया कि एचपीएमसी ने सवा दो लाख सेब बोरियां खरीदीं (मूल्य 7 करोड़), लेकिन 50 लाख बकाया हैं। रामपुर की सालाना 1 लाख लीटर टी.एस.ओ. खपत के विरुद्ध सिर्फ 3 हजार उपलब्ध। खाद टेंडर लटके हैं। कुल्लू निरमंड को आपूर्ति से स्थानीय कमी बढ़ी। बागवान जनवरी-फरवरी में इनकी जरूरत बताते हैं। कौल सिंह ने याद दिलाया-पहले दिसम्बर तक सामग्री मिल जाती थी। ओलावृष्टि नुकसान के बाद भी भुगतान लेट। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या न सुलझी तो भाजपा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

## शिमला में तीन जगह हेरोइन व चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में नशा तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई में तीन जगह हेरोइन और चरस बरामद हुए हैं। पहला मामला ठियोग थाना क्षेत्र का है। पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग 05 के पास देव भूमि कोल्ड स्टोर के पास एक सफेद रंग की कार खड़ी होने की सूचना मिली। वाहन में बैठे राजत चौहान निवासी गांव शोवा और पवन निवासी दत्तनगर हेरोइन की खरीद-बिक्री में संलिप्त थे। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली और 4.570 ग्राम हेरोइन बरामद की। दोनों आरोपियों को मौके पर ही बांड पर छोड़ा गया। दूसरा मामला ठियोग के ही फागू क्षेत्र का है। राष्ट्रीय राजमार्ग 05 के पास सिया राम सिद्ध ढाबा के पास खड़े टिपर की तलाशी के दौरान इसके मालिक संदीप वर्मा निवासी गांव नगोधर के कब्जे से 2.44 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी को नोटिस देकर छोड़ दिया गया। तीसरा मामला रोहड़ू थाना क्षेत्र का है। 20 जनवरी को शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भामनोली केंची में छापेमारी की। इस दौरान विनय कुमार निवासी गांव भूथ, तहसील रोहड़ू के पास से 238 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी ।

## समग्र शिक्षा का सशक्त प्रयास | ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 3 चरणों में हुआ मूल्यांकन

# पहली से तीसरी कक्षा तक हुआ एफएलएन सर्वे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत करने की दिशा में समग्र शिक्षा ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली, दूसरी और तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का राज्यव्यापी आकलन पूरा कर लिया है। यह प्रक्रिया शिक्षा व्यवस्था में किए गए सुधारों के वास्तविक प्रभाव को परखने और भविष्य की रणनीति तय करने के उद्देश्य से कराई गई।

जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में यह आकलन प्रदेश के 6714 ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले सरकारी स्कूलों में कराया गया, जहां वर्तमान में शिक्षण कार्य संचालित हो रहा है। पहली कक्षा के विद्यार्थियों का प्रारंभिक स्तर आकलन जबकि दूसरी और तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का अंतिम स्तर आकलन किया गया। शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में यह प्रक्रिया फरवरी माह में स्कूल खुलने के बाद कराई जाएगी।





प्राथमिक विद्यालय में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान आकलन के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियां। अनंत ज्ञान

प्रदेश में निपुण भारत मिशन के तहत तीन से आठ वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में भाषा और संख्या की बुनियादी समझ विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अक्टूबर 2024 में कराए गए प्रारंभिक सर्वे के आधार पर शिक्षण सुधार के लिए विशेष कदम उठाए गए थे। हालिया आकलन से यह स्पष्ट होगा कि इन प्रयासों से बच्चों के सीखने के स्तर में कितना सुधार हुआ है।

समग्र शिक्षा की ओर से 19 से 21 जनवरी तक यह आकलन चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया गया। 19 जनवरी को पहली कक्षा का प्रारंभिक स्तर आकलन, 20 जनवरी को दूसरी कक्षा का अंतिम स्तर आकलन और 21 जनवरी को तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों का अंतिम स्तर आकलन किया गया। इसके लिए विशेष रूप से तैयार उपकरणों का उपयोग किया गया।

आकलन के दौरान बच्चों की हिंदी, अंग्रेजी और संख्या संबंधी समझ का मौखिक और लिखित परीक्षण किया गया। इसके साथ ही उनके शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास का भी आकलन किया गया, ताकि शिक्षा को समग्र दृष्टिकोण से बेहतर बनाया जा सके।

### डाटा विश्लेषण से तय होगी आगे की योजना

**इस** आकलन का संपूर्ण डाटा विद्या समीक्षा केंद्र के डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे राज्य स्तर पर शिक्षा विभाग द्वारा विश्लेषण किया जा सके। परिणाम अभिभावकों के साथ भी साझा किए जाएंगे और आवश्यकता के अनुसार स्कूल व राज्य स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। समग्र शिक्षा में निपुण भारत मिशन की समन्वयक डॉ. मंजुला शर्मा के अनुसार, इन निष्कर्षों के आधार पर बच्चों के एफएलएन स्तर को और सुदृढ़ करने की रणनीति तैयार की जाएगी।

# मधुमक्खी पालन : शहद के अलावा और भी हैं आजीविका के साधन

## जिम के बाद प्रोटीन की जरूरत को पूरा करता है पोलन ग्रेन, परागण के जरिए फसलों की बढ़ती 20 से 25 फीसदी पैदावार

अनंत ज्ञान




**राजेश कुमार, धर्मशाला।** मधुमक्खियों का मुख्य कार्य परागण करना है, जिससे फसलों की 20 से 25 फीसदी फसलों की वद्धि होती है। मधुमक्खी पालन न केवल शहद, बल्कि अन्य कई आजीविका के साधन भी उपलब्ध करवा रहा है। वर्तमान में युवाओं में जिम का क्रेज देखा जा रहा है, ऐसे में जिम करने के बाद प्रोटीन की जरूरत रहती है, जिसे मधुमक्खियों का पोलन ग्रेन पूरा कर सकता है।

मधुमक्खी का पोलन ग्रेन, फूलों से मधुमक्खियों द्वारा इकट्ठा किया गया पराग और फूलों का रस तथा उनके लार का मिश्रण होता है, जिसे वे छत्ते में भोजन के रूप में जमा करती हैं, यह प्रोटीन, विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर एक प्राकृतिक सुपरफूड है, जो मधुमक्खी कॉलोनी और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है। गौरतलब है कि मधुमक्खी पालन से शहद के अलावा मोम, पराग, रॉयल जेली, प्रोपोलिस और मधुमक्खी का डंक जैसे मूल्यवान उत्पाद मिलते हैं, जो औषधीय और व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। साथ ही, परागण के जरिए फसलों की 20 से 25 फीसदी पैदावार बढ़ती है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है और यह पर्यावरण व मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है।

### छह जिलों में 800 मधुमक्खी बॉक्स: डॉ. निशा



**एसएमएस** एपिकल्चर नार्थ जोन कांगड़ा डॉ. निशा मेहरा ने बताया कि छह जिलों कांगड़ा, चंबा, ऊना, हमीरपुर, कुल्लू, लाहौल में मधुमक्खी पालन किया जाता है, जिनमें विभाग के तहत सरकारी 800 बॉक्स हैं। मधुमक्खी पालक सीजन के साथ शहद एकत्रित करके चैतड़ू कलेक्शन सेंटर में भेजते हैं और यहां पर शहद को प्रोसेस किया जाता है। निजी स्तर पर मधुमक्खी पालन करने वाले 8 रुपए प्रति किलो के हिसाब से अपना शहद प्रोसेस करवा सकते हैं। प्रोसेस्ड शहद को 320 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाता है, जबकि यहां पर अन प्रोसेसड शहद 200 से 250 रुपए प्रति किलो भी बेचा जाता है।

### वार्षिक होता है 800 मीट्रिक टन शहद उत्पादन

**मधुपालक** लगभग 20 किलो शहद वार्षिक एक बाक्स से निकाल लेते हैं, जिसका मूल्य लगभग 3 हजार रुपए होता है। कांगड़ा, चंबा, ऊना, हमीरपुर, कुल्लू और लाहौल में लगभग 2500 मौन पालक हैं, जिनके पास लगभग 60 हजार मौन वंश है, जिनसे 800 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन वार्षिक होता है। इसके अलावा पोलेन, वैक्स भी निकलते हैं, जो कि अच्छे दाम पर बिकता है।

### सब्सिडी का भी है प्रावधान

डॉ. निशा ने बताया कि यदि किसी ने अपनी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करनी हो तो उसे भी 50 फीसदी सब्सिडी दी जाती है। मधुमक्खी पालन के लिए 5 से 7 दिन की ट्रेनिंग करवाई जाती है। इसमें मधुमक्खियों की देखरेख, बीमारियों से बचाने सहित शहद निकालने तक की जानकारी दी जाती है। गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मधु विकास योजना के तहत मधुमक्खी पालन करने वालों को सब्सिडाइज्ड भी किया जाता है। किसी ने मधुमक्खियों के 50 बाक्स रखे हों तो उन्हें 1.76 लाख रुपए सब्सिडी और मधुमक्खियों को माइग्रेशन पर 5-5 हजार रुपए आने और जाने का दिया जाता है।

### फ्लोरा नहीं, माइग्रेशन पर मधुमक्खियां

**डॉ.** निशा ने बताया कि प्राकृतिक रूप से जब मधुमक्खियों को जीवित रहने के लिए फ्लोरा की जरूरत पड़ती है तो उस समय उन्हें कृत्रिम रूप से चीनी का घोल दिया जाता है और जहां भी फूल उपलब्ध होते हैं, उन्हें स्थानांतरण कर दिया जाता है। जैसे कि दिसंबर, जनवरी व फरवरी में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान में सरसों की भरपूर खेती है, ऐसे में मधुमक्खियों को इस समय मे वहां ले जाया जाता है, जिससे कि मधुपालकों को शहद भी प्राप्त होता है तथा उक्त राज्यों के लोगों को परागण द्वारा फसल की वृद्धि होती है। वैसे ही मार्च अप्रैल में हिमाचल में लीची का शहद, अप्रैल-मई में मल्टीफ्लोरा और जून-जुलाई में खैर का शहद निकाला जाता है।

# लोगों की सरकार से मांग, डाडासीबा में ही खुले एसडीएम कार्यालय

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में एसडीएम कार्यालय स्थापित करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। बुधवार को राधा-कृष्ण मंदिर डाडासीबा में व्यापार मंडल और पंचायत प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश सरकार से डाडासीबा में ही एसडीएम कार्यालय खोलने की पुरजोर मांग की गई। व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने कहा कि डाडासीबा की भौगोलिक स्थिति इसे प्रशासनिक केंद्र के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार जनभावनाओं और राजस्व प्रबंधन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस ऐतिहासिक क्षेत्र में एसडीएम कार्यालय अधिसूचित करेगी। उन्होंने बताया कि डाडासीबा एक ऐतिहासिक रियासत रही है और स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि होने के साथ-साथ पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम की जन्मस्थली भी है। यदि डाडासीबा को एसडीएम कार्यालय मिलता है तो यह पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्य दावे भ्रामक और जमीनी हकीकत से दूर : परमार

अनंत ज्ञान

**डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा हिमाचल को तीन वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में देश का नंबर-वन राज्य बनाने के दावों को सिरे से खारिज किया है।

उन्होंने इसे 'सफेद झूठ, भ्रामक प्रचार और जमीनी सच्चाई से कोसों दूर राजनीतिक बयानबाज़ी' करार दिया। परमार ने प्रेस बयान में कहा कि सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने भाजपा शासनकाल में शुरू की गई गरीब-कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं को या तो कमजोर कर दिया या व्यवहारिक रूप से बंद कर दिया। जिन योजनाओं से गरीब, मजदूर, किसान और ग्रामीण वर्ग को जीवनरक्षक उपचार मिल रहा था, आज वही वर्ग इलाज के लिए भटकने को मजबूर है। यदि सरकार वास्तव में स्वास्थ्य क्षेत्र में नंबर-वन बनने के प्रति गंभीर होती, तो पहले से चल रही योजनाओं को मजबूत करती। उन्होंने आरोप लगाया कि आज जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की भारी कमी है, रेफरल सिस्टम पूरी तरह चरमराया हुआ है और मरीजों को इलाज के लिए शिमला, चंडीगढ़ या अन्य राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार द्वारा गांव-स्तर पर शुरू किए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एचडब्ल्यूसी) आज केवल नाम और बोर्ड तक सीमित रह गए हैं—न डॉक्टर, न दवाइयां, न सुविधाएं। मुख्यमंत्री द्वारा रोबोटिक सर्जरी शुरू करने की घोषणा पर परमार ने सवाल उठाते हुए कहा कि इसका खर्च 1.5 लाख से 9 लाख रुपये या उससे अधिक होता है, जो सामान्य सर्जरी से काफी महंगा है। उन्होंने पूछा कि बीपीएल और अंत्योदय परिवार यह खर्च कैसे वहन करेंगे, जब सरकारी अस्पतालों में आज भी विशेषज्ञ, स्टाफ, मशीनें और दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को लागू करने पर जोर

## भारतीय ज्ञान परंपरा में वैज्ञानिक, सामाजिक और आध्यात्मिक ज्ञान का अद्वितीय मिश्रण : प्रो. बंसल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी) के 16वें स्थापना दिवस एवं सप्ताह समारोह के द्वितीय दिवस पर भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विशेष व्याख्यान का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में आयोजित हुआ। सीयू के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित इस व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीय सह प्रचारक प्रमुख मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. हरमोहिंदर सिंह बेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. सूर्यरश्मि रावत ने सभी का स्वागत किया। वहीं, कुलपति प्रो. बंसल ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को लागू करने, भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना और विश्वविद्यालय में इसके शैक्षणिक एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को सांस्कृतिक, बौद्धिक और सामाजिक दृष्टिकोण से समृद्ध करने के साथ नवाचार और अनुसंधान में नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में वैज्ञानिक, सामाजिक और आध्यात्मिक ज्ञान का अद्वितीय मिश्रण है। इसे आधुनिक शिक्षा में समाहित करना विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रतिभा को निखारने का अवसर है।


सीयू के स्थापना समारोह के दूसरे दिन पुस्तकों का किया विमोचन। अनंत ज्ञान

मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. बेदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्र की बौद्धिक विरासत बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को अपनाओ, वेदों की ओर लौटो। भारतीय ज्ञान परंपरा सबसे प्राचीन है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि शिक्षा केवल तकनीकी कौशल तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह जीवन मूल्यों और समाज की समझ भी विकसित करे। मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार ने कहा कि सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि भारत को दोबारा जगतगुरू कैसे बनाया जाए। विविधता में एकता, सभी का सम्मान यही हमारी संस्कृति रही है और भारत का समाज हमेशा राष्ट्र और समाज के अधीन रहा है, न कि केवल राज्य के अधीन।

भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित दृष्टिकोण आधुनिक चुनौतियों को सुलझाने में भी मार्गदर्शक है। यदि हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संतुलित रूप से अपनाएं, तो भारत वैश्विक नेतृत्व में पुन: अग्रणी बन सकता है। इस अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग से संबंधित पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद भाषण अधिष्ठाता (अकादमिक) प्रो. प्रदीप कुमार ने दिया, जिसमें सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# गरली की बेटी मेधना कर रही दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी

अनंत ज्ञान



**परागपुर।** धरोहर गांव गरली की मेधना ने दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाली परेड में अपना नाम दर्ज करवाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मेधना 1 जनवरी से दिल्ली में डेरा डाले हुए है और 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए कड़ी रिहर्सल कर रही है। मेधना ने न केवल अपने परिवार, बल्कि गरली, जिला कांगड़ा और पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जिला कांगड़ा से मेधना एकमात्र छात्रा हैं, जबकि पूरे हिमाचल से सिर्फ चार छात्राओं को इस प्रतिष्ठित परेड के लिए चुना गया है। वर्तमान में मेधना धर्मशाला कॉलेज में बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा है। उनका चयन एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के आधार पर हुआ है। मेधना की सफलता की नींव गरली में पड़ी। उन्होंने मिनर्वा हाई स्कूल गरली से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की, इसके बाद नवोदय विद्यालय पपरोला में चयनित होकर अपनी प्रतिभा को निखारा। अब धर्मशाला कॉलेज की छात्रा देश की राजधानी में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रही है। मेधना की इस उपलब्धि पर 70 वर्षीय दादी पुष्पा देवी, पिता राजकुमार और माता अनीता देवी सहित पूरे गरली क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

## ढाटी सांबा छिंज मेला समिति ने बाबा लखदाता का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया

# सांबा पंचायत टीम ने जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** ढाटी सांबा छिंज मेला समिति की ओर से बाबा लखदाता का प्रकटोत्सव बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर में हवन-यज्ञ करवाया गया।

पूर्णाहुति के बाद पहलवानों की कुश्ती भी करवाई गई। इसमें सांबा निवासी रिशु ने माली अपने नाम की। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। यहां सांबा पंचायत, रोड़ा पंचायत, सपडुल, गढ़ जमूला, चांदड़ बमियाल आदि पंचायतों से बहुत से श्रद्धालुओं ने यहां आकर बाबा लखदाता के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर समिति प्रधान कुलबीर सिंह राणा, सचिव अमर सिंह राणा सहित सभी समिति सदस्यों ने इस उत्सव में बढ़ चढ़कर अपना अपना सहयोग दिया। इसके साथ-साथ छिंज मेला मैदान में आजाद क्लब कौना की ओर से पंचायत स्तर का एक दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट भी करवाया गया। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में मुख्यातिथि की भूमिका स्थानीय निवासी सेवानिवृत्त एसोसिएशन प्रेजिडेंट सुलह चंचल राणा व जिला परिषद सदस्य ध्रुव चौधरी ने निभाई।


मुख्यातिथि सेवानिवृत्त एसोसिएशन प्रेजिडेंट चंचल राणा व जिप सदस्य ध्रुव चौधरी ने विजेता टीम को किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

दोनों अतिथियों ने क्लब को 2100, 2100 रुपए योगदान के रूप में दिए। पहले सेमीफाइनल में सांबा पंचायत का मुकाबला आलमपुर पंचायत से करवाया गया, जिसमें सांबा पंचायत विजेता रही। दूसरे सेमीफाइनल में पंचरुखी पंचायत का मुकाबला साई भ्राता पंचायत से हुआ, जिसमें साई भ्रांता पंचायत विजयी रही। फाइनल मुकाबले में सांबा पंचायत ने साई भ्रांता पंचायत को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ-साथ क्रमश: 4100 व 2100 रुपए इनाम के रूप में दिए गए। इस दौरान प्रदीप कुमार, शुभम शर्मा, नित्तल राणा के साथ-साथ सभी क्लब सदस्यों ने में अपना सहयोग दिया।

# भूआना पंचायत में हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने तथा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से ब्लॉक पंचरुखी की भूआना पंचायत में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी स्वरूपानंद यति महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर करते हुए कहा कि हमें हिंदू होने पर गर्व होना चाहिए और जात-पात से ऊपर उठकर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि जातियों में बंटे रहने से समाज का कल्याण संभव नहीं है। वक्ताओं ने सनातन मूल्यों को अपनाने और समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जयसिंहपुर रवि धीमान, भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश राणु, सुशील कौल, संघ प्रवक्ता ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# वाघनी पंचायत क्षेत्र को चिट्टा मुक्त बनने का संकल्प

## बैठक में लोगों को बताए नशे के दुष्प्रभाव, एकजुट होने की दिलाई शपथ


बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** वाघनी पंचायत ने नशे के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए पंचायत क्षेत्र को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस उद्देश्य को लेकर पंचायत स्तर पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए चिट्टे के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की शपथ दिलाई गई। पंचायत प्रधान सुरेश कुमार ने कहा कि चिट्टा जैसी घातक नशे की लत समाज की जड़ों को कमजोर कर रही है, विशेषकर युवाओं को यह तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। इसे रोकने के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास ही नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और जागरुकता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत स्तर पर निगरानी, जन-जागरुकता अभियान और सामूहिक जिम्मेदारी के माध्यम से वाघनी पंचायत को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में ग्रामीणों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने आसपास किसी भी प्रकार की नशे से जुड़ी गतिविधियों का विरोध करेंगे। पंचायत के इस अभियान में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों का कहना था कि जब पूरा समाज एक साथ खड़ा होता है, तब नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को जड़ से समाप्त करना संभव होता है। वाघनी पंचायत की यह पहल क्षेत्र की अन्य पंचायतों के लिए एक सकारात्मक संदेश और प्रेरणा के रूप में देखी जा रही है। यह भी आह्वान किया गया कि नशामुक्त समाज की दिशा में यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य दिया जा सके।

**बैठक** डाडासीबा में अध्यक्ष आत्माराम शर्मा की अध्यक्षता में हुई संयुक्त मोर्चा की राज्य कार्यकारिणी बैठक, कहा-

# 25 को एरियर भुगतान की घोषणा करे सरकार

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने प्रदेश सरकार पर दबाव बनाते हुए 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों के वित्तीय लाभों के एरियर का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया है। संयुक्त मोर्चा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को डाडासीबा के नंगल चौक में अध्यक्ष आत्माराम शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में प्रदेशभर से पहुंचे पेंशनर्स ने एक स्वर में सरकार से लंबित मांगें तुरंत पूरी करने की मांग की। बैठक की शुरुआत दिवंगत पेंशनर्स की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन से की गई। बैठक का संचालन महासचिव हुकम सिंह ठाकुर ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने मुख्यमंत्री से मांग की कि 25 जनवरी को आयोजित राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह में एरियर भुगतान की स्पष्ट घोषणा की जाए। उन्होंने आग्रह किया कि सरकार अपने वादे के अनुसार पेंशनरों के सभी लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान 31 मार्च से पहले सुनिश्चित करे। संयुक्त मोर्चा ने 70 से 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एरियर का एकमुश्त भुगतान, एचआरटीसी पेंशनरों को हर माह 5 तारीख से पहले पेंशन, तथा कॉरपोरेट सेक्टर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन व्यवस्था लागू करने की भी मांग रखी। इसके अलावा अप्रैल माह में जेसीसी की बैठक बुलाने की मांग करते हुए कहा गया कि इससे कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबित समस्याओं का समाधान संभव होगा। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के संयोजक एवं मंडी जिला प्रधान हरीश शर्मा ने कहा कि संगठन गैर-राजनीतिक विचारधारा में विश्वास रखता है और सभी वर्गों, धर्मों व विचारधाराओं के लोग इसमें शामिल होकर केवल पेंशनर्स के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। बैठक के दौरान 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को सम्मानित भी किया गया। बैठक में प्रदेशभर से 500 से अधिक सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।


बैठक में लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान 31 मार्च से पहले सुनिश्चित करने की उठाई मांग। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर अतिरिक्त सहसचिव लेखराम कौंडल, मुख्य मीडिया समन्वयक कुलदीप गुलेरिया, मुख्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी, बीएस चौहान, सुशील शर्मा, जेके नड्डा, केडी शर्मा, बिहारी लाल जस्टा, अश्वनी शर्मा, सूरज ठाकुर, कृष्णा स्वरूप शर्मा, सोमराज गर्ग, तारा चंदेल, सेफ राम ठाकुर, जवाहरलाल गोल्टा, विजय भारद्वाज, रामनाथ बोद्द सहित सभी जिलों के प्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष और राज्य कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# पठानकोट पुलिस ने किए अलग-अलग मामलों में 30 आरोपी गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दर्ज कुल 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई गैंगस्टरों के खिलाफ मुहिम ऑपरेशन प्रहार के तहत की गई है। एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों पठानकोट ने बताया कि पुलिस जिले में अमन कानून की शांति लिए पूरी तरह से सतर्क हो चुकी है। पठानकोट में किसी भी तरह का कोई गैंगस्टर वाद नहीं होने दिया जाएगा। इसी कड़ी के तहत पठानकोट में पुलिस ने 30 बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनमें कुछ गैंगस्टर बने हुए थे और कुछ उनके मददगार है। इन सभी लोगों पर किसी न किसी पुलिस स्टेशन में केस भी दर्ज है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अगर कोई भी ऐसी गैंगवार या फिर फिरौती मांगने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, पुलिस ने 26 जनवरी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा फोर्स भी बढ़ा दी है।

# खराब परीक्षा परिणाम पर दंड अच्छे परिणाम पर उपेक्षा क्यों?

अनंत ज्ञान

- टीजीटी कला संघ बोला अच्छा परीक्षा परिणाम आने पर मिले अतिरिक्त इंक्रीमेंट

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में यदि किसी विषय का परिणाम खराब रहता है तो संबंधित शिक्षक की सालाना इंक्रीमेंट रोक दी जाती है। बोर्ड के नियमों के अनुसार, कक्षा दसवीं या 10+2 में यदि किसी विषय का परीक्षा परिणाम 25 प्रतिशत से कम हो, तो प्रवक्ता या टीजीटी शिक्षक को इस दंड का सामना करना पड़ता है।

प्रदेश में ऐसे कई शिक्षक हैं, जिनकी इंक्रीमेंट इसी कारण रोकी गई है। हैरानी की बात यह है कि खराब परिणाम पर तो कार्रवाई तुरंत हो जाती है, लेकिन अच्छे परिणाम पर किसी तरह का इनाम नहीं मिलता। जिन शिक्षकों के विषय में सभी छात्रों ने अच्छे अंक हासिल किए या जिन विद्यार्थियों ने बोर्ड की मैरिट सूची में जगह बनाई, उन विषय शिक्षकों को न तो अतिरिक्त इंक्रीमेंट दी जाती है और न ही कोई विशेष प्रोत्साहन। राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से अपील की है कि शिक्षकों को एक बार खराब परीक्षा परिणाम पर इंक्रीमेंट न रोकें और ओवरऑल परिणाम की औसत देखते हुए इंक्रीमेंट बहाल की जाए। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश में केवल खराब परिणाम पर दंड दिया जा रहा है, जबकि अच्छा परिणाम देने वाले शिक्षकों के प्रोत्साहन के लिए कोई साफ और ठोस नीति नहीं है। यह दोहरा मापदंड शिक्षकों का मनोबल गिराता है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए जरूरी है कि दंड के साथ-साथ अच्छे और उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी सम्मान और प्रोत्साहन दिया जाए, ताकि वे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकें

## न्यूज ब्रीफ

### जंबल में ग्राहक जागरुकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के तहत जंबल गांव में नाबार्ड के सौजन्य से कांगड़ा केंद्रीय सरकारी बैंक शाखा डाडासीबा द्वारा ग्राहक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक अधिकारी अंकुश कुमार और विनोद कुमार द्वारा लोगों को ऑनलाइन डिजिटल लेन-देन के बारे में जागरूक किया गया तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और बैंक की स्कीमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया । इस शिविर में पंचायत जंबल के प्रधान रचना देवी उपप्रधान कृष्ण लाल तथा अन्य मौजूद रहे।

### कल्याड़ा स्कूल के बच्चों ने किया टांडा अस्पताल का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्याड़ा के विद्यार्थियों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल का दौरा किया। स्कूल के एजुकेशन हेल्थ केयर ट्रेड के स्टूडेंटस ने ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत टांडा का दौरा कर अपने विषय से संबंधित जानकारियां हासिल की।

### आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में चोरी का प्रयास

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजीव गांधी आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में मंगलवार रात को एक संदिग्ध युवक द्वारा चोरी का प्रयास किया गया, जिसकी पूरी गतिविधि सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। प्रधानाचार्य डॉ. विजय चौधरी ने बताया कि इससे एक रात पहले भी एक मरीज और एक प्रशिक्षु डॉक्टर के बैग चोरी हुए थे, जिनमें इसी संदिग्ध की संलिप्तता की आशंका है। बीती रात भी अस्पताल परिसर से तीन बैग चोरी होने की सूचना है। एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। वहीं, मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

### पालमपुर में एंडोमेनिया 2026 का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पालमपुर में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में एंडोमेनिया 2026 का दो दिवसीय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व देश के विख्यात दंत चिकित्सक डॉ. निखिल बहुगुणा ने किया, जिसमें देश-विदेश से आए दंत चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. बहुगुणा ने आधुनिक रूट कैनाल ट्रीटमेंट तकनीकों पर अनुभव साझा किए। आयोजक डॉ. श्वेता डोगरा ने बताया कि यह हिमाचल में अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इस आयोजन से स्थानीय दंत चिकित्सकों के कौशल में वृद्धि होगी और मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा। कार्यक्रम ने चिकित्सा पर्यटन और शैक्षणिक सम्मेलनों की संभावनाओं को भी मजबूत किया।

### मीडिया चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर में आयोजित मीडिया चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम पालमपुर पुलिस रही। एसएचओ भूपिंदर ठाकुर की कप्तानी में पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 15 ओवर में 96 रन बनाए। जवाबी पारी में बिजली बोर्ड की टीम को आखिरी गेंद पर चार रन चाहिए थे, लेकिन बबलू कपूर ने उन्हें रोककर पुलिस को जीत दिलाई। विजेता टीम को बड़ी ट्रॉफी से सम्मानित किया, जबकि रनरअप टीम को भी ट्रॉफी दी गई। दोनों टीमों के खिलाड़ियों का जिला परिषद नवी ठाकुर ने सम्मान किया।

### चिट्टे से युवाओं को बचाने के लिए ग्रामीणों से की चर्चा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** नौरा पंचायत के प्रधान विकास धीमान ने ग्रामीणों के साथ ग्रामसभा का आयोजन किया, जिसमें चिट्टे के दुष्प्रभाव से आने वाली पीढ़ियों को कैसे बचाया जाए, चर्चा की गई। जागरूक कार्यक्रम में महिला मंडलों को जागरूक किया गया और शपथ दिलाई गई कि आने वाले समय में चिट्टे के विरुद्ध महत्वपूर्ण जंग छेड़ेंगे और समाज से इसका मूल रूप से खात्मा करेंगे। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### नूरपुर में मासिक नशा निवारण समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय नूरपुर में मासिक बैठक पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मचंद वर्मा, एएनटीएफ, एसडीएम नूरपुर, इंदौरा, ज्वाली, डीएसपी और नशा निवारण समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मासिक कार्यों की समीक्षा की गई और अध्यक्ष ने शैक्षिक संस्थानों व पंचायत स्तर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने, पुनर्वास केंद्रों का निरीक्षण, विभागों के साथ समन्वय और अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कांगड़ा-चंबा में गर्मियों से पहले पूरी होंगी नौ पेयजल योजनाएं

## मार्च तक तैयार हो जाएंगी जयसिंहपुर व चढ़ियार की दो योजनाएं

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जल शक्ति विभाग धर्मशाला जोन ने गर्मियों से पहले नौ बड़ी योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। हालांकि, कुछ छोटी योजनाएं भी हैं, जिन पर कार्य चल रहा है, लेकिन बड़ी योजनाओं के कार्य को विभाग युद्धस्तर पर छेड़े हुए है, जिससे कि गर्मियों तक इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके।

कांगड़ा और चंबा जिले में विभाग की ओर से 9 बड़ी योजनाओं पर तीव्र गति से कार्य करवाया जा रहा है। वहीं, एक योजना ऐसी है, जिसकी वर्तमान में टेस्टिंग चल रही है। विभाग का कहना है कि अधिकतर योजनाओं को गर्मियों से पहले पूरा कर लिया जाएगा व कुछ योजनाएं मार्च से पहले समर्पित कर दी जाएंगी। जल शक्ति विभाग धर्मशाला जोन के चीफ इंजीनियर दीपक गर्ग ने बताया कि जयसिंहपुर क्षेत्र के लिए दो बड़ी योजनाएं हैं, एक चढ़ियार क्षेत्र के लिए है, इन दोनों योजनाओं करीब 100 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं, जिन्हें आगामी एक-दो माह में समर्पित किया जाएगा। बैजनाथ-पपरोला शहर के लिए भी एक योजना है, जिसकी लागत लगभग 35 से 40 करोड़ के लगभग है, जिसे मई माह से पहले पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### मार्च से पहले पूरी होगी डलहौजी शहर की योजना

**दीपक** गर्ग ने बताया कि चंबा के डलहौजी शहर के लिए योजना को मार्च से पहले पूरा किया जाएगा। सुन्ही क्षेत्र की एक योजना पर टेस्टिंग चली है, जिसे भी मार्च से पहले पूरा किया जाएगा। सुलह की एक योजना को भी मार्च से पहले पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। जवाली क्षेत्र के लिए नेशनल डिवेलपमेंट बैंक की 35 करोड़ रुपए की योजना सहित इंदौरा और नूरपुर के लिए योजनाएं हैं, जिन्हें विभाग गर्मियों से पहले पूरा करने को लेकर विभाग प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रयासरत है कि जल्द इन योजनाओं को पूरा करके लोगों को इनका लाभ प्रदान किया जा सके।

छात्रा मौत मामला : मोबाइल की कुछ रिपोर्ट आनी बाकी

# मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट और डिजिटल साक्ष्यों का अध्ययन कर रही पुलिस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की एक छात्रा की मौत, रैगिंग व शारीरिक उत्पीड़न मामले में पुलिस की ओर से मेडिकल बोर्ड से प्राप्त हुई व फोरेंसिक विशेषज्ञों से प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों का गहन अध्ययन किया जा रहा है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस की ओर से मेडिकल रिपोर्ट व डिजिटल पहलुओं के अध्ययन का दौर जारी रहा, जबकि इस मामले में अभी भी पुलिस को फोरेंसिक लैब में जांच को भेजे गए मोबाइल फोन में से कुछ की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। पुलिस द्वारा उम्मीद जताई जा रही है कि इन बचे मोबाइल फोनों से पुलिस को कुछ डिजिटल साक्ष्य प्राप्त हो सकते हैं, जो इस मामले में अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। हालांकि, मामले में पुलिस की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि अब आगामी जांच को मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अवलोकन व निष्कर्षों के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उधर, इस बारे में एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले के हर पहलू पर गहन जांच की जा रही है।

## हैप्पी बर्थडे



करियाड़ा के अध्विक को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



मनीश गुलेरिया और दीपिका कुमारी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

तीन दिवसीय कांगड़ा प्रवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष की हुंकार, नगरोटा और धर्मशाला में भाजपा संगठनात्मक बैठकों में भरा कार्यकर्ताओं में जोश

# सरकार बाहरी दबाव से नहीं, अपने भार से गिरेगी : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बुधवार को अपने पूर्व निर्धारित दिल्ली दौरे से सीधे कांगड़ा जिला पहुंचकर संगठनात्मक बैठकों के जरिए आगामी चुनावी शंखनाद किया।

नगरोटा बगवां और धर्मशाला में विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति और राजनीतिक अस्थिरता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सरकार किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि अपने ही कुप्रबंधन के बोझ से गिर जाएगी।

नगरोटा बगवां में पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका और धर्मशाला में विधायक सुधीर शर्मा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि हिमाचल के इतिहास में यह पहली ऐसी सरकार है, जो संस्थान खोलने के बजाय उन्हें बंद करने का रिकॉर्ड बना चुकी है।



धर्मशाला में भाजपा संगठनात्मक बैठक के दौरान जयराम व अन्य। अनंत ज्ञान

### सरकार केवल फीता काटने की जल्दबाजी में

**जयराम** ने कहा कि सुक्खू सरकार केवल फीता काटने की जल्दबाजी में है और भाजपा कार्यकाल के दौरान 2022 में लोकार्पित हो चुके संजोली हेलीपोर्ट जैसे कार्यों का दोबारा उद्घाटन कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास कर रही है। जिस प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं, वहां आखिर पैसा जा कहां रहा है। जयराम ठाकुर के अनुसार, भाजपा सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में केवल 19 हजार करोड़ का ऋण लिया था, जिसका बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज चुकाने में गया, जबकि वर्तमान सुक्खू सरकार ने मात्र 3 साल के भीतर प्रदेश पर 40 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज लाद दिया है।

### विकास की बजाय मित्र मित्र मंडली के भरे जा रहे घर

**जयराम** ने कहा कि प्रदेश के विकास के बजाय केवल मुख्यमंत्री की मित्र मंडली के घर भरे जा रहे हैं। कांग्रेस में मचे आंतरिक कलह पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जब वरिष्ठ नेताओं और विधायकों को अपमानित किया जाएगा और मुख्यमंत्री अड़ियल रवैये के साथ बदले की भावना से काम करेंगे। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वे एकजुट होकर सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाएं। जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। इस अवसर पर विधायक कांगड़ा पवन काजल, पूर्व विधायक धर्मशाला विशाल नैहरिया, भाजपा नेता संजय शर्मा, राकेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र भूषण नाग, विश्व चक्षु व जिला भाजपा अध्यक्ष सचिन चौधरी,उपस्थित रहे।

### कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई वादे पूरे, सिर्फ जनता को गुमराह किया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार तीन वर्ष में एक भी महिला को 1500 रुपये मासिक पेंशन देने में असफल रही है, जबकि मुख्यमंत्री रोज़ाना झूठा प्रचार कर रहे हैं। बुधवार को स्थानीय अक्षय पैलेस में भाजपा मंडल नगरोटा बगवां के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सत्ता में आते समय प्रत्येक महिला को 1500 रुपये पेंशन देने का वादा कर आई थी, लेकिन अब केवल कम आय वाली महिलाओं की बात कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार को अब तक तीन लाख बेरोजगारों को रोजगार दे देना चाहिए था, लेकिन इसके उलट करीब दस हजार आउटसोर्स कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उन्होंने मनरेगा को लेकर कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने योजना को विकास से जोड़ा है।

### आपदा के लिए जयराम को भेंट की 2.5 लाख की राशि

**नगर** परिषद अध्यक्ष बस्सी ने अपने वेतन की राशि एक लाख रुपए, प्रेम लता बस्सी ने एक लाख रुपए तथा मूमता पंचायत ने 50 हजार रुपए की राशि आपदा पीड़ित परिवारों के लिए जयराम ठाकुर को भेंट की।

### इन्होंने थामा भाजपा का दामन

अजय सिपहिया की अगुवाई में कबाड़ी के मुकेश कुमार, सन्नी चौधरी व घोड़ब की नीलू चौधरी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए।

## अमेरिका में फंसे रक्षित के परिजनों से मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अमेरिका में फंसे पालमपुर के रक्षित चौहान के परिवारजन उसकी सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। सात जनवरी के बाद रक्षित से कोई बात नहीं हुई है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं वरिष्ठ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर बुधवार को रक्षित चौहान के परिवारजनों से मिलने उनके घर पालमपुर पहुंचे तथा उनका कुशलक्षेम जाना। जयराम ने रक्षित के परिजनों को आश्वासन दिया कि हमने इस मामले को केंद्रीय विदेश मंत्री तक पहुंचा दिया है। केंद्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में रहकर रक्षित की सुरक्षित वापिसी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अमेरिका में रशियन ऑयल टैंकर जब्त किया है, उसमें भारत के तीन लोग हैं। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह से उनसे संपर्क हो जाए। इसके लिए हम एक्सटर्नल अफेयर्स मंत्री से भी संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। रक्षित के पिता रणजीत चौहान ने कहा कि हमें सरकार पर भरोसा है। हमें पूरी उम्मीद है कि केंद्र सरकार हमारे बेटे की घर वापसी में पूरी मदद करेगी।



# प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ ने की खंड स्तरीय चुनावों की तिथियां घोषित

- कांगड़ा में खंडस्तरीय चुनाव 1 से 6 फरवरी के बीच होंगे संपन्न

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ की राज्य कार्यकारिणी की ओर से जारी अधिसूचना के तहत कांगड़ा जिले में खंडस्तरीय चुनावों की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। महासंघ के अनुसार सभी खंडों में चुनाव एक फरवरी से छह फरवरी 2026 तक संपन्न करवाए जाएंगे।

महासंघ ने सभी खंड प्रधानों एवं सदस्यों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने खंड के सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों को चुनाव की तिथि, स्थान और समय की पूर्ण जानकारी समय रहते उपलब्ध करवाएं, ताकि अधिक से अधिक कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर नई खंड कार्यकारिणी का गठन कर सकें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि चुनाव में भाग लेने से पूर्व सभी सदस्यों का सदस्यता में भाग लेना अनिवार्य होगा।

### किस खंड में कब होंगे चुनाव

बैजनाथ व चढ़ियार, इंदौरा, फतेहपुर और कोटला में एक फरवरी को चुनाव होंगे, जबकि पंचरुखी, राजा का तालाब, नगरोटा सूरियां और रैत में दो फरवरी को चुनाव कराए जाएंगे। इसके साथ ही तीन फरवरी को रक्कड़, लंबागांव, नगरोटा बगवां और धर्मशाला में चुनाव होंगे। वहीं, चार फरवरी को जवाली, डाडासीबा, कांगड़ा और पालमपुर में चुनाव संपन्न होंगे। भवारना में पांच फरवरी तथा नूरपुर, देहरा और खुंडियां में छह फरवरी को अंतिम चुनाव करवाए जाएंगे। इसके साथ इस बार खुंडियां को नए खंड के रूप में शामिल किया गया है। महासंघ पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन संगठन को और अधिक मजबूत करेगा।

### प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक बोले- अधिसूचना से वर्षों से लंबित पदोन्नति मांग होगी पूरी

**हिमाचल** प्रदेश शिक्षा विभाग ने प्रदेश के हजारों गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए नए साल की शुरुआत में बड़ी सौगात दी है। विभाग की ओर से सीबीएसई स्कूलों में अतिरिक्त ग्रेड-1 लगाने को लेकर आधिकारिक अधिसूचना जारी की। इस निर्णय से लंबे समय से पदोन्नति की राह देख रहे कर्मचारियों को राहत मिली है। गैर-शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर के अनुसार, इस अधिसूचना के तहत केवल स्कूल प्रशासनिक ढांचे में मजबूती आएगी, बल्कि वर्षों से रिक्त पड़ी पदोन्नति की मांग भी पूरी होगी।

## कांगड़ा जिले में मुख्यमंत्री के प्रवास से विकास को मिलेगी ठोस रफ्तार : मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कांगड़ा जिले में वीरवार से शुरू हो रहा शीतकालीन प्रवास केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि प्रदेश के सबसे बड़े जिले के चौतरफा विकास की ठोस योजना का अहम हिस्सा है। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्य आपूर्ति निगम के निदेशक पुनीत मल्ली ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हिमाचल का ऐसा जिला है, जहां पर्यटन और विकास की संभावनाएं सबसे अधिक हैं और मुख्यमंत्री का फोकस सही दिशा में है। जिले के परागपुर में 25 जनवरी को इस बार पूर्ण राज्यत्व दिवस का राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास प्रशासनिक दृष्टि से अहम साबित होने वाला है। इससे पहले शिमला केंद्रित व्यवस्था के चलते जिले की योजनाओं से जुड़ी कई फाइलें लंबित रहती थीं। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान आम लोगों, पार्टी वर्करों व अफसरों से जो फीडबैक मिलेगी, उससे बड़ी परियोजनाओं की मंजूरी और क्रियान्वयन की गति तेज होगी, जिसका सीधा लाभ विकास कार्यों को मिलेगा। मल्ली ने कहा कि उपलब्ध आंकड़े साफ बताते हैं कि यदि कांगड़ा की पर्यटन क्षमता का सालभर उपयोग किया जाए तो यह जिला प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू का शीतकालीन प्रवास इसी दिशा में निर्णायक कदम है। जिले में पर्यटन के बुनियादी ढांचे पर सैकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इनमें इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर, बनखंडी में अभ्यारण, पौंग में वाटर स्पोर्ट्स आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री का कांगड़ा में ठहराव इन परियोजनाओं की सीधी मॉनिटरिंग को सुनिश्चित करेगा।

# नशा तस्करों की 1.76 करोड़ की चल व अचल संपत्ति जब्त

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नुरपूर द्वारा नशे के सौदागरों की संपत्ति को जब्त करने की कड़ी में दो और नशा तस्करों पर बड़ी चोट करते हुए 1.76 करोड़ की चल और अचल संपत्ति जब्त की है। गौरतलब है कि 7 मार्च 2025 को पुलिस थाना नूरपुर के तहत नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो नशा तस्करों से 4 किलो 30 ग्राम चरस बरामद की थी।

इस दौरान अमित कौशल पुत्र ओम प्रकाश व गुरप्रीत सिंह पुत्र रमरीक सिंह दोनों निवासी अमृतसर के खिलाफ पुलिस थाना नूरपुर में मामला दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी अमित कुमार व आरोपी गुरप्रीत सिंह की चल व अचल संपतियों की वित्तीय जांच की गई। आरोपी गुरप्रीत सिंह के नाम कोई चल व अचल संपति नहीं पाई गई, जबकि मुख्य आरोपी अमित कुमार सहित मामले में अन्य आरोपी धर्म चंद व उसके पारिवारिक सदस्यों के नाम पर मकान, गाड़ी, नकदी, बैंक खातों में राशि जमा पाई गई। आरोपी अमित कुमार व आरोपी धर्म चंद द्वारा उपरोक्त चल व अचल संपति अवैध व अनैतिक तरीके व नशे के कारोबार से अर्जित



अवैध चल व अचल संपति को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों व उसके पारिवारिक सदस्यों द्वारा अवैध तौर पर नशे के कारोबार से अर्जित कुल 1 करोड़ 76 लाख 58 हजार 434 रुपए की चल व अचल संपत्तियों को जब्त करके आगामी आदेशों के लिए सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को आवेदन किया गया था, जिस पर सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली के आदेशों द्वारा संपति के जब्ती सबंधी आदेशों की पुष्टि की है। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पर जिला पुलिस नूरपुर के द्वारा अब तक कुल 15 मामलों में नशे के अवैध कारोबार में शामिल आरोपियों द्वारा अर्जित की गई कुल 26 करोड़ 45 लाख 53 हजार 276 रुपए की चल व अचल संपति को जब्त करवाने में सफलता प्राप्त की है।

## पीटीसी डरोह में अन्वेषण अधिकारियों को महिला सुरक्षा पर दी जानकारी

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में तथा डॉ. डीके चौधरी, भा.पू.से., प्रधानाचार्य पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) डरोह के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों से आए 30 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान कुलदीप कुमार, यशवंत सिंह एवं संजय कुमार शर्मा (उप पुलिस अधीक्षक), कपिल देव शर्मा, सुदीप सिंह, अनिल शर्मा, विनोद शर्मा, प्रवीण राणा, अजीत सिंह, टेकचंद आदि विशेषज्ञों ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के अन्वेषण, वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रयोग, एसएईसी किट व डीएनए के महत्व, सोशल मीडिया के उपयोग, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा नवीनतम कानूनी प्रावधानों और न्यायालयों के निर्णयों पर जानकारी दी।

# शिव मंदिर बैजनाथ में मक्खन रूपी प्रसाद के लिए उमड़ी भीड़



बैजनाथ शिव मंदिर में प्रसाद ग्रहण करने के लिए उमड़ी भीड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** शिव मंदिर बैजनाथ में बुधवार को मक्खन रूपी प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही प्रातकाल आरती के बाद पुजारियों ने शिवलिंग की पावन पिंडी से मक्खन उतारना शुरू कर दिया।

इसके बाद मक्खन रूपी प्रसाद को श्रद्धालुओं को बांटा गया। लगभग 20000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें कि मकर संक्रांति पर्व पर शिवलिंग पर तीन क्विंटल शुद्ध देसी घी से मक्खन तैयार करने के पश्चात चढ़ाया गया था, जो 7 दिन तक घृत मंडल के रूप में शिवलिंग पर सजा रहा। इसे बुधवार को शिवलिंग से हटकर इस मक्खन को प्रसाद रूपी बांटा जा रहा है। प्रसाद रूपी माखन चर्म रोग के लिए एक औषधी का काम आता है और इसी औषधि को ग्रहण करने के लिए दूरदराज से सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे।

इसे खाने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इस बार घृत मंडल लगभग 4 फुट ऊंचा बनाया गया था। प्रसाद बांटने में पुजारियों के अलावा मंदिर कर्मचारी नरेश कुमार, चुन्नीलाल, रवि कुमार, राजेंद्र कुमार आदि ने भी सहयोग किया किया।

**तोहफा** मंत्री गोमा ने किए विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास

# आशापुरी पंचायत को एक करोड़ की सौगात

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने बुधवार के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की आशापुरी पंचायत में 1 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। उन्होंने आशापुरी पंचायत के महाराजनगर उमर में लगभग 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली जल आपूर्ति योजना के सुधार कार्य की आधारशिला रखी।

उन्होंने रोपड़ी में 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित जल शक्ति विभाग के शिकायत कक्ष का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। महाराज नगर में जनसभा को संबोधित करते हुए आयुष मंत्री ने कहा कि महाराज नगर और उमर गांवों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 90 लाख रुपए की योजना स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्र के लगभग 850 लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि इस योजना का निर्माण कार्य आगामी एक वर्ष के भीतर हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र लाभ मिल सके। रोपड़ी में खुले जल शक्ति विभाग के शिकायत कक्ष की बधाई देते हुए यादविंद्र गोमा ने कहा कि इससे क्षेत्र की पांच पंचायतों के लगभग 9000 लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि पहले स्थानीय निवासियों को जल एवं विद्युत संबंधी शिकायतों के लिए 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब उनकी समस्याओं का समाधान घर के समीप ही होगा।



रोपड़ी में जल शक्ति विभाग के शिकायत कक्ष का लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

### कनिष्ठ अभियंता को तीन दिन शिकायत कक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश

**मंत्री** ने विभाग को निर्देश दिए कि कनिष्ठ अभियंता सप्ताह में तीन दिन इस शिकायत कक्ष में उपस्थित रहेंगे, ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित हो सके। क्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए आयुष मंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में सड़कों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुली के निर्माण पर 8 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंने नागबन-नौण सड़क निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर आवश्यक धनराशि मंजूर करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने आश्वासत किया कि क्षेत्र में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री के माध्यम से जल्द करवाई जाएगी और जनता की मांगों को पूरा किया जाएगा।

# मैक्लोडगंज में अभी तक नहीं बन पाया बरसात में ढहा डंगा



बरसात में मैक्लोडगंज से धर्मकोट मार्ग पर ढहा डंगा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में बरसात में टूटा डंगा अभी तक नहीं बन पाया है, जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना का भी अंदेशा बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार मैक्लोडगंज से धर्मकोट को जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे लगाया गया डंगा बरसात में ढह गया था, जिसे अभी तक नहीं बनाया गया है। इस रोड़ पर दोपहिया वाहनों के स्किड होने व चौपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार इस मामले को प्रशासन के समक्ष उठाया गया, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि पर्यटन नगरी के मार्ग की इस तरह अनदेखी की जा रही है तो मुख्य मार्गों पर क्या हालात होंगे। लोगों ने प्रशासन से डंगा लगाकर मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांता व रुचिका को दशरथी ऑफ द ईयर पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन इंडिया एवं विस्टा माइंड सोशल फाउंडेशन और महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के सहयोग से अयोध्या उत्तर प्रदेश की पवित्र भूमि पर प्रतिष्ठित दशरथी ऑफ द ईयर- 2025 पुरस्कार से देश भर से आए कर्तव्य निष्ठा, नवाचारी, शिक्षा के लिए समर्पित शिक्षकों को महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय अयोध्या उत्तर प्रदेश में सम्मानित किया गया। इसमें 150 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जो एसोसिएशन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सम्मान समारोह में हिमाचल से आए हुए 13 शिक्षक दाशरथी ऑफ द ईयर 2025 अवार्डी थे, जिनमें बिलासपुर की 2 अध्यापिकाएं शामिल रहीं। कांता देवी कला शिक्षिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक की पाठशाला पंतेहड़ा, रुचिका जसवाल टीजीटी हिंदी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाघस बिलासपुर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य करने के लिए और सामाजिक क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण दायित्व निभाने के लिए 'दशरथी ऑफ द ईयर 2025 सम्मान' से सम्मानित किया गया।

### आनंदघाट में ग्रामीण खेल प्रतियोगिता 25 से

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** मेरा युवा भारत बिलासपुर के सौजन्य से आनंदघाट युवक मंडल में जिला स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 5 रोमांचक खेल होंगे, जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, मैराथन दौड़ और रस्सा कासी शामिल हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी दीपमाला ने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम 25 और 26 जनवरी को खेल मैदान आनंदघाट में होगा, जिसमें लगभग 15-20 टीमों के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन सुबह 9 बजे से आनंदघाट से शेर पॉइंट तक और वापस आनंदघाट तक होगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लेंगे।प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन सफल होगा और युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

### दावीं घाटी में हैंडबॉल स्पर्धा 13-14 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला हैंडबॉल संघ द्वारा आगामी 13 एवं 14 फरवरी को जुखाला के दावीं घाटी हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर में पुरुषों की 32वीं सीनियर स्टेट हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंद किशोर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर जिला हैंडबॉल संघ द्वारा किया जाएगा। संघ द्वारा खिलाड़ियों के रहने.खाने रिफ्रेशमेंट तथा पुरस्कारों की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश के जो भी खिलाड़ी अपने जिला का इस प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं वे आगामी दिनों में अपने जिला में आयोजित होने वाली चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में किए गए प्रदर्शन के आधार पर 54वीं एचएफआई राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा।

### बरमाणा में खुलेगी कोल वैली नर्सिंग अकादमी

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में जिला बिलासपुर के हरनोडा में स्थित कोल वैली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्रयास विद्यार्थियों के लिए एक नई शैक्षणिक सौगात साबित हो रही है । इसी कड़ी में अब बरमाणा सीमेंट नगरी में नर्सिंग क्षेत्र के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। बरमाणा के ओल्ड बीडीटीएस भवन में कोल वैली नर्सिंग अकादमी की शुरुआत की जा रही है, जहां विद्यार्थियों को ऑफलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। कोल वैली नर्सिंग संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अकादमी में नर्सिंग से जुड़े विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक पाठ्यक्रमों की तैयारी करवाई जाएगी। इसमें नॉरसेट, पीजीआई, एमएनएस, जीएमसीएच, आरआरबी, स्टेट गवर्नमेंट नर्सिंग एग्जाम, एंटरेंस एग्जाम प्रिपरेशन के साथ-साथ सभी नर्सिंग सब्जेक्ट्स के लिए ट्यूशन की सुविधा रहेगी। इसके अतिरिक्त बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए भी विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। अकादमी में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी फैसिलिटी, स्मार्ट क्लास रूम और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. ठाकुर ने बताया कि कोल वैली नर्सिंग अकादमी का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर नर्सिंग क्षेत्र में सफल करियर के लिए तैयार करना है।

### सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव : संतोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रोड़ा में बुधवार को महिला सशक्तिकरण को समर्पित 'महिला सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक चेतना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला सेन ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में संतोष जोशी (पार्षद, वार्ड नंबर-2, बिलासपुर) ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने महिलाओं की सामाजिक भूमिका, अधिकारों और आत्मबल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव होती है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बिंदु सिंह, कुसुम तथा वंदना शर्मा ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने महिला शक्ति, आत्मसम्मान, शिक्षा और सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित महिलाओं ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी शैफाली दबड़ा द्वारा किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में महिलाओं के लिए प्रेरक एवं उत्साहवर्धक संदेश प्रस्तुत किए गए, जिससे सभागार में सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, स्थानीय महिलाओं एवं नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों व सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### लंझता में क्रशर लगाने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** उपतहसील भराड़ी की लंझता पंचायत के तहत सीर खड्ड के किनारे प्रस्तावित क्रशर को लेकर ग्रामीण विरोध पर उतर आए हैं। सोमवार को जब उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी प्रस्तावित साइट का निरीक्षण करने पहुंचे तो दर्जनों ग्रामीण एकजुट होकर मौके पर पहुंच गए और क्रशर का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों के तीखे विरोध के चलते अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को सुना व इस पर उचित जांच करने का फैसला लिया। इस घटनाक्रम के बाद इलाके में माहौल गरमा गया है और क्रशर लगाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को उपमंडलाधिकारी घुमारवीं के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारी क्रशर के लिए प्रस्तावित साइट का निरीक्षण करने पहुंचे थे। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो लंझता और आसपास के गांवों के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष अपना पुरजोर विरोध जताया। साथ ही एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा।

# घुमारवीं में राष्ट्रीय हैंडबॉल स्पर्धा होना गर्व की बात : राजेश धर्माणी

## 1 से 5 फरवरी तक होगा आयोजन, सीएम आगाज तो शिक्षा मंत्री करेंगे समापन

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जिला बिलासपुर के घुमारवीं में आगामी 1 से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना एक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि जिला बिलासपुर सहित घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र को एक अलग पहचान मिलेगी।

धर्माणी बुधवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय घुमारवीं के सम्मलेन कक्ष में राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने घुमारवीं में राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को अनुमित प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों सहित 40 टीमों के लगभग 800 खिलाड़ियों, आफिशियल के भाग लेने की उम्मीद है।



प्रतियोगिता को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री धर्माणी। अनंत ज्ञान

◆ **स्पर्धा में देशभर से 40 टीमों के 800 खिलाड़ी लेंगे भाग**

उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता घुमारवीं स्थित राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा समापन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे।

धर्माणी ने इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन को बेहतरीन बनाने के लिए स्कूल शिक्षा सहित अन्य सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने देशभर से आने वाले खिलाड़ी हमारे मेहमान हैं तथा उनकी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए समयबद्ध सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मात्र स्कूल शिक्षा विभाग का ही नहीं है, बल्कि इसमें जिला के तमाम विभागों सहित जिला प्रशासन की भी अहम भूमिका है।

**विभागों को सभी प्रबंध पूरा करने के निर्देश**

मंत्री ने सभी विभागों से सभी आवश्यक प्रबंधों को पूरी गंभीरता के साथ लेते हुए आपसी समन्वय से कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही या ढ़िलाई को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान देशभर से आने वाले खिलाड़ी बच्चों को हिमाचल की लोक कला, संस्कृति, खानपान इत्यादि से भी रू-ब-रू करवाने पर जोर दिया ताकि खेल के साथ-साथ वह हिमाचल को भी जान सकें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर गठित सभी समितियों के प्रभारी व सदस्य पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निवर्हन सुनिश्चित बनाएं।

# अलसु पुल के पास 606 .31 ग्राम चरस समेत नेपाली काबू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस थाना बरमाणा प्रभारी एवं निरीक्षक पूजा देवी अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं यातायात जांच पर थीं। इसी दौरान शाम अलसु पुल के समीप सड़क किनारे यातायात जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सड़क की दूसरी ओर पुल के पास एक व्यक्ति अकेला खड़ा दिखाई दिया, जो देखने में नेपाली प्रतीत हो रहा था।

पुलिस द्वारा पूछताछ के उद्देश्य से उसे पास आने के लिए आवाज दी गई। इसी बीच उक्त व्यक्ति ने अपनी पहनी हुई काले रंग की जैकेट से एक पैकेट सड़क किनारे अपने पीछे फेंक दिया और तेज कदमों से अलसु पुल की ओर जाने लगा। उसके इस व्यवहार से पैकेट में किसी अवैध वस्तु के होने का संदेह उत्पन्न हुआ। इस पर निरीक्षक पूजा देवी ने पुलिस कर्मियों की सहायता से उस व्यक्ति को तुरंत काबू में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम थामिरास बुढा, पुत्र श्री लछिमन बुढा, निवासी गांव हुकाम, ग्राम पालिका पुथा उत्तरगंगा, जिला रूकुम (पूर्वी भाग), नेपाल, उम्र 42 वर्ष बताया। पुलिस द्वारा फेंके गए पैकेट की तलाशी ली गई, जिसमें कैनाबिस (चरस) बरामद हुई। बरामद चरस का कुल वजन 606.31 ग्राम पाया गया।

◆ **पुलिस थाना बरमाणा में मामला दर्ज, जांच शुरू**

इस संबंध में पुलिस थाना बरमाणा में आरोपी के विरुद्ध मादक पदार्थ एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 20 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### खरकड़ी में दिया जल एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** श्री नयना देवी जी के साथ लगती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरकड़ी में लोटस ईको क्लब द्वारा जल एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली में बच्चों तथा स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। रैली के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल नारा लेखन, भाषण तथा प्रश्नोतरी आदि का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# मनीष आईटी प्रमुख, अंकुश सह-आईटी प्रमुख नियुक्त

अनंत ज्ञान

**भराड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने की दिशा में विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के अंतर्गत मंडल भराड़ी में आईटी प्रकोष्ठ को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने मनीष ठाकुर को मंडल भराड़ी का आईटी प्रमुख नियुक्त किया है, जबकि संगठनात्मक कार्यों को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अंकुश चौहान को सह-आईटी प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है।

ये नियुक्तियां हिमाचल प्रदेश के पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं घुमारवीं के पूर्व विधायक राजेंद्र गर्ग तथा मंडल अध्यक्ष जोरावर सिंह पाटिल द्वारा की गईं। नवनियुक्त आईटी प्रमुख मनीष ठाकुर ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सह-आईटी प्रमुख अंकुश चौहान के साथ समन्वय स्थापित कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, पार्टी की नीतियों और विचारधारा को सोशल मीडिया एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



मनीष ठाकुर



अंकुश चौहान

वहीं, सह-आईटी प्रमुख अंकुश चौहान ने भी संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा और सक्रियता से निभाने का भरोसा दिलाया है।

# द्रोबड़ में दो करोड़ के विकास कार्य लोकार्पित

## सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जनता को किए समर्पित, बोले-क्षेत्र का करेंगे चहुंमुखी विकास

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र की द्रोबड़ पंचायत में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण बुधवार को किया गया। मिनरल फंड से लगभग डेढ़ करोड़, जबकि विधायक निधि से लगभग 50 लाख रुपए की लागत से करवाए गए इन कार्यों का उद्घाटन सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने किया। इनमें इंटरलॉक टाइलों के साथ निर्मित मैदान, सामुदायिक भवन, पक्की व संपर्क सड़कें तथा सुरक्षा दीवार जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में लगाई गई 70 सोलर लाइटें भी जनता को समर्पित कीं।

अपने संबोधन में जम्वाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान शुरू से ही उनकी प्राथमिकता रही है। भाजपा सरकार के समय शहरों के साथ गांवों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा लोगों को राहत प्रदान करने के लिए आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से बड़ी पंचायतों का विभाजन करके नई पंचायतें बनाई गई। इसी कड़ी में इस क्षेत्र की धारटटोह पंचायत को विभाजित करके 3 पंचायतों का गठन किया गया। इससे लोगों की लगभग दो दशक पुरानी मांग पूरी की गई, जबकि उससे पहले कांग्रेस इस मांग को लगातार टालती रही। इनमें धारटटोह, द्रोबड़ और सोलग-जुरासी पंचायतें शामिल हैं।



द्रोबड़ पंचायत में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक। अनंत ज्ञान

सभी पंचायतों के अपने भवन बन चुके हैं। इससे जहां लोगों को पंचायत से संबंधित कार्यों के लिए दूर जाने से निजात मिली है, वहीं विकास का उजाला भी सही ढंग से गांवों तक पहुंच रहा है।

**भारत को विकसित राष्ट्र बनाना पीएम का सपना**

**विधायक** त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। यह संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब देश का हर गांव समृद्ध और आत्मनिर्भर बने। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने बजट का मुख और विकास का रुख गांवों की ओर मोड़ा है। इससे गांवों की तस्वीर और तकदीर तेजी से बदल रही है। गांव अब केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माता के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। हालांकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राजनीतिक द्वेष भावना से भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, लेकिन इसके बावजूद विकास की यह रफ्तार कम नहीं होने दी जाएगी।

# घुमारवीं के डॉ. बृज शर्मा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित डॉक्टर्स अवॉर्ड से सम्मानित

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के गांव समलोहल निवासी तथा प्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बृज शर्मा को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में प्रतिष्ठित डॉक्टर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रदेश में स्थापित करने और जनसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

वर्तमान में डॉ. बृज शर्मा आईजीएमसी शिमला में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा की शुरुआत में अहम भूमिका निभाई है, जिससे प्रदेश के मरीजों को अब जटिल सर्जरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त डॉ. शर्मा ने प्रदेश के जनजातीय एवं दूरदराज क्षेत्रों में हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया। इस पहल के माध्यम से हजारों लोगों की समय रहते जांच संभव हो पाई और गंभीर बीमारी को शुरुआती स्तर पर ही नियंत्रित करने में सफलता मिली। उनके प्रयासों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच मजबूत हुई। डॉ. बृज शर्मा की इस उपलब्धि से पूरे घुमारवीं क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों से न केवल घुमारवीं, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।



शिमला में डॉ. बृज शर्मा को सम्मान प्रदान करते सीएम सक्खू। अनंत ज्ञान

### घुमारवीं में 23 से 25 तक ज्वेलरी प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश में अपनी शुद्धता, विश्वसनीयता और शानदार डिजाइन के लिए पहचान बना चुके बुद्धा मल ज्वेलर्स पालमपुर अब घुमारवीं में ज्वेलरी प्रदर्शनी एवं बिक्री महामेला आयोजित करने जा रहा है। यह प्रदर्शनी 23 जनवरी से 25 जनवरी तक पूरे तीन दिन घुमारवीं स्थित होटल एम4यू में आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी एवं बिक्री महामेला के दौरान पुराने सोने के बदले ग्राहकों को विशेष एक्सचेंज ऑफर भी दिया जाएगा। किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए पुराने सोने पर 100 प्रतिशत मूल्य के साथ एक प्रतिशत अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस प्रकार यदि किसी ग्राहक के पुराने सोने का मूल्य दस लाख रुपये बनता हैए तो उसे दस लाख दस हजार रुपये का लाभ मिलेगा। यह सुविधा केवल इस प्रदर्शनी के दौरान ही उपलब्ध रहेगी। बुद्धा मल ज्वेलर्स पालमपुर ने क्षेत्र के सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे 23 से 25 जनवरी तक आयोजित इस ज्वेलरी प्रदर्शनी में अवश्य पहुंचे।

# झंडूता में अघोषित बिजली के कटों से लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**झंडूता।** उपमंडल में अघोषित बिजली कटों से लोग काफी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हर दिन सुबह के समय लंबे बिजली कट लग रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हैं। वर्तमान में परीक्षा का मौसम चल रहा है और सुबह के समय बिजली गुल होने से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।




सुबह का समय लोगों की दिनचर्या का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जब स्कूल जाने वाले बच्चे, ऑफिस जाने वाले लोग और घरेलू कामकाज सुचारू रूप से चलते हैं, लेकिन अघोषित कटौती से पूरी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो जा रही है। इस मामले पर स्थानीय समाजसेवी सर्वजीत सिंह ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सुबह के समय बिजली की अति आवश्यकता होती है। लोगों की इस गंभीर समस्या पर बिजली विभाग को तुरंत ध्यान देना चाहिए। यदि बिजली कटौती आवश्यक है तो विभाग को पहले से लोगों को सूचना देनी चाहिए, ताकि वे अपनी तैयारी कर सकें। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से अपील की है कि अघोषित कटौती पर रोक लगाई जाए और यदि रखरखाव कार्य के कारण कट लगाने पड़ें तो शेड्यूल पहले जारी किया जाए। इस समस्या के चलते न केवल घरेलू का प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि छात्रों का भविष्य भी दांव पर लग रहा है। विभाग के अधिशाषी अभियंता कर्ण चंदेल ने बताया कि कागू से लोड कम आ रहा है, इसलिए कट लगाए जा रहे हैं, ताकि 33 केवी स्टेशन न जल जाए।

# शिवा ने बगटुर मार्शल आर्ट में जीता गोल्ड

## जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर में आयोजित प्रतियोगिता में चमकाया जिले का नाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर में इनडोर स्टेडियम में आयोजित छठी राष्ट्रीय बगटुर मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन कि 35 सदस्यों की टीम ने भाग लिया। भारत वर्ष की लगभग 14 राज्यों की टीमों के लगभग 280 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। इसी कड़ी में श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत टाली गांव दगडाहन निवासी शिवा परमार ने छठी राष्ट्रीय बगटुर मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच जिला बिलासपुर के जिला उपाध्यक्ष नंदलाल परमार के पुत्र शिवा परमार ब्रिज मार्शल आर्ट के खिलाड़ी, जो की अब तक कराटे, पेंचेक सिलाट और बगटुर मार्शल आर्ट नेशनल में अब तक 6 बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।



गोल्ड मेडल के साथ शिवा परमार। अनंत ज्ञान

शिवा परमार द्वारा गोल्ड मेडल जीतने पर इलाकावासियों में खुशी की लहर है। हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के प्रधान मृदुल शर्मा, महासचिव सराज अख्तर कोषाध्यक्ष सरित शर्मा, टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान, संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर मुख्य संरक्षक आईएएस विवेक चंदेल, संरक्षक एचएएस धर्मपाल चौधरी तथा सभी सदस्यों ने शिवा परमार को शुभकामनाएं दीं।

**एडवेंचर** सरकार की मंजूरी के बाद गोबिंदसागर की लहरों पर शुरू हुआ पर्यटन का नया अध्याय

# नकराणा बनेगा वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** धार्मिक पर्यटन के लिए पहचाने जाने वाले बिलासपुर जिले को अब साहसिक और जल पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। गोबिंदसागर झील के किनारे बसे नकराणा क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर के वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के जिला प्रशासन के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार से औपचारिक मंजूरी मिल गई है। इस फैसले से न केवल पर्यटन को नया आयाम मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पर्यटन, खेल, व्यापार एवं रोजगार सृजन सोसायटी की बैठक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सरकार की हरी झंडी के बाद अब टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी, ताकि परियोजना को समयबद्ध तरीके से लागू किया जा सके।

उपायुक्त राहुल ने कहा कि नकराणा क्षेत्र की भौगोलिक और प्राकृतिक विशेषताएं इसे वॉटर स्पोर्ट्स के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती हैं। भाखड़ा बांध के पीछे फैली गोबिंदसागर झील की शांत जलराशि, चारों ओर पहाड़ों का मनोरम दृश्य और सुगम पहुंच इसे देश के चुनिंदा एडवेंचर टूरिज्म स्थलों की कतार में खड़ा करती है। प्रशासन की एक विशेष टीम पहले ही क्षेत्र का दौरा कर संभावनाओं का गहन आकलन कर चुकी है। नकराणा क्षेत्र की एक बड़ी खासियत यह भी है कि यह विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी के बेहद निकट स्थित है। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। जिला प्रशासन की योजना है कि दर्शन के साथ-साथ श्रद्धालुओं को एडवेंचर और वाटर टूरिज्म से जोड़ा जाए, जिससे पर्यटकों का ठहराव समय बढ़े और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। परियोजना के तहत गोबिंदसागर में मोटर बोट, जेट स्की, बनाना राइड, सोफा राइड, वॉटर स्कीइंग जैसी रोमांचक गतिविधियों को अनुमति दी गई है। इसके अलावा कश्मीर की तर्ज पर शिकारा राइड, साथ ही कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसी गतिविधियों को भी विकसित किया जाएगा।




पर्यटन, खेल, व्यापार एवं रोजगार सृजन सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल कुमार। अनंत ज्ञान

प्रशासन का फोकस सुरक्षा मानकों, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं पर रहेगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी, निवेश को बढ़ावा और रोजगार सृजन है। यह परियोजना बिलासपुर को धार्मिक पर्यटन से आगे बढ़ाकर मल्टी-टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अपहरण और शराब तस्करी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में महिला सुरक्षा और शराब तस्करी से जुड़े दो गंभीर मामलों में चंबा पुलिस ने सक्रिय कदम उठाए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में कार्रवाई नियमों के अनुसार की जा रही है और जांच प्रक्रिया जारी है। पहला मामला महिला सुरक्षा से संबंधित है। पुलिस थाना महिला चंबा में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि किसी अनजान व्यक्ति ने उसकी भतीजी का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला शराब तस्करी से जुड़ा है। पुलिस थाना सिहुंता में अभियोग संख्या 07/26 के तहत धारा 39 (1) ए एसपी एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने तिलक राज और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2,25,000 एमएल/सीएल अवैध शराब जब्त की। मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक, जिला चंबा ने नागरिकों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

### प्रशिक्षुओं ने हिंदी, गणित विषय पर बनाए मॉडल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डाइट सरू में प्राथमिक कक्षाओं के लिए दो दिवसीय कला-एकीकृत टीएलएम निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) व जिला परियोजना अधिकारी भाग सिंह ने इसका शुभारंभ किया। 152 प्रशिक्षुओं ने 18 समूहों में सहयोगात्मक सीख, नवाचार और टीमवर्क के साथ विभिन्न विषयों के लिए रचनात्मक शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार की। कार्यशाला का संचालन टीचर एजुकेशन कोऑर्डिनेटर डॉ. राशि जंदरोटिया के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षुओं ने हिंदी, गणित, पर्यावरण अध्ययन और अंग्रेजी विषयों पर मॉडल तैयार किए। प्रदर्शनी में श्रेष्ठ समूहों को पुरस्कार दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि टीएलएम बच्चों की रुचि बढ़ाने और सीख को स्थायी बनाने में सहायक है। कार्यशाला नवाचार और व्यावहारिक प्रशिक्षण का सशक्त मंच साबित हुई।

### एफसीए मामलों की प्रगति को लेकर बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत वन मंडल डलहौजी से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागीय परियोजनाओं के तहत स्वीकृति प्रक्रियाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि लोक निर्माण मंडल चंबा के 1 मामले को स्टेज वन में स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि अन्य मामलों की प्रक्रिया जारी है। डलहौजी के लोक निर्माण मंडल में परिवेश पोर्टल-1 पर 41 और पोर्टल-2 पर 16 मामलों की अनुमति प्रक्रिया में है। मुकेश रेपसवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चरणों में लगने वाली आपत्तियों का समयबद्ध समाधान किया जाए और द्वितीय चरण की अनुपालना शीघ्र सुनिश्चित हो। बैठक में वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह और अधिशासी अभियंता जोगिंदर शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली

**अनंत ज्ञान, संधोल।** संधोल क्षेत्र में हाल ही में दो युवकों को सुजानपुर पुलिस ने चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता और आक्रोश फैल गया। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के विरोध में प्रशासन के आह्वान पर तहसील संधोल की विभिन्न पंचायतों–घनाला, बेरी, कोठुआं, धलारा, भूर, टोरखोला, कून, भदेहद सहित अन्य–में ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। ग्रामसभाओं में पंचायत प्रतिनिधियों, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ ली। घनाला पंचायत की ग्रामसभा की अध्यक्षता मुख्याध्यापक अच्छर सिंह ने की, जिसमें उपनिरीक्षक संजीव जमवाल ने चिट्टे के दुष्प्रभावों और नशे की रोकथाम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, पहचान सुरक्षित रहेगी। सभी पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ एकजुट होकर कड़ा कदम उठाने और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

### भुगतान न करने पर कटेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, भांबला के सहायक अभियंता ई. रूप सिंह ने विद्युत उपमंडल भांबला के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान 28 जनवरी तक अवश्य कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक जिन उपभोक्ताओं के बिल बकाया रहेंगे, उनकी विद्युत आपूर्ति बिना किसी अतिरिक्त सूचना या पत्राचार के काट दी जाएगी। इस कार्रवाई के लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे। सहायक अभियंता ने कहा कि समय पर बिलों का भुगतान करना न केवल उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाता है, बल्कि क्षेत्र में निर्बाध, सुरक्षित और सुचारू विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में भी सहायक होता है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने बकाया बिलों का निपटान कर लें और अनावश्यक परेशानी से बचें।

### सरकाघाट में वालन से भरा एलपी ट्रक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड के पास नाका लगाकर रखोटा की ओर आ रहे एलपी ट्रक को रोका। तलाशी में ट्रक वालन से भरा पाया गया। चालक संतोष कानूनी जवाब नहीं दे पाया और आवश्यक कागजात भी पेश नहीं कर सका। फारेस्ट गार्ड संजय कुमार और एमपीडब्ल्यू जोगेंद्र पाल ने ट्रक को कब्जे में लेकर वन विभाग कार्यालय के बाहर खड़ा किया। मौके पर वार्ड पार्षद एवं पूर्व नगर परिषद के उपाध्यक्ष ध्यान सिंह चौहान भी मौजूद रहे। फारेस्ट कर्मियों ने चालक को सभी कागजात प्रस्तुत करने के बाद ही ट्रक लेने का निर्देश दिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी मदन लाल ने बताया कि ट्रक रखोटा साइड से लाई जा रही थी और जांच जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी जमीदार साल में केवल तीन पेड़ घरेलू काम के लिए काट सकता है, ज्यादा कटाई के लिए अनुमति आवश्यक है। यह कार्रवाई अवैध वालन परिवहन रोकने की सतर्कता का उदाहरण है।

### बैरी में मिनी स्टेडियम से युवओं को मिलेगा मंच

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के ग्राम पंचायत बैरी में खेल मैदान को आधुनिक मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना युवा स्वास्थ्य, खेल-कूद, अनुशासन और नशामुक्त समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। युवा कांग्रेस नेता उदय कुमार ने विधायक का धन्यवाद करते हुए बताया कि स्टेडियम में 400 मीटर का आधुनिक रनिंग ट्रैक और जिम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे बच्चों और युवाओं को नियमित दौड़, फिटनेस प्रशिक्षण और विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता और सहनशक्ति बढ़ेगी।

# एनएचपीसी ने चंबा में रेडक्रॉस को उन्नत बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीनें सौंपी

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने लोकार्पण कर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बुधवार को राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (एनएचपीसी) की विद्युत परियोजना चमेरा-द्वद्व के सौजन्य से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत रेड क्रॉस संस्था को उपलब्ध करवाई गई स्वचालित बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख चमेरा चरण-द्वितीय एवं तृतीय अजय श्रीवास विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय जल विद्युत निगम द्वारा जिला चम्बा के लिए 18 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि से पांच स्वचालित बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीनें



उपायुक्त बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर का लोकार्पण करते हुए। अनंत ज्ञान

उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि इन उपकरणों को चम्बा, सलूणी, तीसा, चुवाड़ी और डलहौजी में स्थापित किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन अत्याधुनिक उपकरणों की सहायता से एक साथ लगभग 40 सैंपलों की जांच की जा सकती है। इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा।

उपायुक्त ने एनएचपीसी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सामाजिक कल्याण से संबंधित कार्यों में सहयोग की अपेक्षा जताई। एनएचपीसी के परियोजना प्रमुख अजय श्रीवास ने जिला प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने जिले के विकास के प्रति निगम की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में सीएसआर के अंतर्गत किए जाने वाले व्यय में जिला चम्बा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा, सचिव जिला रेड क्रॉस ऋषभ ठाकुर, एनएचपीसी की ओर से वित्त परियोजना प्रमुख अमित बंसल, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन जनेश कुमार तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी कल्याण सिंह राणा उपस्थित रहे।

# चंबा को योजनाओं ने नहीं, राजनीतिक कायरता ने पीछे धकेला : शिशु गुप्ता

अनंत ज्ञान



**चंबा।** राजनीतिक विश्लेषक शिशु गुप्ता ने कहा है कि चंबा का पिछड़ापन अब किसी बहाने से नहीं ढका जा सकता। सच्चाई यह है कि यह स्थिति राजनीतिक इच्छाशक्ति की विफलता का नतीजा है। सालों से योजनाओं की घोषणाएं होती रहीं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर बदलाव नहीं दिखा।

जिले में बेरोज़गारी बढ़ती गई, युवा पलायन को मजबूर हुए और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएं सवालों के घेरे में रहीं। सवाल यह नहीं कि बजट आया या नहीं, सवाल यह है कि विकास दिख क्यों नहीं रहा?

उन्होंने कहा कि अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में होने के कारण चंबा उपेक्षित रहा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या चंबा के जनप्रतिनिधियों ने कभी मजबूती से चंबा का पक्ष रखा? या फिर हर बार चुप्पी ही सबसे आसान रास्ता बनी रही? जब भी राष्ट्रीय नेतृत्व चंबा पहुंचता है, भारी भीड़ उमड़ती है। यह साफ संकेत है कि जनता में उम्मीद आज भी ज़िंदा है। लेकिन उम्मीद अपने आप विकास में नहीं बदलती, उसके लिए स्थानीय स्तर पर स्पष्ट और निर्भीक नेतृत्व चाहिए।

शिशु गुप्ता ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि चंबा को सिर्फ घोषणाओं का ज़िला न बनाकर नीति और प्राथमिकता का ज़िला बनाया जाए। स्थानीय संसाधनों पर आधारित रोज़गार, योजनाओं की जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के बिना हालात नहीं बदलेंगे। क्योंकि साफ है कि चंबा की सबसे बड़ी कमजोरी उसका मौन रहा है।

## बलेरा पंचायत में चिट्टे के खिलाफ दिखाई एकजुटता

**अनंत ज्ञान, भटियात।** विकास खंड भटियात की ग्राम पंचायत बलेरा में आयोजित ग्राम सभा में चिट्टे और नशे के खिलाफ स्पष्ट संदेश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता उप-प्रधान मनजीत ने की और उन्होंने पंचायतवासियों से अपील की कि नशा तस्करी या चिटे के सौदागर की जानकारी तुरंत पंचायत को दें। मुख्य वक्ता थाना डलहौजी के एसएचओ जगबीर ठाकुर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टे का सेवन समाज और आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रहा है। उन्होंने नशे के खिलाफ लड़ाई को केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। एसएचओ ने ग्रामीणों को नशे के सेवन करने वालों को समझाने, सही रास्ता दिखाने और पुलिस को सूचित करने की सलाह दी, साथ ही उनकी पहचान सुरक्षित रखने का भरोसा दिया। बैठक के अंत में उन्होंने सभी पंचायतवासियों को नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई। महिला मंडल, आशा वर्कर, वार्ड सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रीढ़ की हड्डी टूटने से जिंदगी थमी मदद की राह देख रहा चुराह का युवक

अनंत ज्ञान

**चुराह।** प्रदेश के जिला चंबा के चुराह उपमंडल की ग्राम पंचायत सत्यास के गांव ध्यास निवासी विनय कुमार (पुत्र बृजराम) ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भावुक अपील की है कि उनके घर पर डॉक्टरों की टीम भेजी जाए, ताकि उनका मेडिकल परीक्षण किया जा सके और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।



विनय कुमार 3 अगस्त 2019 को हुए एक भीषण कार हादसे में रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगने के बाद पूरी तरह से पैरालाइज हो गए थे। हादसे के बाद से वे छाती से नीचे पूरी तरह सुन्न हैं और लगभग 90 प्रतिशत विकलांगता से जूझ रहे हैं। पिछले सात वर्षों से वे बिस्तर पर हैं और जिंदगी व मौत की जंग लड़ रहे हैं। विनय कुमार ने बताया कि उनकी गंभीर शारीरिक स्थिति के बावजूद आज तक उन्हें किसी भी सरकारी योजना या सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि चंबा मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल उनके घर से लगभग 85 किलोमीटर दूर है और उनकी हालत ऐसी नहीं है कि वे वहां तक यात्रा कर सकें। गाड़ी में बैठने में अत्यधिक परेशानी होती है, दिन-रात तेज दर्द और शरीर में असहनीय पीड़ा बनी रहती है। पीड़ित युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि एक मेडिकल टीम उनके घर भेजी जाए, ताकि उनका मेडिकल प्रमाण पत्र बन सके और उन्हें विकलांग पेंशन सहित अन्य सरकारी सहायता मिल सके।

सात वर्षों से मदद की आस लगाए विनय कुमार की यह अपील अब प्रशासन और सरकार के लिए एक संवेदनशील मानवीय परीक्षा बन गई है। अब देखना यह है कि सरकार उनकी पीड़ा को कब तक सुनेगी और उन्हें न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाएगी।

# 7 साल बाद भी अधूरी बकानी-धरबेटा सड़क

## संजय की अध्यक्षता में लोगों ने अधिशासी अभियंता को सौंपा शिकायत पत्र

अनंत ज्ञान



बकानी-धरबेटा सड़क के विरोध में ज्ञापन देते स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

**धरवाला।** बकानी धरबेटा सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्वयंसेवक संजय ठाकुर की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को सौंपा शिकायत पत्र। लोगों का कहना है कि बकानी धरबेटा सड़क निर्माण का कार्य अत्यंत धीमी गति एवं लापरवाही पूर्वक किया जा रहा है इस संबंध में प्रतिनिधि मंडल ने आरटीआई सूचना के आधार पर निम्न बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया। जिसमें बताया गया कि पिछले 7 वर्षों से चल रहा उक्त सड़क निर्माण का कार्य आज दिन तक पूर्ण नहीं हुआ है जबकि आरटीआई सूचना के मुताबिक यह कार्य1.5 वर्ष में पूर्ण होना था। आरटीआई के अनुसार सड़क की कुल लंबाई 5.990 किलोमीटर दर्शाई गई है किंतु आज दिनांक तक सड़क पूर्ण रूप से तैयार नहीं की गई है।

वहीं दूसरी ओर सड़क निर्माण के दौरान मलबे को निर्धारित डंपिंग स्थान पर ना डालकर सड़क के किनारों पर ही फेंका गया है जिससे सड़क की स्थिति और जर्जर होती जा रही है। आरटीआई के अनुसार बताया गया है कि सड़क को 5.300 किलोमीटर पूर्ण कर दिया गया है जबकि वास्तविक में उक्त सड़क की हालत अत्यंत खराब है और इस सड़क पर चलने वाले वाहन किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

आरटीआई में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सड़क को आगे बढ़ाने में कोई बाधा नहीं है तो फिर सड़क को 5.990 किलोमीटर तक पूर्ण क्यों नहीं किया जा रहा है साथ ही जहां तक कार्य हुआ है वहां केवल भूमि को खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे स्थानीय लोगों की भूमि बर्बाद हो चुकी है।

इस संबंध में स्वयंसेवक संजय ठाकुर की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने कार्यकारी अभियंता को शिकायत पत्र देते हुए दृढ़ मांग की है कि सड़क को जहां तक खोदा गया है वहां तक 5.300 किलोमीटर सड़क का शीघ्र सुधार किया जाए वह सड़क की पूर्ण स्वीकृत लंबाई 5.990 किलोमीटर को पूरा किया जाए तथा सड़क निर्माण में जिन लोगों की भूमि क्षतिग्रस्त हुई है उसे भी अति शीघ्र ठीक किया जाए।

# केजीबीवी हिमगिरि की छात्रा से सहायक वॉर्डन बनी चंपा कली

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमगिरि क्षेत्र की बेटी चंपा कली उर्फ मधु चौहान ने अपने संघर्ष और शिक्षा के बल पर एक प्रेरणादायक पहचान बनाई है। साधारण परिवार से आने वाली मधु चौहान आज केजीबीवी हिमगिरि में सहायक वॉर्डन के पद पर कार्यरत हैं। खास बात यह है कि वे कभी इसी छात्रावास की छात्रा रही हैं और अब उसी संस्था में सेवा देकर अन्य बेटियों का भविष्य संवार रही हैं। मधु चौहान के पिता बलदेव मिस्त्री मजदूरी करते हैं, जबकि माता बबली ने परिवार संभालते हुए बेटी की पढ़ाई और सपनों को पूरा समर्थन दिया। मधु ने एमए, बीएड और डीएलएड की पढ़ाई पूरी की और पॉलिटिकल साइंस में एमए में अपने बैच में टॉपर रहकर गोल्ड मेडल के लिए चयनित हुईं।



मधु बताती हैं कि केजीबीवी में रहने से उन्हें आत्मनिर्भर बनने, आत्मविश्वास बढ़ाने और विविध पृष्ठभूमि की छात्राओं के साथ सीखने का अवसर मिला। यहां उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर और खेलकूद जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हुआ। मधु अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और दादा-दादी को देती हैं। शिक्षा विभाग ने उनकी उपलब्धि की सराहना की है। जिला परियोजना अधिकारी भाग सिंह और जिला समन्वयक कविता बिजलवान ने उन्हें क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरक उदाहरण बताया।

आज सहायक वॉर्डन के रूप में मधु चौहान समाज को यह संदेश दे रही हैं कि बेटियां हर क्षेत्र में सफल हो सकती हैं, बस उन्हें अवसर और समर्थन मिले। केजीबीवी हिमगिरि की छात्रा से वहां की सहायक वॉर्डन बनने तक का उनका यह सफर अनगिनत बेटियों के लिए प्रेरणा है।

## बीपीएल सूची में अधिक परिवारों को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, तीसा।** विकास खंड तीसा में बीपीएल चयन के मानदंडों में हाल ही में किए गए संशोधनों के बाद अधिक से अधिक पात्र परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। इसे लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नए निर्देशों के अनुसार इच्छुक और पात्र लोग 25 जनवरी तक अपने संबंधित पंचायत कार्यालयों में बीपीएल के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, विकास खंड तीसा में पहले कुल 9424 बीपीएल परिवार दर्ज थे। बीपीएल सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया के पहले चरण में 878 परिवारों का चयन किया गया था। अब दूसरे चरण में 1368 नए परिवारों को सूची में शामिल किया जा रहा है। इसके उपरांत तीसरे चरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। विकास खंड अधिकारी चुराह अरविंद कुमार ने बताया कि बीपीएल चयन पूरी प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा तय किए गए मानदंडों के अनुसार पारदर्शी तरीके से की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वही परिवार सूची में शामिल किए जाएंगे, जो निर्धारित समावेशन मानदंडों को पूरा करते हों।

# गरीबों के रोजगार पर नगर परिषद की कार्रवाई निंदनीय : सुदेश ठाकुर

अनंत ज्ञान



**चंबा।** सीटू के जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने बुधवार को प्रेस मीडिया से बातचीत करते हुए नगर परिषद चंबा द्वारा गरीब लोगों की रेहड़ियों पर की जा रही कार्रवाई पर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह अतिक्रमण, सड़क, सफाई या बिना परमिट के नाम पर गरीबों की रेहड़ियों को हटाया जा रहा है, वह पूरी तरह अन्यायपूर्ण और अमानवीय है।

सुदेश ठाकुर ने दो टूक कहा कि अगर सरकार लोगों को रोजगार नहीं दे सकती, तो उनसे रोजगार छीनने का भी कोई अधिकार नहीं रखती। उन्होंने कहा कि एक गरीब व्यक्ति मेहनत करके इज्जत से रोजी-रोटी कमाना चाहता है, लेकिन प्रशासन उसे वह मौका भी नहीं दे रहा।

उन्होंने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाइसेंस रिन्यू करना बंद कर दिया गया है, जिससे गरीब रेहड़ी-पटरी वालों को जानबूझकर अवैध घोषित किया जा रहा है। सुदेश ठाकुर ने मांग की कि रेहड़ी-पटरी वालों के लिए परमिट और लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए, ताकि गरीब वर्ग बिना डर के अपना रोजगार चला सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन को कार्रवाई से पहले मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, न कि सीधे रोजी-रोटी पर प्रहार करना चाहिए। यह बयान स्थानीय स्तर पर गरीब और मेहनतकश वर्ग के बीच प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर बढ़ती नाराजगी को साफ तौर पर दर्शाता है।

## 13.83 चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक और प्रभावी कार्रवाई की गई है। थाना सदर पुलिस ने भोटा क्षेत्र में सतर्कता के दौरान बाइक सवार सुखविन्दर सिंह पुत्र रमेश चन्द निवासी गोंदपुर, तहसील हरोली, जिला ऊना तथा साहिल पुत्र बांकु राम निवासी पत्थल्यार, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर से 13.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि इस संबंध में बीएनएस धारा के तहत पंजीकृत कर जांच जारी है।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कुलदीप बेदी,** पुत्र तिलक राज बेदी, निवासी गांव सुत्रेहर, वार्ड नं. 1, प्लॉट नं. 15B, इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, ने अपना नाम कुलदीप सिंह बेदी से बदलकर कुलदीप बेदी कर लिया है और आगे से सभी प्रयोजनों के लिए कुलदीप बेदी के नाम से ही जाना जाऊँगा।

**नाम परिवर्तन**

**मैं आर्मी No-13742874F Rank Hav.** जय चन्द सपुत्र श्री सोहन सिंह निवासी गाँव गोडना (Gohrna) डा. भंगरोटू, तहसील बल्ह जिला मण्डी हि. प्र. घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे बेटे का नाम जितेन्द्र सिंह (Jatinder Singh) के स्थान पर जितेन्द्र कुमार (Jitender Kumar) किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**बेदखली सूचना**

**मैं, विनोद कुमार राणा** पुत्र स्व. मिल्खी राम राणा, निवासी ग्राम धार के बेड़, डाकघर धर्मपुर, तहसील कसौली, जिला सोलन (हि.प्र) सत्यापित करता हूँ कि मेरा पुत्र अनुज राणा और उसकी पत्नी मेरे कहने सुनने से पूरी तरह बाहर है। ये दोनों मेरी कोई भी बात नहीं मानते। इस लिए मैं उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनके द्वारा किए किसी भी लेनदेन के लिए मैं जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करूँगा

# बाखली पुल निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया होगी पूरी : चंद्रमणि शर्मा

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** सराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तादी में बाखली खड्ड पर क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण के लिए बीबीएमबी ने 78,99,953 रुपये स्वीकृत किए हैं। यह राशि पडोह डैम विस्थापितों के बाखली निवासियों के पुनर्स्थापन के लिए बीबीएमबी अध्यक्ष द्वारा जारी की गई है।

बाखली खड्ड पर बने फुट ब्रिज का पुनर्निर्माण पहले जैसा किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों और माता बगलामुखी मंदिर के भक्तों को खड्ड पार करने में सुविधा मिलेगी। वर्ष 1977 में निर्मित यह फुट ब्रिज वर्ष 2025 की बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया था। स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल बीबीएमबी कार्यालय पडोह में वरिष्ठ अधिशासी अभियंता चंद्रमणि शर्मा से मिला और पुल निर्माण की लिखित मांग प्रस्तुत की। इस पर बीबीएमबी चैयरमैन ने गंभीरता से विचार कर बजट स्वीकृति दी। माता बगलामुखी मंदिर कमेटी के प्रधान टेक चंद, कृष्ण ठाकुर, भुपेंद्र सिंह और हेम राज ने खुशी व्यक्त करते हुए बीबीएमबी प्रबंधन का आभार जताया। पडोह डैम विस्थापित युनियन के संस्थापक बीआर भाटिया ने कहा कि यह पहला अवसर है जब बीबीएमबी ने विस्थापितों की



समस्याओं को गंभीरता से समझा और उनके दर्द पर मरहम लगाया। पंचायत प्रधान तादी अमरावती ठाकुर ने इसे स्थानीय लोगों की जीत बताया और बीबीएमबी प्रबंधन के प्रति सभी की ओर से आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ अधिशासी अभियंता चंद्रमणि शर्मा ने बताया कि बजट स्वीकृति पत्र मिलने के बाद जल्द ही टेंडर प्रक्रिया और निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। इस पुल के पुनर्निर्माण से सराज विधानसभा क्षेत्र की 12-15 पंचायतों के हजारों लोग लाभान्वित होंगे और लोगों की दैनिक आवाजाही आसान हो जाएगी।

## आज भी बंद रहेगा पंडोह रोप-वे

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह-माता बगलामुखी रोप-वे 20 से 22 जनवरी तक बंद किया गया है। यानी आज भी रोप-वे बंद रहेगा। 23 जनवरी से रोप-वे पुनः रोप-वे पुनः आम जनता को अपनी सेवाएं देने लगेगा। बता दें हर वर्ष रोप-वे के तकनीकी जांच और आवश्यक मुरम्मत की जाती है जो रूटीन वर्क है। जिसके चलते यह रोप-वे बंद रेहता है। हालांकि रोप-वे संचालक आईटीडीसी इसकी पुर्व सुचना किसी भी माध्यम से प्रसारित नहीं करती है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ पर्यटक भी परेशान होते है। बता दें कि यह रोप-वे ना केवल माता बगलामुखी के दर्शन करवाता है अपितु बाढ़ त्रासदी से त्रस्त हजारों लोगों के लिए ब्यास नदी तथा बाखली खड्ड के उस पार आने जाने का भी एक बड़ा माध्यम बना है। लोगों की जरूरत बन चुका है रोप-वे। इसलिए इसके बंद होने से लोग भी परेशान होते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 23 जनवरी प्रातः से ही यह रोप-वे फिर से सुचारू रूप से सेवाएं देने लगेगा।

## मणिमहेश यात्रा में अजय ठाकुर और टीम को अनदेखा करने पर उठे सवाल

# आपदा सेवा को अनदेखा करना चिंताजनक

अनंत ज्ञान

**चंबा।** मणिमहेश यात्रा के दौरान सेवा में सक्रिय आईटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर अजय ठाकुर, मैहला निवासी भूवनेश सिंह कटोच, संजय पूरी और उनकी पूरी टीम जिनका योगदान 2013 के केदारनाथ आपदा के बाद लगातार बना हुआ है, को इस बार अनदेखा किया जा रहा है। यह स्थिति स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

यात्रा को स्मूथ और सुरक्षित बनाने के लिए अजय ठाकुर, भुवनेश सिंह कटोच और उनकी टीम ने वर्षों से निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा, रास्तों को खुलवाने और बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में अहम योगदान दिया है। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन की नजरें इन सेवाओं पर क्यों नहीं पड़ रही, यह सवाल उठता है।

भूवनेश सिंह कटोच ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि टीम ने हमेशा यात्रा के दौरान सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हर संभव योगदान दिया है, लेकिन मंदिर और



आपदा के दौरान सहायता करते अजय ठाकुर व अन्य। फाइल फोटो अनंत ज्ञान

ट्रस्ट के पैसे पर नजर रखने वाली सरकार ने उनकी सेवाओं को अनदेखा किया। उनका मानना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि धार्मिक स्थलों को भी व्यवसाय का केंद्र बनाने की सोच है।

चंबा की जनता इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब चाहती है कि क्या 26 जनवरी को सम्मानित समारोह के लिए ये योग्य नहीं हैं। स्थानीय लोगों और युवाओं का मनोबल गिराने की यह कोशिश यात्रा और समाज दोनों के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय लोग भी इस बात को लेकर सवाल उठा रहे हैं कि इतने वर्षों तक सेवा देने वाले युवाओं की पहचान क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन और सरकार इस योगदान को नजरअंदाज करती रही, तो यह केवल सेवा भाव को ही कमज़ोर नहीं करेगा, बल्कि समाज में युवाओं की भागीदारी और जिम्मेदारी की भावना पर भी असर डालेगा।

यह मामला स्पष्ट करता है कि सेवा और योगदान की वास्तविक सराहना करना ही किसी भी धार्मिक या सामाजिक आयोजन की सफलता की नींव होती है।

**मानवता** की दिशा में उठाया गया प्रत्येक कदम आपकी स्वयं की चिंताओं को कम करने में मील का पत्थर साबित होगा।
– स्वामी श्री सुदर्शनाचार्य जी

## संपादकीय

# शिक्षा गुणवत्ता और संस्कृति

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार हमेशा से व्यवस्था परिवर्तन और नवाचार के प्रति प्रतिबद्ध रही है। सरकार इसके कार्यान्वयन में निरंतर प्रयासरत है। विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट और दूरदर्शी रहा है। पिछले तीन वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जो पहल की गई हैं, वे न केवल प्रशासनिक दृष्टि से उचित हैं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण हैं।

सबसे पहले, शिक्षा विभाग ने अनावश्यक रूप से खोले गए स्कूलों को बंद करने या उन्हें नजदीकी स्कूलों के साथ विलय करने का निर्णय लिया। यह कदम केवल संसाधनों की बचत के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी अत्यंत आवश्यक था। एक स्कूल को संचालित करने के लिए स्टाफ, मेंटिनेंस, बिजली-पानी और अन्य संसाधनों पर काफी खर्च आता है। कई छोटे और कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों को बंद कर या मर्ज करके सरकार ने न केवल खर्च कम किया, बल्कि अध्यापकों की कमी भी काफी हद तक दूर की।

सिर्फ प्रशासनिक सुधार ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि बच्चों के लिए समृद्ध और ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रम सुनिश्चित करना भी सरकार की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में अब हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में प्राचीन मंदिरों, ऐतिहासिक किलों और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति और इतिहास से परिचित कराना है। आज के समय में बच्चे तकनीक और आधुनिक जीवनशैली में व्यस्त हैं, जिससे उनकी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से दूरी बढ़ रही है। ऐसे में यह पहल उनके लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी।

शिक्षा निदेशालय और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) इस योजना पर तेजी से कार्य कर रही है। पाठ्यक्रम में बदलाव छठी से आठवीं कक्षा तक लागू किया जाएगा। यह कदम केवल इतिहास की जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के रचनात्मक और व्यावहारिक विकास पर भी ध्यान केंद्रित करता है। सरकार का दृष्टिकोण यह है कि केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि रचनात्मक सोच, कौशल विकास और जीवन से जुड़े अनुभव भी आवश्यक हैं।

पाठ्यक्रम में प्रदेश की संस्कृति, कला, साहित्य, प्राचीन मंदिर, किले और प्रजा मंडल के बारे में जानकारी शामिल की जाएगी। इसके अतिरिक्त, हिमाचल के ऐतिहासिक स्थलों का विवरण भी विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। इससे बच्चे न केवल अपने इतिहास और संस्कृति से जुड़े रहेंगे, बल्कि उनकी देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी।

हालांकि, पाठ्यक्रम में सुधार केवल पहला कदम है। इसके साथ ही अध्यापकों का प्रशिक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक शिक्षा पद्धति और रचनात्मक शिक्षण के लिए समय-समय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना अनिवार्य है। प्रशिक्षित शिक्षक ही विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन दे सकते हैं और उनके कौशल एवं प्रतिभा को सही रूप से निखार सकते हैं। सरकार की यह प्रतिबद्धता तब और प्रभावी होगी जब माता-पिता का विश्वास सरकारी स्कूलों में बढ़े। आज भी कई परिवार, चाहे वह गरीब हों या मध्यम वर्गीय, अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं।

इसका मुख्य कारण सरकारी स्कूलों में सुविधाओं और गुणवत्ता की कमी का नजरिया है। यदि सरकार ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्याप्त स्टाफ, सुविधाजनक इंफ्रास्ट्रक्चर और रचनात्मक पाठ्यक्रम उपलब्ध करवा दिया, तो लोग निश्चित रूप से सरकारी स्कूलों की ओर आकर्षित होंगे। जब बच्चे अपने स्कूल और समाज के प्रति जिम्मेदार बनेंगे, अपनी संस्कृति और इतिहास से जुड़ेंगे, तो यह भविष्य में नागरिकों के रूप में उनके व्यवहार और निर्णयों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भजन सम्राट

**नरेंद्र चंचल** भारत के प्रसिद्ध गायकों में से एक थे। मुख्य रूप से उन्हें माता रानी के भजन गायक के रूप में जाना जाता था। उनके गीतों के बिना उत्तर भारत में दुर्गा पूजा अधूरी मानी जाती थी। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में भी गीत गाए और भारतीय संगीत जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। नरेंद्र चंचल का जन्म अमृतसर, पंजाब के एक पंजाबी परिवार में हुआ था। माता का नाम कैलाशवती और पिता का नाम चेतराम खरबंदा था। उन्होंने 1976 में नम्रता चंचल से विवाह किया और उनके दो बेटे व एक बेटी हैं। बचपन से ही उनकी रुचि भजनों में बढ़ी थी, खासकर अपनी मां से प्रेरणा लेकर। प्रारंभिक संगीत प्रशिक्षण उन्होंने अपनी मां से लिया और बाद में प्रेम त्रिखा से भी संगीत की शिक्षा प्राप्त की। संगीत के क्षेत्र में नरेंद्र चंचल ने लंबा संघर्ष किया।



नरेंद्र चंचल
**जन्म :** 16 अक्तूबर, 1940
**मृत्यु :** 22 जनवरी, 2021

उन्हें पहचान मिली 1973 में फिल्म 'बॉबी' के गीत 'बेशक मंदिर मस्जिद तोड़ो' से, जिसके लिए उन्होंने फिल्मफेयर बेस्ट मेल प्लेबैक अवार्ड भी जीता। इसके बाद उन्होंने कई हिट गीत गाए, जैसे 1974 में 'मैं बेनाम हो गया' ('बेनाम'), 'बाकी कुछ बचा तो महंगाई मार गई' ('रोटी कपड़ा और मकान'), और 1983 में 'चलो बुलावा आया है' ('अवतार')। उन्होंने भजन और कीर्तन की दुनिया में भी लंबा योगदान दिया और जगरातों में सक्रिय रहे। मार्च 2020 में उनका कोरोना काल पर भजन वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने भक्ति और वर्तमान महामारी का समावेश किया। भजन सम्राट नरेंद्र चंचल का निधन 22 जनवरी 2021 को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में हुआ। उनके गीत और भजन आज भी भक्तों और संगीत प्रेमियों के बीच अमर हैं। ■



कविता

## कभी तो आओ पहाड़ों पे

स्वामी राणा

**मेरा** देश है हिंदुस्तान, हिमाचल है उसकी शान,
झर-झर बहती नदियां यहां, बढ़ाती हैं ये सबका मान
भोले भाले लोग यहां के, करते भारी मेहनत,
देवभूमि है इसे बुलाते, यहां देवो में है सत।
मुझे हिमाचल जान से प्यारा, मैं और कहां क्यों जाऊं,
मेरा जन्म है यहीं हुआ, मैं यहीं पर मरना चाहूं।
यहां हैं मंदिर माताओं के, शिव का है बसेरा,
हरियाली यहां चारों तरफ, ऐसा हिमाचल मेरा।
बांध भाखड़ा यहां की शान, बिजली जहां है बनती,
शिमला है पहाड़ों की रानी, दुनिया नाज है करती।
ऊंचे-ऊंचे पर्वत हैं, आसमान को छूते,
शिव के भक्त हैं घर-घर में, यहां शिव की पूजा करते।
न किसी से बैर यहां, न ही किसी से लड़ाई,
आपस में सब मिलकर रहते, मांगते सबकी भलाई।
दुनिया को संदेश राणे का, कभी तो आओ पहाड़ों पे,
जीवन ये मिट जाएगा, कभी रात गुजारो पहाड़ों में।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वार्षिक परीक्षाओं में सफलता : निरंतर अभ्यास और एकाग्रता

परीक्षाओं का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान और भूमिका होती है। परीक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा किसी भी व्यक्ति की योग्यताओं, क्षमताओं, ज्ञान और समझ का आकलन किया जाता है। यह केवल विद्यार्थियों के ज्ञान की ही नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, एकाग्रता, अनुशासन और कार्यक्षमता की भी परीक्षा होती है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता (अंग्रेजी), शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा

अतः परीक्षाओं को बोझ या भय के रूप में न देखकर, अपनी क्षमताओं के प्रदर्शन के एक सकारात्मक अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। कुछ ही समय पश्चात वार्षिक परीक्षाओं का दौर प्रारंभ होने वाला है। अधिकांश विद्यार्थियों ने संभवतः अपना पाठ्यक्रम पूरा कर लिया होगा और कई बार उसकी दोहराई भी कर चुके होंगे, जो अच्छे प्रदर्शन के लिए अत्यंत आवश्यक है। जो विद्यार्थी परीक्षा में अपनी पूर्ण क्षमता का प्रदर्शन करना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा के प्रति भय और तनाव नहीं पालना चाहिए।

भय और घबराहट परीक्षा में सफलता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। परीक्षा हमारी क्षमता का आकलन करती है, अतः सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करना ही सफलता की कुंजी है। सफल तैयारी के लिए सबसे पहले सभी विषयों की पाठ्यवस्तु को छोटे-छोटे भागों में विभाजित करना चाहिए। प्रत्येक भाग के अध्ययन और पुनरावृत्ति के लिए पर्याप्त समय निर्धारित करें और उस समय-सारणी का नियमित रूप से पालन करें। केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि पढ़ी हुई सामग्री का लिखित अभ्यास करना भी उतना ही आवश्यक है। लिखित अभ्यास से विषयवस्तु स्थायी रूप से स्मरण में रहती है और उत्तर लेखन में भी दक्षता आती है। निरंतर अभ्यास में आलस्य न आने दें, हालांकि थोड़े-थोड़े अंतराल पर विश्राम अवश्य करें, जिससे मानसिक थकान न हो।

वार्षिक परीक्षाएं विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती हैं। यह केवल पाठ्य पुस्तकों में दिए गए तथ्यों की परीक्षा नहीं होती, बल्कि धैर्य, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास की भी कसौटी होती है। परीक्षा शब्द सुनते ही कई विद्यार्थियों के मन में तनाव और भय उत्पन्न हो जाता है, जबकि सही रणनीति और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर इस समय को आत्मविकास का अवसर बनाया जा सकता है।

आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि विद्यार्थी योजनाबद्ध तैयारी, एकाग्रता और तनाव-मुक्त अध्ययन पद्धति अपनाएं। अध्ययन करते समय केवल रटने के बजाय विषय को समझकर पढ़ना अधिक प्रभावी होता है। प्रत्येक अध्याय के मुख्य बिंदुओं को चिन्हित करें, सारांश तैयार करें और महत्वपूर्ण परिभाषाओं, सूत्रों तथा तथ्यों को अलग से नोट्स में लिखें।




कठिन विषयों को छोटे-छोटे भागों में बांटकर पढ़ने से विषय सरल लगने लगता है और समझ भी बेहतर होती है। यह पद्धति परीक्षा की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। परीक्षा की तैयारी में पुनरावृत्ति (रिवीजन) का विशेष महत्व है। पहली बार पढ़ी गई सामग्री लंबे समय तक स्मरण में नहीं रहती, इसलिए नियमित दोहराई आवश्यक है। सप्ताह के अंत में पूरे सप्ताह का पुनरावर्तन करें और परीक्षा से पूर्व कम से कम दो बार संपूर्ण पाठ्यवस्तु की अभ्यास परीक्षा घर पर दें। कठिन विषयों की बार-बार पुनरावृत्ति से वह अवचेतन मस्तिष्क में संचित हो जाती है और भूलने की संभावना कम हो जाती है। पुनरावृत्ति के साथ-साथ लिखित अभ्यास करना परीक्षा में समय प्रबंधन और उत्तर प्रस्तुति की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। अध्ययन करते समय पूर्ण एकाग्रता और मनोयोग अत्यंत आवश्यक है।

विद्यार्थियों को मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य ध्यान भटकाने वाले साधनों से दूरी बनाए रखनी चाहिए तथा शांत, स्वच्छ और सुव्यवस्थित अध्ययन-स्थान का चयन करना चाहिए। लगभग 40-45 मिनट तक एकाग्र होकर पढ़ाई करने के बाद 5-10 मिनट का छोटा विश्राम लाभकारी होता है। गहरी सांस, ध्यान और प्राणायाम जैसी तकनीकें एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक तनाव को कम करने में सहायक होती हैं। तनाव परीक्षा की तैयारी का सबसे बड़ा शत्रु है। असफलता का भय, परिणाम की चिंता और दूसरों से तुलना विद्यार्थियों में तनाव उत्पन्न करती है। इसलिए स्वयं पर विश्वास रखना आवश्यक है और यह समझना चाहिए कि परीक्षा जीवन का केवल एक चरण है, संपूर्ण जीवन नहीं। अपेक्षित सफलता न मिलने पर भी निराशा नहीं पालनी चाहिए, क्योंकि परीक्षा के अवसर पुनः मिल सकते हैं, पर जीवन अनमोल है।

सिर्फ पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित अभ्यास सफलता की कुंजी है। पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल करना और मॉक टेस्ट देना समय प्रबंधन, उत्तर लेखन कौशल और आत्मविश्वास को विकसित करता है। सहपाठियों और अध्यापकों से मार्गदर्शन प्राप्त करना भी लाभकारी होता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और हल्की-फुल्की व्यायाम भी अध्ययन क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं।

अंततः, योजनाबद्ध तैयारी, सकारात्मक सोच, निरंतर अभ्यास और तनाव-मुक्त दृष्टिकोण अपनाकर हर विद्यार्थी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकता है। निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से कठिन परिस्थितियां भी सहज हो जाती हैं और सफलता मिलती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत की आर्थिक छलांग और खेलों की अधूरी कहानी

आज भारत ने जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल किया है। यह उपलब्धि गर्व का विषय है, लेकिन खेलों में हमारा प्रदर्शन अभी भी संतोषजनक नहीं है।



आशीष तृप्ता शर्मा
नालागढ़, जिला सोलन

इतिहास यह स्पष्ट करता है कि विश्व पटल पर अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए केवल आर्थिक या सैन्य शक्ति ही पर्याप्त नहीं होती, बल्कि खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन भी राष्ट्र की ताकत का प्रतीक बनता है। ओलंपिक्स, एशियन, कॉमनवेल्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच केवल प्रतियोगिताएं नहीं, बल्कि अनुशासन, युवाशक्ति और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन हैं।

भारत में 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 40 करोड़ युवा हैं, फिर भी ओलंपिक में हमारी सफलता सीमित क्यों है-यह गंभीर प्रश्न है। इस विषय पर अपने 20 वर्षों के खेल अनुभव और राष्ट्रीय स्तर के ताइक्वांडो खिलाड़ी व कोच होने के नाते मैं अपने विचार साझा कर रहा हूं। दुनिया के कुछ देशों की खेल नीतियां हमें सीखने योग्य हैं। अमेरिका हर ओलंपिक में शीर्ष स्थान पर रहता है।

उसकी नीति स्पष्ट है-प्रतिभा को पहचानो और उसे सर्वोत्तम सुविधाएं दो। अमेरिका ने हाल ही में क्रिकेट में भी निवेश किया, क्योंकि टी-20 क्रिकेट 2028 ओलंपिक्स का हिस्सा बनने जा रहा है। चीन की नीति भिन्न है; वह केवल अपने नागरिकों को कठोर अनुशासन में तैयार करता है। आलोचना के बावजूद चीन जानता है कि वैश्विक पहचान के लिए कठोर प्रशिक्षण आवश्यक है। ईरान ने भी अपने खेलों का चयन ताकत, फुर्ती और साहस के आधार पर किया है-ताइक्वांडो, कुश्ती, भारोत्तोलन और कबड्डी जैसे खेलों में सफलता हासिल की। इसके विपरीत भारत की खेल नीति 'भेड़चाल' जैसी रही है। उदाहरण के तौर पर, 2000 से पहले भारत के पास शूटिंग में कोई ओलंपिक पदक नहीं था। 2004 में राठौर और 2008 में अभिनव बिंद्रा के पदक आने के बाद खिलाड़ियों की संख्या बढ़ी। इसी प्रकार, हॉकी कभी भारत का प्रमुख खेल था, लेकिन अब यह कुछ राज्यों तक सीमित रह गया। हॉकी टीम को प्रायोजक भी नहीं मिलते। आर्थिक दबदबे और अंतरराष्ट्रीय राजनीति ने कई खेलों में हमारी पिछड़ी स्थिति बनाए रखी। अभिभावकों को यह समझना चाहिए कि भारत को टीम खेलों की बजाय व्यक्तिगत ओलंपिक खेलों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। सानिया नेहवाल, पी.वी. सिंधु, नीरज चोपड़ा, मेरी कॉम और विजेंदर सिंह जैसी प्रतिभाएं व्यक्तिगत खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।



हिमाचल में बच्चों को बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, जूडो, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, भारोत्तोलन और कबड्डी जैसे खेलों में प्रेरित किया जा सकता है। यदि सुविधाएं सीमित हों, तो सेना भर्ती की 1600 मीटर दौड़ जैसी गतिविधियां भी उपयोगी विकल्प बन सकती हैं। खेल को आजीविका के रूप में चुनना जोखिम भरा है, क्योंकि स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय पहचान केवल सफलता के बाद ही मिलती है। फिर भी, खेल जीवन में सबसे बड़ी सीख देते हैं-हार को सहना, गिरकर उठना और मानसिक मजबूती विकसित करना। पढ़ाई और खेल दोनों साथ चलें तो व्यक्तित्व में संतुलन आता है-पढ़ाई से समझ, खेल से साहस और अनुशासन विकसित होता है। खेल केवल पदक नहीं गढ़ते, बल्कि मानसिकता, चरित्र और जीवन जीने की क्षमता भी मजबूत करते हैं।

यदि भारत को विश्व शक्ति बनना है, तो खेलों को केवल जीत का साधन न मानकर चरित्र निर्माण का माध्यम बनाना होगा। इस दृष्टिकोण से युवा शक्ति का सही विकास होता है, अनुशासन बढ़ता है और राष्ट्र की साख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होती है। यही कारण है कि खेल और शिक्षा दोनों का संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इतिहास की पढ़ाई : न्यायसंगतता और रोचकता का समन्वय

इतिहास की पढ़ाई पर विचार करने की प्रेरणा तब और गहरी हुई, जब बच्चों के साथ इसकी तर्कसंगतता पर चर्चा करते हुए मन अनेक प्रश्नों से भर गया। अक्सर यह सवाल उठता है कि हमें यह जानने की आवश्यकता क्यों है कि हजारों वर्ष पहले क्या हुआ था, जब सामान्यतः हम कह देते हैं-'बीत गई सो बात गई।'



अनुरानी शर्मा
स्वतंत्र लेखिका

यदि वर्तमान की चुनौतियां इतनी जटिल हैं, तो अतीत की ओर लौटने का औचित्य क्या है? इन प्रश्नों पर सोचते हुए यह स्पष्ट होने लगा कि समस्या इतिहास में नहीं, बल्कि उसे पढ़ाने और समझने के तरीकों में है। इतिहास स्वयं में न तो कड़वा होता है और न ही बोझिल। वह तब नीरस लगता है, जब उसे केवल तिथियों, घटनाओं और नामों के निर्जीव संग्रह के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। परिणामस्वरूप हम उसमें निहित मानवीय अनुभव, चेतावनियां, प्रेरणाएं और विवेक ग्रहण नहीं कर पाते। वास्तव में इतिहास को पढ़ने का अर्थ अतीत में उलझना नहीं, बल्कि वर्तमान को समझना और भविष्य के लिए तैयारी करना है।

**इतिहास का वास्तविक स्वरूप :** इतिहास केवल अतीत की घटनाओं का क्रम नहीं, बल्कि मानव स्मृति का जीवंत दस्तावेज है। इसमें मनुष्य के संघर्ष, उपलब्धियां, भूलें और सीख समाहित हैं। यदि इसे सही दृष्टिकोण से पढ़ाया जाए, तो यह विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, नैतिक संवेदनशीलता और सामाजिक यथार्थ को समझने की क्षमता विकसित करता है। इसके लिए आवश्यक है कि इतिहास का अध्ययन न्यायसंगत हो-अर्थात् तथ्याधारित, प्रमाण-संपन्न और बहुविध दृष्टिकोणों से युक्त-साथ ही रोचक भी हो, ताकि विद्यार्थी उससे भावनात्मक और बौद्धिक जुड़ाव महसूस कर सकें।




**इतिहास की पढ़ाई में न्यायसंगतता :** न्यायसंगत इतिहास वह है जो न तो अंधे गौरवगान का साधन बने और न ही एकतरफा निंदा का माध्यम। इसके केंद्र में सत्य, विवेक और संतुलन निहित होता है। ऐसा इतिहास शासक, किसान, स्त्रियां, व्यापारी, श्रमिक, साहित्यकार और जनजातियों सहित सभी वर्गों की आवाजों को स्थान देता है। बहु-दृष्टिकोण से किया गया अध्ययन सत्य के अधिक निकट पहुंचाता है तथा समाज की जटिल संरचना और अंतर्विरोधों को समझने की क्षमता विकसित करता है। न्यायसंगत अध्ययन केवल 'क्या हुआ' तक सीमित नहीं रहता, बल्कि 'क्यों हुआ' और 'उसके परिणाम क्या हुए' जैसे प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों में तथ्य, व्याख्या और मत के अंतर समझने की दृष्टि विकसित करता है।

**इतिहास को रोचक बनाने के उपाय :** इतिहास तब वास्तव में जीवंत बनता है, जब उसमें मानव अनुभव की धड़कन महसूस की जा सके। इसे केवल रटने योग्य विषय न बनाकर कहानी, खोज और संवाद की सतत प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कहानी-पद्धति ऐतिहासिक घटनाओं के पीछे छिपे मानवीय संघर्षों, भावनाओं और निर्णयों को सामने लाती है। उदाहरण स्वरूप, प्लासी का युद्ध केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि रणनीति, कूटनीति और विश्वासघात की जटिल कथा भी है। मानचित्र, समयरेखाएं और दृश्य सामग्री घटनाओं को आपस में जोड़कर

इतिहास को समझना सरल बनाती हैं। भूमिका-अभिनय, वाद-विवाद और शोध-आधारित गतिविधियां विद्यार्थियों को निष्क्रिय श्रोता से सक्रिय सहभागी बनाती हैं। साथ ही स्थानीय इतिहास, पारिवारिक स्मृतियां और लोककथाएं इतिहास को निकट और आत्मीय बनाती हैं। ऐसे अध्ययन से विद्यार्थी इतिहास को अतीत, वर्तमान और भविष्य के सेतु के रूप में देखते हैं और जागरूक, संवेदनशील नागरिक बनते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# संघर्ष से निकले युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत नेताजी सुभाष चंद्र बोस

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व उन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होते। नेताजी केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं थे, बल्कि वे ऐसे क्रांतिकारी विचारक थे, जिनका एकमात्र स्वप्न भारत को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाना था।



डॉ. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय, बड़सर जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

उनका जीवन इस सत्य को सिद्ध करता है कि दृढ़ संकल्प और आत्मबल के आगे कोई भी बाधा टिक नहीं सकती। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक नगर में एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस एक प्रतिष्ठित वकील थे और माता प्रभावती देवी धार्मिक एवं संस्कारवान महिला थीं। चौदह संतानों वाले परिवार में सुभाष नौवीं संतान थे। बचपन से ही उनमें नेतृत्व, अनुशासन और देशभक्ति के गुण स्पष्ट दिखाई देने लगे थे। प्रारंभिक शिक्षा कटक के रेवेंशॉ कॉलेजिएट स्कूल में हुई, तत्पश्चात उन्होंने कोलकाता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। माता-पिता की इच्छा के अनुसार वे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.सी.एस.) की तैयारी के लिए इंग्लैंड गए और परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया। उस समय आई.सी.एस. भारतीयों के लिए सर्वोच्च उपलब्धि मानी जाती थी, किंतु 1921 में भारत में चल रहे असहयोग आंदोलन से प्रभावित होकर उन्होंने यह प्रतिष्ठित सेवा त्याग दी। यह निर्णय उनके त्याग, राष्ट्रप्रेम और नैतिक साहस का अद्भुत उदाहरण था।

भारत लौटकर सुभाष चंद्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े और असहयोग आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 20 जुलाई 1921 को उनकी मुलाकात महात्मा गांधी से हुई। यद्यपि दोनों के विचारों में भिन्नता थी-गांधीजी अहिंसा के मार्ग के समर्थक थे, जबकि सुभाष चंद्र बोस सशस्त्र संघर्ष में विश्वास रखते थे फिर भी दोनों का लक्ष्य एक ही था: भारत की स्वतंत्रता। वास्तव में गांधीजी को 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित करने वाले प्रथम व्यक्ति नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे।



नेताजी देशबंधु चितरंजन दास को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। उनके साथ मिलकर उन्होंने बंगाल में स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। इस दौरान उन्हें अनेक बार जेल जाना पड़ा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वे ग्यारह बार जेल गए और कई बार नजरबंद भी किए गए, लेकिन उनका संकल्प कभी कमजोर नहीं पड़ा। वे हर बार अंग्रेजी शासन को चकमा देकर अपने उद्देश्य की ओर बढ़ते रहे। 1938 में सुभाष चंद्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। 1939 में गांधीजी से वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया और कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। इसके बाद उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया और वह ऐतिहासिक नारा दिया-'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' यह नारा भारतीय युवाओं में क्रांति की ज्वाला बनकर फैल गया। 18 अगस्त 1945 को एक विमान दुर्घटना में नेताजी की रहस्यमयी मृत्यु हो गई, किंतु उनका जीवन और विचार आज भी जीवित हैं।

नेताजी का जीवन संघर्षरत युवाओं को यह संदेश देता है कि सच्ची देशभक्ति, आत्मत्याग और अटूट संकल्प से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। वे केवल इतिहास की एक महान विभूति नहीं, बल्कि आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का अमर स्रोत हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धा और संस्कृति संग मनाया भंडारत्री पर्व

**अनंत ज्ञान, करसोग।** हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी पांगणा में मकर संक्रांति के एक सप्ताह बाद पारंपरिक भंडारत्री पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मां गौरा, भगवान शिव और गणेश जी को समर्पित इस पर्व पर घर-घर में विशेष पकवान तैयार किए गए। गुझियाँ (प्राकें), बाबरु, भल्ले और भण्डार इस उत्सव की पहचान रहे। इस पर्व की विशेष परंपरा के अनुसार परिवार के प्रत्येक सदस्य के नाम से अलग-अलग भण्डार बनाए जाते हैं, जो सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना का प्रतीक हैं। पूजा-अर्चना के बाद अग्नि देव को आहुति दी गई तथा बच्चों को दूध के साथ भंडार परोसा गया। भंडारत्री पर्व सामाजिक सौहार्द, पारिवारिक एकता और लोक संस्कृति को सुदृढ़ करने का संदेश देता है।

### सरकाघाट में एसडीएम फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट के मैदान में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह में एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे तथा पूर्वाह्न 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके पश्चात वे परेड का निरीक्षण करेंगे तथा सलामी लेंगे। यह जानकारी देते हुए तहसीलदार मुनीश कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी विभागाध्यक्षों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स एंड गाइड्स सहित विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति विषय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

### अनाथ आश्रम में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, महादेव।** दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर द्वारा संचालित अनाथ आश्रम परिसर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में यह आयोजन आश्रम परिवार की उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यक्रम में बिलासपुर से संबंध रखने वाले समाजसेवी संजीव जोशी (कृष्णा फ्रुट कम्पनी) बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। प्रातः 11 बजे मुख्य अतिथि का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात सवा 11 बजे से 1 बजे तक बच्चों और आश्रम परिवार द्वारा देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह के उपरांत सभी के लिए सामूहिक भोजन (बड़ा खाना) का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश देगा।

### पूर्व सीपीएस ने मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निहरी में बुधवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुंदरनगर सोहन लाल ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान द्वारा किए जा रहे कौशल विकास और क्षमता संवर्धन के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर 'नल जल मित्र योजना' के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र मुख्यतिथि सोहन लाल ठाकुर द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर आईटीआई निहरी के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी।

### चौंतड़ा में चिट्टे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नशा मुक्त समाज की दिशा में सरकार की पहल के तहत चौंतड़ा विकास खंड की 22 पंचायतों में नशा और विशेष रूप से चिट्टे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी अनुभव तनवर ने सभाओं में पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूह और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। वक्ताओं ने नशे के स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक नुकसान पर जोर देते हुए युवाओं को विशेष रूप से चिट्टे से दूर रहने का संदेश दिया। पहले दिन एहजु, कोलंग, बाग, भड़याड़ा, कुठेड़ा, चौंतड़ा और अन्य 22 पंचायतों में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बाकी पंचायतों में 22 जनवरी को इसी अभियान का आयोजन किया जाएगा।

### लवकेश करेगा राजस्थान की टीम का नेतृत्व

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी के सुंदरनगर निवासी लवकेश शेरिया को प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड के लिए राजस्थान सीनियर फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। उन्होंने ट्रायम्फ एफसी से अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की और लगातार मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। लवकेश वर्तमान में एफसी ब्रदर्स यूनाइटेड, जयपुर में कोच हैं और एनआईएस डिप्लोमा व एएफसी 'बी' लाइसेंस प्राप्त कोच हैं। उनकी यात्रा आधुनिक फुटबॉल में शिक्षा, अनुभव और समर्पण का उदाहरण है। राजस्थान टीम 21 जनवरी से फाइनल राउंड में अपना अभियान शुरू करेगी, जिसमें लवकेश शेरिया मुख्य कोच के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। ट्रायम्फ एफसी के अध्यक्ष सुशांत शर्मा ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### मुनीश कुमार को जोनल अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एचपीएसईबी कनिष्ठ व सहायक अभियंता एसोसिएशन, जोगिंद्रनगर जोन की जनरल हाउस बैठक राज्य अध्यक्ष इंजीनियर मुकेश राठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जोन की नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। मुनीश कुमार को जोनल अध्यक्ष, कुलदीप कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरविंद चौहान को उपाध्यक्ष, यशपाल को महासचिव और अन्य पदाधिकारियों को चुना गया। राज्य अध्यक्ष ने फील्ड स्टाफ की कमी, विभागीय सामग्री की नियमित आपूर्ति, अनावश्यक ऑफलाइन रजिस्टरों के बंद होने और कार्य जिम्मेदारियों की स्पष्टता सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में आई.पी.सी. धारा 304(ए), फिक्स्ड टेन्योर अलाउंस और इंजीनियर हितों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों व नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### माता मुरारी देवी सेवा समिति के चुनाव 8 को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी जिला के सुंदरनगर क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री माता मुरारी देवी सेवा समिति का कार्यकाल आगामी 12 फरवरी को समाप्त हो रहा है। इसी क्रम में समिति के वार्षिक चुनाव रविवार 8 फरवरी को माता मुरारी देवी परिसर मुरारी धार में लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किए जाएंगे। सेवा समिति से जुड़े आजीवन एवं सक्रिय सदस्यों की भागीदारी में होने वाले इन चुनावों में लगभग 400 से अधिक सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं पारदर्शी रखी जाएगी, जिससे समिति को एक सक्षम और कर्मठ नेतृत्व मिल सके। चुनावों के माध्यम से मंदिर प्रबंधन, सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# केहड में स्मार्ट मीटर का विरोध

## गांववासियों ने पुराने मीटर की व्यवस्था बनाए रखने की मांग की

अनंत ज्ञान

**बग्गी।** घरों और दुकानों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध में बल्ह हल्के की केहड पंचायत के लोगों ने कमर कस ली है। इसी संदर्भ में दुकानदारों और ग्रामीणों ने पंचायत प्रधान केहड हंस राज वर्मा को ज्ञापन पत्र सौंपकर स्मार्ट मीटर न लगाने का आग्रह किया है। स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रदेश स्तर पर स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर विरोध चल रहा है। जिसके चलते क्षेत्र की समस्त वर्ग की जनता ने भी स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध जताया है।

ग्रामीणों में मोना ठाकुर, भावना वर्मा, विमला, टिकावाती, रामा देवी रक्षा देवी, मीरा हंसा देवी हेमलता देविंद्र देवी लीला देवी चंपा देवी कमला देवी तारा देवी सीता देवी अंजू देवी सीता देवी हिमा बाटी पुष्पा देवी बनती देवी योगिंद्र देवी सुलेरेंद्री देवी नरेश कुमारी बिंद्रा देवी कोमल देवी भीमा देवी मथरू देवी शान्ता देवी, भूपेंद्र ठाकुर, लेख राज परस राम यादविंदर वर्मा व सैकड़ो लोगों का कहना है कि अगर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद नहीं की तो ग्रामीणों को मजबूरन होकर आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। जिसके लिए बोर्ड का प्रबंधन वर्ग जिम्मेदार होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम ग्रामवासियों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बार-बार रिचार्ज की व्यवस्था संभव नहीं है। स्मार्ट मीटर से संबंधित तकनीकी जटिलताएं ग्रामीण जीवन के अनुकूल नहीं हैं, तथा इससे बिजली आपूर्ति में अनावश्यक बाधा उत्पन्न हो सकती है। हमारा अनुरोध है कि वर्तमान पुराने मीटर को ही पोस्टपेड प्रणाली में रखा जाए, जिससे हमारी मूलभूत आवश्यकताएं प्रभावित न हों।



केहड पंचायत में स्मार्ट मीटर का विरोध करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

> लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार और विभाग स्मार्ट मीटर लगाना बंद नहीं करेगा तो हम सभी ग्रामीण आंदोलन करने में किसी भी प्रकार से गुरेज नही करेंगे। स्थानीय लोगों द्वारा पंचायत को ज्ञापन के माध्यम से स्मार्ट मीटर न लगाने का विरोध जताया है। पंचायत द्वारा उसे सरकार और विभाग को भेजा जाएगा।
> **- हंस राज वर्मा प्रधान पंचायत केहड।**

# किसानों ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन किया तेज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के मच्छयाल में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में हिमाचल किसान सभा के बैनर तले एक विशाल अधिवेशन आयोजित किया गया। इसके बाद जिला परिषद सदस्य कुशाल भरद्वाज के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन और गगनभेदी नारों के साथ जुलूस निकाला गया। अधिवेशन में भराड़ू, चल्हारग, कस, भराड़ू नौहली, बिहूँ और आसपास की कई पंचायतों के सैकड़ों किसान, महिलाएं, दुकानदार, सेवानिवृत्त सैनिक और कर्मचारी शामिल हुए।

कुशाल भरद्वाज ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के खिलाफ पूंजीपति-परस्त नीति है, जिससे बिजली महंगी होगी, पेंशन खतरे में पड़ेगी और निजी कंपनियों को लाभ होगा। उन्होंने राज्य सरकार से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तुरंत रोकने और पुराने मीटर बहाल करने की मांग की। उपस्थित लोगों ने शपथ ली कि किसी भी सूरत में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लो वोल्टेज और बार-बार फ्यूज उड़ने से परेशान ग्रामीण, आंदोलन की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा हल्के की ग्राम पंचायत सरी के गांव फिहड़ में बिजली की लो वोल्टेज, बार-बार फ्यूज उड़ने और बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इस समस्या को लेकर लोग विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ, जिससे लोगों में सरकार और बिजली विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले यहां 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो जल गया, उसके बाद विभाग ने 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया, जिसके चलते यह समस्या उत्पन्न हुई है और बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है क्योंकि परीक्षाएं सिर पर हैं, लोगों में पूर्व प्रधान संजय कुमार, मिलखी राम, अश्वनी गुलेरिया, कर्ण, कुमार रोशन लाल, राज कुमार, सूरत सिंह, कंचना देवी, सत्या देवी, मीरा देवी



◆ **सरी के गांव फिहड़ में 25 केवी ट्रांसफार्मर से बिगड़ी बिजली व्यवस्था**

आदि ने सरकार और विभाग से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। वहीं इस बारे में जब कनिष्ठ अभियंता बिजली विभाग लौंगनी भगवान सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यहां बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने का इस्टीमेट बनाकर भेजा गया है और जैसे ही यह अप्रूब होकर आएगा, तुरंत ट्रांसफार्मर लगाकर लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाई जाएगी।

# धनोटू में सैलून की आड़ में कथित अवैध गतिविधियों पर व्यापार मंडल का कड़ा रुख

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** धनोटू कस्बे में एक सैलून की आड़ में सामने आई कथित वेश्यावृत्ति व ब्लैकमेलिंग की घटनाओं को लेकर महादेव व्यापार मंडल ने कड़ा संज्ञान लिया है। व्यापार मंडल महादेव के प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता ने इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक सुंदरनगर, थाना प्रभारी धनोटू तथा ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान व सचिव को लिखित अर्जी सौंपकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। अर्जी के साथ दैनिक अखबार 'अनंत ज्ञान' में प्रकाशित समाचार की कतरन भी संलग्न की गई है।

प्रकाश चंद गुप्ता ने अपने पत्र में लिखा है कि इस प्रकार की कथित अनैतिक और असामाजिक गतिविधियां सभ्य समाज के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और घातक हैं। ऐसे कृत्यों से न केवल पूरे बाजार और क्षेत्र की छवि धूमिल होती है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों को भी असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी भवन और

◆ **ब्लैकमेलिंग और कथित वैश्यावृत्ति के विरोध में पुलिस को सौंपा ज्ञापन**

दुकान मालिकों से अपील की है कि वे किराए पर कमरा या दुकान देने से पहले किरायेदार की पूरी पहचान और पृष्ठभूमि की जांच अवश्य करें। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर किरायेदारों के पंजीकरण को लेकर अपील की जाती रही है, जिसे गंभीरता से अपनाने की आवश्यकता है।

व्यापार मंडल ने पूर्व में भी धनोटू और महादेव क्षेत्र में चोरी, नशाखोरी व अन्य असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस से बैठक कर कार्रवाई का आग्रह किया था, जिसके तहत रात्रि गश्त जैसी पहलें शुरू की गईं। व्यापार मंडल ने प्रशासन और पुलिस से पुनः आग्रह किया है कि समाज में पनप रही ऐसी बुराइयों की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध तुरंत और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## सुंदरनगर में बीबीएमबी प्रबंधन के बुलडोजर फरमान पर घमासान

# जीरो चौक मार्केट बंद कर सड़कों पर उतरे व्यापारी

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड सुंदरनगर द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत छोटे व्यापारियों को हटाने का फरमान जारी किए जाने से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। बीबीएमबी सुंदरनगर के एसडीओ एनफोर्समेंट सब डिवीजन की ओर से जारी नोटिस के विरोध में आज जीरो चौक मार्केट पूरी तरह बंद रहा। इस दौरान लगभग 250 दुकानदारों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने चौक पर एकत्र होकर बीबीएमबी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और निर्णय को अन्यायपूर्ण बताया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे वर्षों से यहां कारोबार कर रहे हैं और अचानक नोटिस देकर उन्हें उजाड़ने की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है। वहीं मामले की विधायक सुंदरनगर एवं प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने मौके पर पहुंच कर व्यापारियों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।



विधायक राकेश जम्वाल ने मौके पर पहुंचकर जानी समस्या। अनंत ज्ञान

राकेश जम्वाल ने कहा कि बीबीएमबी प्रोजेक्ट देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने अपनी जमीनें और प्राणों की आहुतियां दी है, लेकिन प्रोजेक्ट क्षेत्र में जमीन खाली होने के बावजूद भी इसके बावजूद यहां पर बीते कई वर्षों से कार्य कर रहे व्यापारियों को उजाड़ने के निर्णय का विरोध किया जा रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय प्रशासन और बीबीएमबी प्रबंधन के साथ संवाद किया है

◆ **विधायक राकेश जम्वाल बोले- समस्या का जल्द निकलेगा समाधान**

और इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा। राकेश जंवाल ने कहा कि व्यापारियों को जारी नोटिस की रिपोर्ट तलब की गई है। इससे 17 व्यापारियों को नोटिस जारी करने के कारणों का भी पता चलेगा। उन्होंने सभी व्यापारियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

# भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया विकास कार्य रोकने का आरोप

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर में 77 विकास टेंडरों को अचानक रद्द किए जाने पर भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार और स्थानीय नेताओं पर आरोप लगाया है कि यह कदम नगर परिषद की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला है। राकेश जम्वाल ने बताया कि ये टेंडर 12 तारीख को खोले जाने थे, लेकिन कार्यकारी अधिकारी द्वारा उन्हें 16 तारीख को खोलने का नोटिस जारी किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष पूरे दिन कार्यालय में मौजूद रहने के बावजूद टेंडर रद्द करने की सूचना केवल व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से दी गई। किसी प्रकार की आधिकारिक नोटिंग या नगर परिषद हाउस की अनुमति नहीं ली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार और स्थानीय नेताओं के दबाव में नगर परिषद के विकास कार्यों को बाधित किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में क्षेत्र में कोई बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ। नगर परिषद की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दो दिनों के भीतर सभी रद्द टेंडर फिर से खोले जाएंगे ताकि विकास कार्य जारी रहे।

# 'कांग्रेस ने 1500 रुपए के नाम पर महिलाओं से किया विश्वासघात'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा प्रदेश मीडिया सह संयोजक रमा ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा मनाली में ₹1500 देने की घोषणा पर कड़ा प्रहार करते हुए कांग्रेस पर महिलाओं से धोखा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2022 के विधानसभा चुनावों में 18 से 60 वर्ष की प्रत्येक महिला को बिना शर्त ₹1500 प्रतिमाह देने की गारंटी देकर सत्ता में आई, लेकिन तीन साल बीतने के बावजूद यह वादा पूरा नहीं किया गया। रमा ठाकुर ने कहा कि चुनाव के समय न आय सीमा की बात की गई और न ही क्षेत्रीय भेदभाव का उल्लेख था, लेकिन सत्ता में आते ही सरकार ने शर्तें और नियम थोप दिए। आज स्थिति यह है कि चुनिंदा इलाकों में ही ₹1500 की घोषणाएं की जा रही हैं, जिससे महिलाओं को बांटने की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि मंचों, होर्डिंग्स और विज्ञापनों में ₹1500 की गूंज है, लेकिन महिलाओं के खातों में सन्नाटा है। मुख्यमंत्री के बयानों में विरोधाभास से भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# सरकाघाट में नियम उल्लंघन पर 4 स्कूल बसों के काटे चालान



सरकाघाट में स्कूल बसों की जांच करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकाघाट में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम की अगुवाई में आयोजित किया गया, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चार स्कूली बसों के चालान किए गए। जांच के दौरान स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसों की फिटनेस, आवश्यक दस्तावेज, चालकों के लाइसेंस, सुरक्षा उपकरण, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी कैमरे व फर्स्ट ऐड किट की गहनता से जांच की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई। एसडीएम राजेन्द्र कुमार गौतम ने संबंधित स्कूल प्रबंधन समितियों और वाहन चालकों को निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को केवल उन्हीं वाहनों में भेजें जो सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हों तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता की जानकारी प्रशासन को दें। इस अवसर पर एसएचओ सरकाघाट तथा उनकी टीम भी उपस्थित रही।

## प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक की मेहनत लाई रंग

# प्रदेश के 130 सीबीएसई स्कूलों में लगेंगे अधीक्षक ग्रेड-1

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए नए साल की बहुत बड़ी सौगात मिली है। शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में नए 130 सीबीएसई स्कूलों में विभिन्न श्रेणियों के पदों को लेकर नोटिफिकेशन जारी की गई है, जिसमें अधीक्षक ग्रेड-1 के 130 पदों को पदोन्नति व युक्तिकरण के माध्यम से तैनाती की जाएगी, जिससे प्रदेशभर के गैर शिक्षक वर्ग के कर्मचारियों में जश्न का माहौल है।



त्रिलोक ठाकुर

यह सब हिमाचल प्रदेश हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर की मेहनत व दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि प्रदेशभर में अब सीधे एकमुश्त 130 अधीक्षक ग्रेड-2 अधीक्षक ग्रेड-1 के पदों पर पदोन्नत होंगे। प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के महासचिव मनीश गुलेरिया ने गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अभूतपूर्व सौगात देकर गैर शिक्षक कर्मचारियों के लिए पदोन्नति के द्वार खोल दिए हैं, जिसका सारा श्रेय महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर को जाता है, जिन्होंने अपने व्यक्तिगत मुनाफे का त्याग कर प्रदेशभर के गैर शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसरों में वृद्धि कर सच्चे कर्मचारी नेता साबित किया है। मनीश गुलेरिया ने कहा कि त्रिलोक ठाकुर ने मुख्यमंत्री के समक्ष यह मुद्दा प्रभावशाली ढंग से रखा था, जिसका नतीजा आज प्रदेश के गैर शिक्षक कर्मचारियों के समक्ष है।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि महासंघ

◆ **खुद पदोन्नति त्याग सच्चे कर्मचारी नेता का पेश किया उदाहरण: मनीष गुलेरिया**

का नेतृत्व गैर-शिक्षण कर्मचारियों के हितों के लिए कितनी निष्ठा, मेहनत और लग्न के साथ निरंतर कार्यरत है।

गैर-शिक्षण कर्मचारियों की एक लंबे समय से लंबित, महत्वाकांक्षी एवं वास्तविक मांग थी, जिसे अंततः सकारात्मक और ठोस परिणाम प्राप्त हुआ है।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हिमाचल प्रदेश गैर-शिक्षण कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर के अथक, निरंतर एवं समर्पित प्रयासों के बिना संभव नहीं थी। गैर-शिक्षण कर्मचारियों के कल्याण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, प्रभावशाली नेतृत्व तथा कर्मचारियों के प्रति सच्ची संवेदनशीलता ने इस प्रावधान को सुनिश्चित करने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

# दिव्यांग ने कांग्रेस नेता पर लगाया जमीन हड़पने और जातिगत उत्पीड़न का आरोप

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** मंडी जिले के बालीचौकी उपमंडल में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां अनुसूचित जाति से संबंधित शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति जीत राम पुत्र स्वर्गीय फतू ने कांग्रेस नेता पर अपनी जमीन हड़पने के साथ-साथ जातिगत उत्पीड़न का आरोप लगाया है। जीत राम ने उपमंडलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि लगभग सात वर्ष पहले उन्होंने मुहाल शलाणु में अपनी करीब पांच विस्वा ढलानदार भूमि विजयपाल सिंह को बेची थी। अब उसी स्थान पर मकान निर्माण के दौरान लोक निर्माण विभाग की मदद से सड़क और रिटेनिंग वॉल बनवाकर उनकी मूल भूमि से कहीं अधिक क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जेसीबी से जमीन समतल करने के बाद आसपास की अन्य भूमियों पर भी इसी तरह का अतिक्रमण किया गया।

जीत राम ने आरोप लगाया है कि प्रभावशाली होने के कारण विजयपाल सिंह ने न केवल उनकी बेची गई जमीन पर अधिक कब्जा किया, बल्कि अपंग और दलित होने के कारण उन्हें जातिगत आधार पर उत्पीड़ित भी किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम यानी एसटीएससी एक्ट के तहत बालीचौकी पुलिस चौकी में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने तत्काल साइट की सही निशानदेही कराने और निर्माण कार्य पर रोक लगाने की अपील भी की है।

> **सीएम सुक्खू से की तत्काल हस्तक्षेप मांग**
>
> **सराज** क्षेत्र के दो कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पूर्व जिला परिषद सदस्यों संत राम और दिले राम ने आरोप लगाया कि एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री सुक्खू का नाम लेकर वन भूमि पर बिना अनुमति लगभग 50 मीटर सड़क खुदवाई और लोक निर्माण विभाग के 10 लाख रुपये अपने निजी मकान पर खर्च किए। शिकायतकर्ताओं ने पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच (वन विभाग, लोक निर्माण, विजिलेंस/लोकायुक्त) और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि पार्टी और सरकार की निष्पक्षता बनाए रखी जा सके।

# अनुबंध सेवा को पेंशन से बाहर करना कर्मियों के साथ खुला धोखा: महासंघ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा जारी उस आदेश का हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने कड़ा विरोध किया है, जिसमें अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) सेवा अवधि को पेंशन लाभ की गणना से बाहर किया गया है। महासंघ ने इस निर्णय को कर्मचारी-विरोधी, अन्यायपूर्ण और असंवेदनशील करार दिया है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष चमन लाल कलवान, महासचिव उमेश कुमार, उपाध्यक्ष सुशील शर्मा तथा जिला अध्यक्ष मंडी हेत राम शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्षों तक अनुबंध आधार पर कर्मचारियों से नियमित कर्मचारियों की तरह पूरा कार्य लिया गया, लेकिन पेंशन के समय उनकी सेवा को शून्य मान लेना सरकार की दोहरी नीति को उजागर करता है। यह फैसला हजारों कर्मचारियों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। नेताओं ने कहा कि पेंशन कोई कृपा नहीं बल्कि कर्मचारी द्वारा दी गई लंबी सेवा का वैधानिक अधिकार है। अनुबंध सेवा को पेंशन से बाहर करना सामाजिक न्याय, समानता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। सरकार जानबूझकर कर्मचारियों को उनके हक से वंचित करने का प्रयास कर रही है। महासंघ ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस कर्मचारी-विरोधी आदेश को तुरंत वापस नहीं लिया गया और अनुबंध सेवा को पेंशन गणना में शामिल नहीं किया गया, तो प्रदेशभर में कर्मचारी निर्णायक आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# मंडी जिले को पीएमजीएसवाई-IV के तहत 1240 .53 करोड़ की सौगात: कंगना रनौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत मंडी लोकसभा क्षेत्र के लिए अत्यंत शुभ और ऐतिहासिक निर्णय के साथ हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY-IV) बैच-I (2025-26) के अंतर्गत मंडी संसदीय क्षेत्र में 1240.53 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 142 सड़क कार्यों (कुल लंबाई 846.32 किलोमीटर) को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे 209 ग्रामीण बसावटों को सड़क संपर्कता मिलेगी। कंगना रनौत ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2026 को उन्हें औपचारिक पत्र जारी कर जानकारी दी गई है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ये सड़कें न केवल ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी नई गति देंगी।



उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र बीते समय में बाढ़ और भारी वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से गंभीर रूप से प्रभावित रहा है, जिससे कई संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हुए। ऐसे समय में केंद्र सरकार द्वारा इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति संवेदनशीलता, करुणा और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

कंगना रनौत ने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादों की ढुलाई, स्वास्थ्य एवं शिक्षा तक पहुंच, आपदा के समय राहत एवं बचाव, पर्यटन को बढ़ावा और स्थानीय रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय सुधार होगा। ऑल-वेदर कनेक्टिविटी से दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों का जीवन आसान बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्र के माध्यम से इन परियोजनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर विशेष बल दिया है, ताकि जनता को इनका दीर्घकालीन लाभ मिल सके। सांसद के रूप में वे राज्य सरकार के साथ समन्वय कर यह सुनिश्चित करेंगी कि सभी सड़क कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्ता से समझौता किए बिना पूरे हों।

भाजपा सांसद ने मंडी की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय ग्रामीण भारत को सशक्त करने और आपदा प्रभावित क्षेत्रों को पुनः मजबूती देने की मोदी सरकार की दूरदर्शी नीति को दर्शाता है।

# फोरलेन शिकायतों पर एटीआर देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी-पठानकोट निर्माणाधीन फोरलेन सड़क से प्रभावित लोगों की शिकायतों के निपटारे को लेकर उपमंडल अधिकारी मंडी सदर रूपिन्द्र कौर ने एनएचएआई के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम मंडी सदर की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा सड़क निर्माण कार्य कर रही गावर कंपनी के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मंडी सदर उपमंडल क्षेत्र के अंतर्गत मंडी से भटोग तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की गई। एसडीएम मंडी सदर ने बताया कि फोरलेन निर्माण को लेकर उपमंडल कार्यालय को प्रभावित लोगों की ओर से 40 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से अधिकांश का निपटारा किया जा चुका है। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिकायतों में मुख्य रूप से कटिंग के कारण मकानों और गौशालाओं में दरारें आने, पानी की निकासी की समस्या, कलवर्ट निर्माण तथा खेतों में पानी जाने जैसे मुद्दे शामिल हैं।


अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

आवश्यकता

मंडी जिले में पत्रकार चाहिए

प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।

संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी थाना पुलिस के सौजन्य से बुधवार को चिंतपूर्णी में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल में स्थानीय लोगों व टैक्सी चालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर, चिंतपूर्णी थाना के प्रभारी जयराम शर्मा व ट्रैफिक पुलिस प्रभारी दीपक राणा ने वहां उपस्थित टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। शिविर के दौरान, सभी उपस्थित टैक्सी चालकों और अन्य लोगों की आंखों की जांच डॉ. मोहित लठ द्वारा बिल्कुल निशुल्क की गई। जांच के बाद, मरीजों को डॉक्टरी परामर्श के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। पुलिस प्रशासन की इस जनहितकारी पहल की स्थानीय समुदाय ने सराहना की है।

### कार्यकारिणी में नियुक्ति पर पदाधिकारियों को बधाई

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने ऊना जिला स्कूल लेक्चरर संघ में नियुक्त सभी पदाधिकारी वर्ग को बधाई दी है। विनोद बन्याल को चीफ पैटर्न, दविंदर बेली को चेयरमैन, संजीव पाराशर को मुख्य मार्गदर्शक, मुकेश सलारिया को मुख्य संगठन सचिव, सतीश कालिया को लेक्चरर संघ की जिला कार्यकारिणी में बतौर मुख्य प्रेस सचिव, राजीव कौशल को मुख्य सलाहकार, महिला विंग में अंजू कुमारी को मुख्य सलाहकार, चैरममन महिला विंग श्रुति एवं महिला बैंक के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी वर्ग एवं सभी प्रिंसिपल को उचित प्रतिनिधित्व देने व सभी नवनियुक्त पदाधिकारी वर्ग नियुक्त होने पर बधाई दी है। राजन शर्मा ने बताया कि जिला प्रधान शशि सैनी लेक्चरर संघ की मांगों को बहुत सशक्त ढंग से उठाते हैं, जो सराहनीय है, लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि ऊना जिला लेक्चरर संघ के प्रधान शशि सैनी एवं टीम ने सभी लेक्चरर वर्ग को लेक्चरर संघ की जिला कार्यकारिणी में सभी को उचित प्रतिनिधित्व दिया है, जो सराहनीय है। राजन शर्मा ने बताया कि नई कार्यकारिणी से लेक्चरर संघ संगठन मजबूत होगा और आपसी सहयोग से लंबित मांगें सरकार से हल करवाईं जाएंगी।

### श्रद्धालु को सही-सलामत मिला खोया पर्स व मोबाइल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विश्व विख्यात धार्मिक स्थल माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया। पंजाब के होशियारपुर जिले के नवांशहर क्षेत्र के गांव बकापुर गुरु निवासी श्रद्धालु अशोक कुमार पुत्र केवल किशन का पर्स व मोबाइल फोन दिसंबर माह में चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में खो गया था। श्रद्धालु का पर्स और मोबाइल मिलने के बाद मंदिर में तैनात होमगार्ड के इंचार्ज सरदार पूर्ण सिंह ने इन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ सुरक्षित अपने पास रखा। पर्स में नकद धनराशि भी मौजूद थी, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद श्रद्धालु से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसके बाद होमगार्ड इंचार्ज पूर्ण सिंह ने पर्स में मिले आधार कार्ड के माध्यम से उससे जुड़े मोबाइल नंबर पर संपर्क साधा। संपर्क होने पर श्रद्धालु अशोक कुमार चिंतपूर्णी मंदिर पहुंचे और अपना पर्स व मोबाइल दोनों सही-सलामत प्राप्त किए। अपना सामान वापस पाकर श्रद्धालु अशोक कुमार ने होमगार्ड इंचार्ज सरदार पूर्ण सिंह और चिंतपूर्णी मंदिर प्रशासन का हृदय से धन्यवाद किया।

### क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, 16 टीमें ले रहीं भाग

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत ग्राम पंचायत टकारला में आदर्श युवा क्लब की ओर से भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू हुआ है और इसका समापन 26 जनवरी को होगा। टूर्नामेंट में क्षेत्र की 16 टीमों ने भाग लिया है, जिससे गांव और आसपास के क्षेत्रों में खेल के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आदर्श युवा क्लब के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने वाली टीम को31,000 नकद पुरस्कार, जबकि उपविजेता (रनर-अप) टीम को 21,000 रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट के तहत हंबोली और चक्क की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस अवसर पर सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर व मौजूदा टकारला कृषि सहकारी सेवा समिति के प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन समिति की ओर से मुख्यातिथि का फूलों व मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मैच की शुरुआत से पूर्व मुख्यातिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतीकात्मक रूप से मैच का शुभारंभ करवाया।

### ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के बारे में जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मुबारिकपुर एवं नाबार्ड की ओर से बुधवार को कुनेरन में एक प्रायोजित वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक सह प्रबंधक हेमंत कुमार ने लोगों को बैंक व सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। शिवीर में कैश लेस लें देन, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना,ऋण योजना डिजिटल बैंकिंग, स्वयं सहायता समुह आदि योजनाओं की जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर आनलाइन फ्रॉड से बचने के बारे में भी जागरूक किया गया। शिवीर में कुनेरन पंचायत प्रशासन गुरमुख सिंह, सहकारी सभा समिति सचिव मीना कुमारी, बैंक कर्मचारी बिक्रम सिंह, सहकारी सभा समिति प्रधान बीना बंसल व गांववासी उपस्थित रहे।

### सरकार पुरानी नियमितीकरण नीति लागू करे : रमेश

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ, जिला ऊना के प्रधान रमेश कुमार ने प्रदेश सरकार से वर्ष में दो बार लागू होने वाली नियमितीकरण नीति को पुनः बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण में हो रही छह महीने की देरी के कारण योग्य अनुबंध कर्मचारियों को आर्थिक, मानसिक और सेवा संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रमेश कुमार ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में मार्च के बाद सेवा अवधि पूर्ण करने वाले शिक्षक अगले वर्ष तक प्रतीक्षा करते हैं, जिससे वेतन, वरिष्ठता और अन्य सेवा लाभ प्रभावित होते हैं। समय पर नियमितीकरण न होने से शिक्षकों का मनोबल भी गिर रहा है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि 30 सितंबर की तिथि को पुनः बहाल किया जाए, जिससे पात्र कर्मचारियों को राहत मिल सके। रमेश कुमार ने कहा कि इस व्यवस्था को लागू करने से प्रशासनिक बोझ नहीं बढ़ेगा और संघ सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा करता है।

### नशे से दूर रहने व अनुशासन की दी सीख

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विद्यालय गोद लेने की योजना के तहत विकास खंड अधिकारी (बीडीओ) ओमपाल डोगरा ने राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला महंता में छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, चरित्र निर्माण और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। बीडीओ ने छात्रों से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और यदि उनके गांव में कोई व्यक्ति नशे का कारोबार करता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें, जिसे पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। ओमपाल डोगरा ने बच्चों को हिमाचल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन में स्कूल के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### एक फीसदी ब्याज पर 20 लाख का शिक्षा ऋण उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू के दृष्टिकोण के अनुरूप हिमाचल सरकार ने उच्च शिक्षा में आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। वर्ष 2023 में आरंभ इस योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण मात्र 1 फीसदी ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, आवास, भोजन व अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं के लिए किया जा सकता है। ऊना जिले के उप निदेशक उच्चतर शिक्षा अनिल कुमार ने बताया कि लाभार्थी परिवार की वार्षिक आय सीमा पहले 4 लाख रुपए थी, जिसे अब 12 लाख रुपए कर दिया गया है। योजना के अंतर्गत मेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम शामिल हैं। लाभ लेने के लिए आवेदक का हिमाचल का स्थायी निवासी होना और पिछली कक्षा में कम से कम 60 फीसदी अंक होना आवश्यक है।

### मुकेश अग्निहोत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गुरु रविदास महाराज के मंदिर निर्माण के लिए डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की ओर से 15 लाख रुपए की राशि दी गई है। मंदिर का निर्माण शुरू हो चुका है। पहला लेंटर पड़ चुका है। निर्माण कार्य जारी है। गांव के समाजसेवी रणजीत राणा ने कहा कि बहुत सारे विकास के कार्यों के साथ-साथ हिमाचल के लोकप्रिय व तेजस्वी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री धार्मिक स्थलों के निर्माण में भी बहुत जायदा रुचि रखते हैं। उसी के तहत उन्होंने 15 लाख रुपए पंजावर के भव्य मंदिर के भवन निर्माण के लिए मंजूर किए हैं। इस पर विकास कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि पंजावर गांव में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व सिंचाई साधनों पर करोड़ों की राशि खर्च की जा चुकी है। वहीं, गुरु रविदास कमेटी काहिवाल पंजावर, ग्राम पंचायत पंजावर व ग्राम वासियों ने राशि देने के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का बहुत आभार जताया है।

# युवा विकास का उम्दा मॉडल बना 'सामर्थ्य'

## 3.24 करोड़ से खेल-पढ़ाई-फिटनेस को बढ़ावा, चिट्टा-नशे के खिलाफ बन रहा मजबूत ढाल

अनंत ज्ञान


सामर्थ्य योजना के अंतर्गत बनाया गया खेल मैदान। अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'सामर्थ्य' कार्यक्रम जिले में युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाली एक प्रभावी और प्रेरक पहल बन कर उभरा है। चिट्टा व अन्य नशों की बढ़ती चुनौती के बीच यह कार्यक्रम युवाओं के समय, ऊर्जा और प्रतिभा को सही दिशा देने पर केंद्रित है।

प्रशासन ने इसके तहत जिले में अब तक 3.24 करोड़ रुपए से अधिक की अनुमानित राशि से विभिन्न सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की हैं, जिनमें विशेष रूप से खेल, फिटनेस, अध्ययन और रचनात्मक गतिविधियों के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया गया है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सुक्खू के नशा मुक्ति अभियान और स्वावलंबन कार्यक्रमों को मजबूती देने वाली पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। 'सामर्थ्य' कार्यक्रम उपायुक्त जतिन लाल की नवाचारी सोच का सुफल है। 6 अगस्त 2024 को आरंभ इस जनहितकारी पहल का उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास को गति देना है। उपायुक्त बताते हैं कि 'सामर्थ्य' कार्यक्रम को छह प्रमुख घटकों पर केंद्रित किया गया है, जिनमें फिटनेस, प्रतिस्पर्धात्मकता, कला एवं संस्कृति, उद्यमिता, जागरूकता व नियंत्रण तथा सामाजिक मूल्यों का संवर्धन शामिल है।

इसके संचालन मॉडल की विशेषता यह रही कि इसे जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तथा औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आगे बढ़ाया गया, जिससे सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। 'सामर्थ्य' के अंतर्गत शिक्षा व प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में पुस्तकालय विकसित किए गए हैं। इसके तहत मिनी सचिवालय ऊना में पुस्तकालय के निर्माण पर करीब 15 लाख रुपए की राशि व्यय कर सुविधा विकसित की गई है। इसी तरह हरोली के पंजावर में पुस्तकालय के लिए लगभग 10 लाख रुपए की राशि से सुविधा विकसित की गई है।

'सामर्थ्य' के अंतर्गत 'ज्ञान दीप' नाम से विकसित इस पुस्तकालय सुविधा का हाल ही में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उद्घाटन भी किया था। इसके अलावा अंब क्षेत्र के मैड़ी खास पंचायत घर में पुस्तकालय के लिए करीब 8.50 लाख रुपए की अनुमानित राशि से सुविधा विकसित की गई है। इन पुस्तकालयों से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं।

### पंचायत स्तर पर जिम विकसित

**'सामर्थ्य'** कार्यक्रम का फिटनेस घटक युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत पंचायत स्तर पर जिम तथा फिटनेस उपकरणों की व्यवस्था की गई है। गोंदपुर जयचंद पंचायत में जिम व उपकरणों की स्थापना पर लगभग 24.20 लाख रुपए, जबकि अंब की मैड़ी खास पंचायत में जिम एवं उपकरणों पर लगभग 24.42 लाख रुपए की अनुमानित राशि से सुविधा विकसित की गई है। डीसी का कहना है कि फिटनेस युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सक्रिय जीवनशैली विकसित करती है, जो नशे के खिलाफ स्वाभाविक सुरक्षा कवच का काम करती है।

### 2.42 करोड़ के कार्य प्रगति पर

**खेल** गतिविधियों को मजबूत आधार देने के लिए 'सामर्थ्य' के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा स्टेडियम ऊना को विकसित करने के लिए 2.42 करोड़ रुपए के कार्य किए जा रहे हैं। यहां युवाओं के लिए बास्केटबॉल कोर्ट तैयार किया गया है, जिस पर 17.50 लाख रुपए की अनुमानित राशि व्यय की गई है। इसके साथ ही स्टेडियम को बहु-खेल केंद्र बनाने की दिशा में बड़ी परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इनमें स्टेडियम में जिम व जिम उपकरणों का कार्य करीब 96 लाख रुपए की अनुमानित राशि के साथ प्रगति पर है। इसी तरह लॉन टेनिस कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट भी लगभग 1.29 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ निर्माणाधीन हैं।

## भाजपा को मिला युवा व ऊर्जावान नेतृत्व, नितिन के नेतृत्व में और सशक्त होगा संगठन : डॉ . सिकंदर

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** प्रदेश के राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा को एक युवा, ऊर्जावान व संगठन के प्रति समर्पित नेतृत्व प्राप्त हुआ है, जो आने वाले समय में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेगा। डॉ. सिकंदर कुमार ने अपने बधाई संदेश में कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भाजपा देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां बड़े पदों और बड़ी जिम्मेदारियों के लिए किसी परिवार विशेष से जुड़ा होना आवश्यक नहीं है। भाजपा में साधारण कार्यकर्ता होना ही सबसे बड़ी योग्यता मानी जाती है। इस संगठन की यही विशेषता है कि यहां सामान्य परिवार से आने वाला व्यक्ति प्रधानमंत्री बन सकता है और एक समर्पित कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च संगठनात्मक दायित्व तक पहुंच सकता है। भाजपा का संगठनात्मक ढांचा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है, जहां कार्यकर्ता की मेहनत, निष्ठा व संगठन के प्रति समर्पण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देता है कि भाजपा में अवसर सभी के लिए समान हैं।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि भाजपा ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है। यह विश्वास पार्टी की संरचना, निर्णय प्रक्रिया और नेतृत्व निर्माण में निरंतर दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व न केवल नई सोच और ऊर्जा के साथ आता है, बल्कि बदलते समय की चुनौतियों को समझने और उनका समाधान करने में भी सक्षम होता है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नितिन नबीन का युवा नेतृत्व, उनकी संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से गहरा जुड़ाव पार्टी को और अधिक मजबूत, संगठित और प्रभावशाली बनाएगा।

## 25 .59 करोड़ के बाढ़ संरक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

### एसडीआरएफ के तहत चल रहे 9 बाढ़ सुरक्षा कार्यों का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण

अनंत ज्ञान


डीसी जतिन लाल बाढ़ संरक्षण कार्यों का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

**ऊना।** राज्य आपदा शमन कोष (एसडीआरएफ) के तहत जल शक्ति मंडल हरोली के अंतर्गत चल रहे बाढ़ संरक्षण कार्यों का डीसी ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में गठित संयुक्त निगरानी समिति ने निरीक्षण किया।

इस संयुक्त निगरानी समिति में अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग ऊना, अधीक्षण अभियंता स्वां नदी बाढ़ प्रबंधन परियोजना सर्किल ऊना व अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग ऊना सदस्य के रूप में शामिल हैं, जबकि जिला राजस्व अधिकारी ऊना सदस्य सचिव हैं। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग नरेश धीमान सहित समिति के अन्य सदस्य और जल शक्ति मंडल हरोली तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। संयुक्त निगरानी समिति ने इस अवसर पर कुल 9 बाढ़ संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया, जिनकी कुल स्वीकृत अनुमानित लागत 25.59 करोड़ रुपए है। इन कार्यों में मोहल्ला टालियां, अठवाई खड्ड (पंडोगा), हरिजन बस्ती (खड्ड), सीर नाला, घालूवाल, हरोली खड्ड, भदसाली खड्ड (मोहल्ला थोलियां), बाथड़ी खड्ड तथा पंडोगा औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। समिति ने निरीक्षण के दौरान इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि सभी कार्य एसडीआरएफ के मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे हैं तथा भौतिक रूप से लगभग 85 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी बरसात के दौरान संभावित नुकसान से क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके। डीसी ने कहा कि बाढ़ संरक्षण कार्यों को तय मानकों के अनुसार गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा करना प्राथमिकता है, ताकि आगामी बरसात में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इन परियोजनाओं के लिए शेष धनराशि भी शीघ्र उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि कार्य समय रहते पूरे हों और बरसात में किसी प्रकार की क्षति न हो। इस दौरान जल शक्ति मंडल हरोली के अधिशासी अभियंता पुनीत शर्मा ने अवगत करवाया कि इन परियोजनाओं के लिए अब तक 13.42 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है, जिसका पूर्ण रूप से व्यय किया जा चुका है, जबकि लगभग 12.17 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त होना शेष है।

## बैंक की क्रियान्वित की जा रही ऋण योजनाओं की जानकारी दी

अनंत ज्ञान



**गोंदपुर बनेहड़ा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा गोंदपुर बनेहड़ा ने बुधवार को गांव ब्रहमपुर में एकदिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र रांटा ने की। इस शिविर में पंचायत प्रतिनिधि उपप्रधान कमल सिंह, वार्ड सदस्य रेणु शर्मा, संतोष कुमारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बैंक प्रबंधक पुष्पेंद्र रांटा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को केवाईसी, पावर ऑफ कंपाउंडिंग, साइबर सुरक्षा, यूपीआई, छात्रों के लिए बैंकिंग अनिवार्यताएं (बैंकिंग एसेंशियल्स) और विभिन्न बैंकिंग सेवाओं तथा महिलाओं को बैंक द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने एसएच और जेएलजी ग्रुप बनाने व बैंक से लोन लेने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण सुविधा प्रदान की जाती है। बैंक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी प्रदान करता है। इसके साथ-साथ सभी से ये आग्रह किया की सभी लोग अपने ऋण कि मासिक किस्त समय पर जमा करवाएं, ताकि सिविल स्कोर अच्छा बना रहे। आज के समय में सिविल रिपोर्ट लोन लेने के लिए बेसिक डॉक्यूमेंट बन गया है। कार्यक्रम में बैंक, केंद्र सरकार, राज्य सरकार व नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे लघु बचत योजनाएं, बुनियादी बचत जमा, खाता योजनाएं, आवर्ती जमा, सावधि जमा, पीएमजेडीवाई आदि के बारे में जानकारी दी गई।

## प्लॉट घोटाले की आड़ में 28 करोड़ की खुली लूट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र में प्लॉट निर्माण के नाम पर भूमि खरीद में 28 करोड़ रुपये के संभावित घोटाले का मामला सामने आया है। जांच में पता चला कि खड्डु-नालों और अस्थिर ढलानों वाली जमीन को कागजों में समतल और उपयुक्त दिखाकर खरीदा गया। जमीन पर न तो निर्माण संभव था और न ही सुरक्षित विकास। विजिलेंस जांच टीम ने फाइलों व कागजी दावों की पूरी पोल खोल दी। तकनीकी सर्वे या डेवलपमेंट प्लान के बिना करोड़ों रुपए जारी किए गए। राजस्व विभाग के अधिकारियों की सक्रिय भूमिका के संकेत मिले हैं। यह घोटाला उस दौर में हुआ जब प्रदेश में भाजपा सरकार थी। जांच एजेंसियां अब भुगतान प्रक्रिया, दस्तावेज और नोटशीट की बारीकी से जांच कर रही हैं। रिपोर्ट सरकार को जल्द सौंपने की तैयारी है, लेकिन जवाबदेही तय होगी या नहीं, यह प्रश्न बना हुआ है।

## संत श्री गुरु रविदास के विचार समाज में समानता, भाईचारे को देते हैं बढ़ावा : कुलदीप

अनंत ज्ञान



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं थे, बल्कि उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हैं, जो आज भी प्रासंगिक हैं।

उन्होंने समाज को भेदभाव-मुक्त, समरस और समानता पर आधारित बनाने का आह्वान किया और आशा जताई कि गुरु रविदास के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सौहार्द एवं भाईचारे के साथ आगे बढ़ेगा। कुलदीप कुमार धीमान बुधवार को संतोषगढ़ में आयोजित 20वें श्री गुरु रविदास जोड़ मेले में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मेले के आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बताते हुए आयोजकों और उपस्थित जनसमुदाय को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जोड़ मेला केवल आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि इसका इतिहास सामाजिक चेतना, संघर्ष और जागरूकता से भी जुड़ा हुआ है। एससी आयोग अध्यक्ष ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन में भेदभाव मिटाने और लोगों को एकजुट करने का निरंतर प्रयास किया। उनके विचार समाज को जोड़ने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और समानता का संदेश देने वाले हैं। उन्होंने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज को शिक्षित, संगठित और सजग रहने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर एससी आयोग सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, शालिनी, जोड़ मेला प्रबंधक समिति के प्रधान बलवंत सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समित शाखा बाथु द्वारा आयोजित एवं नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय सह डिजिटल साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार को महिला मंडल-गुरपलाह के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक के मैनेजर रंजना दवेदी द्वारा लोग को बैंक की भिन्न-भिन्न संबंधी योजनाओं बारे जागरूक किया। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, सेल्फ हेल्प ग्रुप, गृह नयन शिक्षा ऋण, वाहन ऋण फसल बीमा योजना सामाजिक पैशन बीमा योजना और एटीएम साइबर क्राइम के बारे एक सुरक्षा जागरूक किया शाखा प्रबंधक रंजना ने संबोधन में कहा की अगर कोई भी फ्राड कोल आती है तो आप इस बारे बैंक में आकर या फोन के माध्यम से बैंक कर्मचारियों को बता सकते हैं।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ तलमेहड़ा की जनता में भारी रोष

अनंत ज्ञान


स्मार्ट मीटर का विरोध करते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** बिजली विभाग बंगाणा द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर आम जनता में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

इस संदर्भ में ग्राम पंचायत खरयालता के तलमेहड़ा, रौणखर के जनप्रतिनिधियों और इलाके के लोगों ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अचानक कई गुना बढ़ गए हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। स्थानीय ग्राम पंचायत खरयालता के उपप्रधान अशोक कुमार मोनू, राजीव शर्मा, अंकित शर्मा, जगदीश, मोहन लाल, स्वर्णा देवी, निशा शर्मा नीनू वाला, प्रमिला देवी, शर्मिला देवी, किरना देवी का कहना है कि बिना सही जानकारी दिए व बिना उपभोक्ताओं की सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि पहले जहां उनका बिजली बिल सामान्य आता था। वहीं, स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल दोगुना-तीन गुना तक बढ़ गया है। सामाजिक संगठनों व उपभोक्ता संघों ने इसे जनता के साथ अन्याय बताते हुए कहा है कि अगर जल्द ही इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो बड़े पैमाने पर जन आंदोलन किया जाएगा। संगठनों का कहना है कि बिजली विभाग पहले मीटरों की सही जांच कराए, बढ़े हुए बिलों को ठीक करे और उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद नहीं की गई और बढ़े हुए बिल वापस नहीं लिए गए, तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन, घेराव और बड़े जन आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। वहीं, बिजली विभाग के एसडीओ बंगाणा जेएस कौशल का कहना है कि स्मार्ट मीटर आधुनिक तकनीक पर आधारित हैं और इनसे बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होती है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी समस्या के लिए विभागीय कार्यालय में संपर्क करें। फिलहाल, स्मार्ट मीटर को लेकर जनता और विभाग के बीच टकराव की स्थिति बनती नजर आ रही है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और अधिक गंभीर रूप ले सकता है।

**भूमि पूजन** सोलहसिंगी धार के प्राचीन चौमुखा मंदिर के जीर्णोद्धार का शुभारंभ, भुट्टो ने रखी नींव

# चौमुखा मंदिर आपदा-रोधी तकनीक से होगा पुनर्निर्मित

अनंत ज्ञान


चौमुखा महादेव मंदिर में देवेंद्र कुमार भुट्टो और अन्य। अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र की सोलहसिंगी धार में स्थित द्वापर कालीन पांडवों द्वारा निर्मित प्राचीन चौमुखा मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य विधिवत रूप से शुरू हो गया है।

इस पावन कार्य की नींव कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने रखी। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के उपरांत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बताया गया कि बीते समय में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान चौमुखा मंदिर को भारी नुकसान पहुंचा था। मंदिर की दीवारें, ढांचा व आसपास का परिसर काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं बनी हुई थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए अब मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य आपदा-रोधी तकनीक से किया जा रहा है, निर्माण में सरिया डालकर मजबूत डंगे लगाए जाएंगे, ताकि भविष्य में किसी भी आपदा से मंदिर को सुरक्षित रखा जा सके। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बताया कि जीर्णोद्धार के तहत मंदिर परिसर में एक बड़ा हॉल भी बनाया जाएगा, जिससे धार्मिक आयोजनों, भंडारों व विशेष पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। इस पूरे निर्माण कार्य पर लगभग 20 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने जानकारी दी कि मंदिर निर्माण के लिए दानी सज्जनों के सहयोग से अब तक करीब पांच लाख रुपए एकत्रित हो चुके हैं। इस मंदिर के भक्त अभय सिंह राणा, रिशु बनियाल व अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि भाजपा नेता भुट्टो ने मंदिर निर्माण के लिए व्यक्तिगत रूप से 51,000 रुपए की राशि तथा 2000 फुट क्रेशर सामग्री प्रदान की है, जिसके लिए सभी श्रद्धालु उनका आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि भुट्टो लंबे समय से क्षेत्र के धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि चौमुखा मंदिर पांडवों द्वारा निर्मित एक ऐतिहासिक और आस्था का प्रतीक स्थल है।

यह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत भी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों व दानी सज्जनों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करें, ताकि मंदिर का निर्माण कार्य जल्द और भव्य रूप से पूरा किया जा सके। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि महापर्व शिवरात्रि तक मंदिर परिसर में कुछ विशेष और अलग कार्य किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को एक नई अनुभूति मिल सके। उन्होंने कहा, 'जितना जिससे बन सके, वह मंदिर निर्माण के लिए दान करे। कार्य शुरू हो चुका है और हमें विश्वास है कि जल्द ही सोलहसिंगी धार के चामुक्खा मंदिर नए स्वरूप में श्रद्धालुओं के सामने होगा।कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर के शीघ्र निर्माण और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## 30 वर्ष बाद सुलझा भूमि विवाद, धमांदरी डठवाड़ा मार्ग का निर्माण कार्य हुआ शुरू

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित पड़े विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की दिशा में विधायक विवेक शर्मा लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में लगभग 30 वर्षों से भूमि विवाद के कारण अटका पड़ा धमांदरी-डठवाड़ा मार्ग अब निर्माण की राह पर आ गया है। इस पक्के मार्ग के निर्माण कार्य के शुरू होने से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और एक बड़ी समस्या का स्थायी समाधान होगा। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग लंबे समय से भूमि विवादों में उलझा हुआ था, जिस कारण पक्की सड़क का निर्माण संभव नहीं हो पा रहा था।

ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, खासकर बरसात के मौसम में यह रास्ता लगभग बंद हो जाता था। विधायक विवेक शर्मा ने इस जटिल समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, प्रशासन और प्रभावित पक्षों से संवाद स्थापित किया। आपसी सहमति के माध्यम से विवाद का समाधान करवाने के बाद मार्ग निर्माण का कार्य विधिवत रूप से शुरू हो सका। स्थानीय जनता का कहना है कि विधायक विवेक शर्मा इससे पहले भी ऐसे कई जटिल मामलों को सुलझा चुके हैं। कुटलैहड़ क्षेत्र में अनेक सड़कें और रास्ते वर्षों से भूमि विवादों के कारण अधूरे पड़े थे, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुलझाकर विकास कार्यों को गति दी गई है।

इससे दूरदराज के गांवों को भी बुनियादी सुविधाएं मिलनी शुरू हुई हैं। इस अवसर पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, दिनेश खत्री, सुदेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे कुटलैहड़ की जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रहे हैं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता उनका परिवार है और उसकी सेवा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि हर गांव और हर व्यक्ति के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि धमांदरी-डठवाड़ा मार्ग क्षेत्र के विकास और खुशहाली का प्रतीक बनेगा।

# पारंपरिक कुल्लवी महानाटी के रंग में रंगा मनाली का मालरोड

## वामतट के 162 महिला मंडलों की 1500 से अधिक महिलाओं ने विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन दी नाटी की बेहतरीन प्रस्तुति

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** अंतरराष्ट्रीय शरदोत्सव मनाली के दूसरे दिन राइट बैंक की महिलाओं की महानाटी विशेष आकर्षण रही। यह महानाटी जहां महिलाओं द्वारा अपनी सांस्कृतिक परंपरा को समृद्ध करने का सशक्त प्रयास है। वहीं पर अगली पीढ़ी को भी परंपरा के मूल्यों का अंतरण करने का एक माध्यम है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़, एसडीएम रमन शर्मा सहित आयोजन समिति के समस्त सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने महिलाओं का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए प्रशासन और समिति द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शरदोत्सव में अपने महत्पूर्ण योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिला मंडलों को दी जाने वाली सहायता राशि को हर वर्ष वृद्धि करते हुए इस वर्ष 30 हजार से 35 हजार किया है।



राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मनाली के मालरोड में पारंपरिक वेशभूषा में कुल्लवी नाटी में भाग लेती महिलाएं। अनंत ज्ञान

### महानाटी का शानदार प्रदर्शन

**इस** अवसर पर काले रंग के फूलदार पट्टू, चांदी की बूमणी, चंद्रहार, लॉकेट और लाल रंग का ढाठू, चांदी का चंद्रहार, सोने का पातकू, गोखड़ू, बाजूबंद और पाजेब पहनकर 1100 महिलाओं ने जब एक साथ महानाटी डाली, तो इसकी शोभा देखने योग्य होती है। मनाली में राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन बुधवार को माल रोड पर महानाटी का आयोजन हुआ। इस दौरान लेफ्ट बैंक के 130 महिला मंडलों की लगभग 1100 महिलाओं ने एक साथ करीब एक घंटे तक महानाटी का प्रदर्शन किया। रामबाग चौक से दुर्गा मंदिर तक महिलाओं की लंबी कतार में महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन के साथ महिलाओं ने पहाड़ी गीतों पर यह नाटी में महिला सशक्तिकरण की जीवंत तस्वीर दिखाई दी। इसी भांति लेफ्ट बैंक की महानाटी का आयोजन 23 जनवरी को होगा। विंटर कार्निवल में दो दिन महानाटी का आयोजन होता है। एक दिन राइट व एक दिन लेफ्ट बैंक की महिलाएं नाटी करती हैं। दोनों समूहों में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को एक लाख व दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50,000 रुपए का नकद इनाम दिया जाता है।

# 21 प्रतिभागियों के बीच होगा विंटर क्वीन के लिए मुकाबला



महिला आयोग की अध्यक्ष के स्वागत के लिए खड़ी सुंदरियां। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** विंटर कार्निवाल की सबसे आकर्षक रहने वाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता शुरू हो गई है। 21 प्रतिभागियों के बीच विंटर क्वीन के लिए मुकाबला होगा। विंटर कार्निवाल के पहले दिन महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी ने फूल देकर प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। कार्निवाल कमेटी ने मंडी, कुल्लू व मनाली में आकर 21 प्रतिभागियों का चयन किया है। गत रात को सभी प्रतिभागी पर्यटन निगम के होटल कुंजम में महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी से मिले और बातचीत की।

बुधवार को विंटर क्वीन का पहला राउंड हुआ। इस राउंड में प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया। दूसरी ओर वायस आफ कार्निवाल प्रतियोगिता का भी बुधवार को पहला राउंड हुआ। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि कार्निवाल की धूम शुरू हो गई है। आने वाले चार दिन मनु रंग शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन शरद सुंदरी प्रतियोगिता की 21 प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा एक टास्क दिया गया। इसमें उन्हें मनाली शहर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए फंड्स इकट्ठा करने का टारगेट दिया गया और मात्र 2 घंटे में 21 प्रतिभागियों ने 73734 इकट्ठा कर मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए योगदान दिया। इन 21 प्रतिभागियों के द्वारा इकट्ठा की गई धनराशि एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा के सुपुर्द की गई, जो जल्द ही मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया जाएगा।

# बंजार को 120 करोड़ की ऐतिहासिक सौगात, 17 सड़कों को मिली स्वीकृति

अनंत ज्ञान

**बंजार।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के अंतर्गत बंजार विधानसभा क्षेत्र को बड़ी विकासात्मक उपलब्धि मिली है।

केंद्र सरकार द्वारा बंजार विधानसभा क्षेत्र की कुल 17 ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी स्तरोन्नति के लिए लगभग 120 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं का विस्तार करने व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरुआत की है, जिसका सीधा लाभ हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों को मिला है। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने इन सभी परियोजनाओं की एकमुश्त स्वीकृति को ऐतिहासिक करार देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। विधायक शौरी ने विशेष रूप से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विशेष धन्यवाद किया। बंजार लोक निर्माण विभाग मंडल के अंतर्गत पीएमजीएसवाई-4 के तहत जिन सड़कों को स्वीकृति मिली है,



उनमें देहुरी-शनाड़, बरनागी-माशियार, चलैन-देवगढ़, बलागाड़-भरठीधार, गुशैनी-पेखड़ी-तिंदर, बरनागी-चिपनी, मंढी संपर्क सड़क, डिंबरचाहड़ी-गुशैनी, बागीकोठी-चेहनी-मियागी, बिनी-खंडरागी, बठाहड़-शिल्ल-शरुंगर, टील-बछूट, जिभी-रशाला-सरठी, देउठा-जवाली, गलवाहधार-रंबी, घटगाड़-कड़ाहिल तथा गोड़ीगाड़-थनीचेड शामिल हैं। विधायक शौरी ने कहा कि वर्ष 2000 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की नींव रखी थी।

# सूमो वाहन की टक्कर से पर्यटक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के सिस्सू थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में एक पर्यटक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना की जानकारी 112 हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि एक सूमो वाहन ने एक पर्यटक को टक्कर मार दी है। सूचना के बाद थाना सिस्सू पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तथ्यों का सत्यापन किया। जांच में पाया गया कि वाहन संख्या एचपी 66 ए 7407 का चालक लापरवाही और तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। वाहन दूसरी कार से भी टकराया, जिससे नुकसान हुआ। घायल पर्यटक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनाली रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में एफआईआर नंबर 5/26 दर्ज की है। मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# कुल्लू में पीएमजीएसवाई योजना में 65 सड़कों को मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा पीएमजीएसवाई योजना चार के पहले चरण में जिला कुल्लू में 65 नई सड़कों को मंजूरी दी गई है। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से जिला कुल्लू के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह एक बड़ा तोहफा है और करोड़ों रुपए की राशि से इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण पर 557.07 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।



जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भाजपा के नेताओं के प्रयासों से जिला कुल्लू में 65 सड़कों को मंजूरी मिली है, ऐसे में इस योजना के तहत आनी विधानसभा क्षेत्र में 26 सड़कों को मंजूरी मिली है। जिसके लिए 250.850 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। बंजार विधानसभा क्षेत्र की बात करें, तो यहां पर 17 सड़कों को मंजूरी मिली है। इस पर 120.27 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में भी 20 सड़कों को मंजूरी मिली है। इस पर कुल 174.61 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

मनाली विधानसभा क्षेत्र में दो सड़के इस योजना के तहत मंजूर की गई है और उस कर 11.31 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करती है। इन सड़कों के निर्माण से हजारों लोगों को फायदा होगा और उन्हें पैदल सफर से भी निजात मिलेगी।

# 'रंग बरसे बड़ा बांका' गाने पर नाच उठी मनुरंगशाला

अनंत ज्ञान

**मनाली।** राष्ट्रीय विंटर कार्निवल मनाली की पहली सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी लोकगीतों की धूम रही। इस बार कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या में कुल्लू के ही कलाकारों को तरजीह दी गई है।

कुल्लू के प्रसिद्ध एवं हिमाचली लोक गायक कुशल वर्मा ने एक से बढ़कर एक कुल्लवी गाने पेश कर मनु रंगशाला में बैठे हजारों लोगों को झूमनेपर विवश किया। उन्होंने...आमा जुले आमा जुले,.. रंग बरसे बड़ा बांका,...रोहड़ू जाणा मेरी आमिये,.. पड़ल मारी,मारी साइकिल तू चलदी,... जोथ दुबड़ी लगी मेरी सरला और ...ए आए ते कोटके ए आए साराजी गीतों पर खूब धमाल मचाया और दशकों से जमकर तालियां लूटी। इसके अलावा सैंज के कलाकार लाल सिंह व जाणा की लक्ष्मी ने भी पहाड़ी तरानों के साथ दर्शकों को झुमाया। इसके अलावा मनाली के मनाली के अंकुश, ओमप्रकाश, विपिन, मनाली बाहंग सेस राम, कुलंग की आंचल, हरीश म्यूजिकल ग्रुप मनाली, डेविड, बंजार



पहली सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार। अनंत ज्ञान

के पवन के अलावा दीवान, सनी वर्मा, सनी वर्मा, टीएल प्रधान, ट म्यूजिकल ग्रुप नलाहच, खेमराज और नीरू चांदनी ने भी खूब तालियां बटोरी। कार्निवल की पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी व कलाकारों के गाने पर जमकर मस्ती की।

उधर, माल रोड में सजे मंच में भी कई कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया। विंटर कार्निवाल के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। मनुरंगशाला में जाने वाले दर्शकों की भीड़ में शरारती तत्व दाखिल न हो इसके लिए कड़ी तलाशी ली जा रही है। मुख्य द्वार पर तलाशी के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। मनुरंगशाला में लड़ाई-झगड़े जैसी घटनाओं को रोकने के लिए इस बार सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर मशीन से जांच हो रही है। एंटी गुंडा सेल बनाकर विशेष निगरानी की जा रही है, जिन रास्तों से शरारती तत्व या नशेड़ी भीतर प्रवेश करते थे, वे रास्ते फेंसिंग लगाकर पहले ही बंद कर दिए गए है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा खुद नजर रखे हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. सुमित देंगे कैंसर लक्षण पर जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लला मेमे फाउंडेशन व प्रोजेक्ट कॉज के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 25 जनवरी को रिवालसर में एक विशेष कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में एसडीएम बल्ह, स्मृतिका नेगी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी। शिविर के संयोजक और मंडी के प्रसिद्ध समाजसेवी हरमीत सिंह बिट्टू ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस नेक कार्य में रिवालसर गुरुद्वारा कमेटी, रिवालसर गोंपा कमेटी, माता नयना देवी कमेटी के साथ-साथ ग्राम पंचायत रिवालसर व नगर परिषद के सदस्य भी सक्रिय रूप से अपना सहयोग देंगे। प्रोजेक्ट कॉज की चेयरपर्सन सुरजीत चटर्जी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने विशेष रूप से साझा किया कि यह क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर सुमित गोयल इस शिविर में उपस्थित रहेंगे। डॉ. गोयल कैंसर के लक्षणों, बचाव व उपचार के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करेंगे। लला मेमे फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल मनेपा ने लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, सुंदरनगर व आसपास के क्षेत्रों से आए रिवालसर में रहने वाले सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह का लाभ उठाएं।

### राज्यपाल ने 'असेसमेंट फॉर लर्निंग' का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षण संस्थान में स्नातक पाठ्यक्रम के उद्घाटन समारोह पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा डॉ. मुकेश शर्मा एवं डॉ. सीमा भारद्वाज द्वारा लिखी गई पुस्तक 'असेसमेंट फॉर लर्निंग' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक अंग्रेजी संस्करण में प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक में शोध व अनुभव के आधार पर अधिगम-मूल्यांकन की नवीन अवधारणाओं को सरल व प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में 'असेसमेंट फॉर लर्निंग ' जैसी अवधारणाएं शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक छात्र-केंद्रित, परिणामोन्मुखी व गुणवत्तापूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। यह पुस्तक शिक्षकों, शोधकर्ताओं, प्रशिक्षुओं व शिक्षा प्रशासकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। लेखकों डॉ. मुकेश शर्मा व डॉ. सीमा भारद्वाज ने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य मूल्यांकन को केवल परीक्षा तक सीमित न रखते हुए उसे सीखने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाना है, जिससे विद्यार्थियों की निरंतर प्रगति और समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. शर्मा के लेखन कार्य में गहन रूचि के साथ-साथ सामाजिक कार्य में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेने में रूचि रखते हैं।

### बंजार में भाजपा की नीतियों पर आपत्ति जताई

**अनंत ज्ञान, बंजार।** कुल्लू जिले की बंजार विधानसभा में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की नीतियों पर आपत्ति जताई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा कि मनरेगा कानून ने गरीबों को रोजगार और विकास मुहैया कराया, जबकि भाजपा के 40 फीसदी अतिरिक्त वित्तीय भार से पंचायतों में योजनाओं को लागू करना कठिन हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने योजनाओं को सीधे नियंत्रित करके पंचायतों की शक्ति कम कर दी है। कार्यक्रम में बंजार विधानसभा के मनरेगा बचाओ समन्वयक हीरा लाल विभू, जिला अध्यक्ष सेसराम आजाद, एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां, युवा कांग्रेस अध्यक्ष योग राज और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 27 को क्रिकेट प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला के क्रिकेट खिलाड़ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। हाल ही में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की अंडर-14 टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में महिला टीम ने भी उपविजेता रहकर जिले को गौरवान्वित किया। जिले के महिला व पुरुष खिलाड़ी न केवल जिला और राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। पुरुष वर्ग के खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जबकि महिला खिलाड़ी आईपीएल और डब्ल्यूपीएल जैसे बड़े मंचों पर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। महिला टीम ने दूसरे स्थान पर रहकर 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। जिले के दो खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी मिली है। 27 जनवरी को ढालपुर मैदान में ओपन वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# पुन: लागू हो एसीपीएस, प्रदेश पशु चिकित्सा संघ कुल्लू ने प्रदेश सरकार से उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ जिला इकाई कुल्लू ने अपनी मांगों को लेकर पशु स्वास्थ्य/प्रजनन उपनिदेशक, कुल्लू के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा है। जिला कुल्लू इकाई के महासचिव डॉ. अरुण शर्मा व प्रदेश प्रेस सचिव डॉ. रणधीर ने बताया कि प्रदेश सिविल सेवा (वेतन) नियम 2022 के लागू होने के साथ ही 3 जनवरी 2022 से एसीपीएस को समाप्त कर दिया गया। इस निर्णय से राज्य भर में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति की संभावनाओं और वेतन वृद्धि पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर अनुरोध किया है कि 2026-27 के बजट में सुनिश्चित कैरियर प्रगति योजना (एसीपीएस) को बहाल किया जाए। डॉ. अरुण शर्मा व डॉ. रणधीर ने कहा कि एसीपीएस बंद करने से पशुपालन विभाग में वर्तमान में पदोन्नति पदों की भारी कमी है। एक पशु चिकित्सा अधिकारी अक्सर ठोस पदोन्नति व्यवस्था के बिना लगभग 30 वर्षों तक सेवा करता है। पूरे विभाग के लिए केवल एक निदेशक व चार संयुक्त निदेशक पद उपलब्ध होने के कारण, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के पद तक पहुंचने में ही 20 वर्ष से अधिक समय लग जाता है। इससे वित्तीय असमानता आई है 2022 से पहले, विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के माध्यम से अधिकारियों को 4, 9 और 14 वर्ष की सेवा के बाद वेतन लाभ दिए जाते थे। इसे हटाने से एक 'दो-स्तरीय' वेतन संरचना बन गई है, जहां समान सेवा अवधि और जिम्मेदारियों वाले अधिकारियों को अलग-अलग वेतन मिलते हैं, जिससे मानसिक तनाव और भारी वित्तीय नुकसान हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी पशु पालकों के लिए की रीढ़ हैं। प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ जिला इकाई कुल्लू प्रदेश सरकार से इस प्रशासनिक अन्याय को दूर करने का पुरजोर अनुरोध करती है।

# बस सुविधा से जुड़ेगा तुमन गांव

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आजादी के 78 सालों बाद, करसोग खंड की दुरस्त पंचायत तुमन को मिली सड़क सुबिधा के बाद, अब तुमन गांव के ग्रामीण परिवहन बस के रूट की मांग को लेकर सरकार से आशान्वित है।

इसी मांग के संदर्भ में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल करसोग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी महेश राज की अनुशंसा से करसोग कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से सच्चिवालय में मिला और आनी से तुमन के लिए स्कूल बस चलाने की मांग की। कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के ध्यान में लाया कि उनका गांव करसोग विधानसभा क्षेत्र का दुरस्त सीमावर्ती गांव है, जहां आजादी के 78 वर्षों बाद



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

सड़क सुबिधा मिली है और अब यहां के ग्रामीण सड़क पर आनी से तुमन रूट की परिवहन बस चलाने की गुहार लगा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई अमल में लाई और परिवहन निगम के एमडी साहब को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए और तुमन गांव के लिए जल्द परिवहन निगम की स्कूल बस चलाने के आदेश दिए. प्रतिनिधिमंडल ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, परिवहन निगम के एमडी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश राज का आभार जताया है। इस प्रतिनिधिमंडल में किशोरी लाल शर्मा के साथ ब्रह्मा नंद शर्मा, विजय, अमर शर्मा, राहुल शर्मा, यश शर्मा, सोनू शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, विनोद शर्मा, लाल चंद शर्मा, मोनू भारद्वाज, दक्ष शर्मा, चुन्नू शर्मा, तेजेंद्र शर्मा तथा प्रदीप शर्मा सहित अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# काष्ठ कला का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** 2 माह (50 दिन) के लिए नगर में 'गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण प्रोग्राम' काष्ठ कला प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा प्रायोजित व हिमाचल प्रदेश में स्थित हस्तशिल्प सेवा केंद्र कुल्लू द्वारा आयोजित एवं हेरीटेज आर्ट सेंटर नगर के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। काष्ठ कला गुरु तापे राम ने दो माह तक 26 प्रशिक्षकों को काष्ठ कला का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया। इसके समापन के अवसर पर हैरीटेज आर्ट सेंटर के अध्यक्ष जय चंद काइस्था मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा की स्वरोजगार के लिए इस तरह के प्रशिक्षण देना जरूरी है। इस अवसर पर हस्तशिल्प सेवा केंद्र कुल्लू के सहायक निदेशक संतोष आनंद तथा उनके कार्यालय के सहयोगी हैरीटेज आर्ट सेंटर के उपाध्यक्ष कुंदन सिंह ठाकुर आर्ट सेंटर द्वारा संचालित हैरिटेज आर्ट कॉलेज के प्रधानाचार्य कमलेश तथा सदस्य सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार वार्ता — निर्माण कार्यों से ग्रामीण व पर्यटन विकास में तेजी लाने का आश्वासन

# 157 करोड़ से बनेंगी 20 ग्रामीण सड़कें: सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** कुल्लू विधानसभा क्षेत्र को ग्रामीण सड़क नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) बैच-1 में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की 20 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 157 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने आज आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

विधायक ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, लोक निर्माण मंत्री तथा केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र को सबसे अधिक सड़कों के आवंटन में दूसरा स्थान पर है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से दूरदराज, दुर्गम और ग्रामीण क्षेत्रों की वर्षों पुरानी



विधायक सुंदर सिंह ठाकुर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

मांग पूरी होगी तथा आवागमन सुगम होने के साथ-साथ पर्यटन, कृषि बागवानी और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के लोगों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने सड़कों के निर्माण के लिए गिफ्ट डीड सहित आवश्यक सहयोग प्रदान किया, जिससे योजनाओं को धरातल पर लाने में आसानी हुई। उन्होंने बताया की दोहरानाला शिलीहार चेष्ठा, पचाहली से शिलिंग, संपर्क मार्ग खोपरी माथला, नाज़न नलाह से नाज़न, संपर्क मार्ग भलयानी, शिली हार से नरोगी, संपर्क मार्ग जिंडी, ठेला ज्येष्ठा पारली, संपर्क मार्ग पुलगा, घुटु बिहाल से गर्मांग संपर्क मार्ग गांव बुआई से पीज सड़क बदाह पाहनाला से राजगिरि, डूनखरा पुन्थल सड़क, संपर्क मार्ग खारका से जठानी,शारनी पीनी सड़क रूजक से नेरी,पाहनाला से लिंगर, बानशु शैताजोल लाशनी संगतहार बिरनी चकरिंगा सड़क , धारा से बरशोगी सड़क, बालू रा घेरा से टिपरी साउथ और शारनी पुल सड़क सड़क की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त बैच-2 में भी सड़के मिलेंगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय और केंद्रीय मंत्रियों के साथ सकारात्मक संवाद का ही परिणाम है कि प्रदेश को बड़ी संख्या में सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति मिल रही है।

उन्होंने जानकारी दी कि इसके अतिरिक्त नाबार्ड के अंतर्गत कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की चार और सड़कों को स्वीकृति दिलाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। वहीं, पीरढ़ी में सीआरएफ के तहत पुल निर्माण कार्य भी शीघ्र आरंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जाएगा तथा सड़क और पुल परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएंगी।

# महिला सशक्तिकरण और संस्कृति संरक्षण को मिली मजबूती: भुवनेश्वर

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यमंत्री सुक्खू के एकदिवसीय मनाली दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दौरा मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलने वाला सिद्ध हुआ है। उन्होंने करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शरदोत्सव मनाली के दौरान झांकियों तथा 'माह नाटी' में भाग लेने वाले महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि में ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 30 हजार से बढ़ाकर 35 हजार रुपए किया गया है।

इससे महिला मंडलों का उत्साह कई गुना बढ़ा है। विधायक ने विशेष रूप से मनाली विंटर कार्निवाल में भाग लेने वाले महिला मंडलों की सराहना करते हुए कहा कि ये महिला मंडल वर्षों से हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपराओं, वेशभूषा, लोकनृत्यों प लोकगीतों को जीवंत बनाए हुए हैं। कठिन मौसम व सीमित संसाधनों के बावजूद महिला मंडल जिस समर्पण भाव से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखते हैं, वह सराहनीय है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विंटर कार्निवाल में भाग लेने वाले महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि में लगभग 25 हजार रुपए की वृद्धि की गई है, जो सरकार की संस्कृति-संरक्षण एवं महिला सम्मान की सोच को दर्शाती है। भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि सरकार ने अपनी गारंटियों के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प लिया था। इसी कड़ी में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा 1 अप्रैल, 2026 से मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को इस योजना के अंतर्गत 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान करने की घोषणा को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और इसके लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार प्रकट किया। विधायक ने कहा कि मनाली का विधायक होने के नाते वे मुख्यमंत्री के विशेष रूप से आभारी हैं तथा पूरी मनाली घाटी की महिलाएं भी महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि में की गई इस वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद कर रही हैं।

# रैपिडो-उबर के खिलाफ ऑटो चालकों का हल्लाबोल

## सोलन में दो घंटे नहीं चले ऑटो, यात्रियों को करना पड़ा मुश्किलों का सामना, डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन शहर में रैपिडो, उबर और ब्ला-ब्ला जैसी ऐप-आधारित सेवाओं के खिलाफ शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन ने जोरदार विरोध जताया। बुधवार को शूलिनी ऑटो यूनियन, बघाट टैक्सी यूनियन, हिमाचल टैक्सी यूनियन व ओच्छघाट टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने मिनी सचिवालय पहुंचकर डीसी सोलन को ज्ञापन सौंपकर इन एप-आधारित वाहनों को बंद करने की मांग की।

विरोध के तहत ऑटो यूनियन ने सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सोलन शहर में ऑटो सेवाएं बंद रखीं। दो घंटे के इस चक्का जाम से शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, स्थानीय लोगों को भी यातायात की परेशानी झेलने के साथ जरूरत का सामान घर तक ले जाने को इंतजार करना पड़ा। हालांकि, दोपहर 1 बजे के बाद ऑटो सेवाएं बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले कुछ दिनों से सोलन शहर में एप-आधारित वाहनों व ऑटो चालकों के बीच विवाद चल रहा है। इस मुद्दे को लेकर शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन पहले भी डीसी से मुलाकात कर चुके है, लेकिन उस समय कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया। इसके बाद यूनियन का आक्रोश बढ़ गया व बुधवार को ऑटो बंद कर विरोध दर्ज कराया गया। सोलन शहर में करीब 350 ऑटो लगातार अपनी सेवाएं देते रहे हैं। लिहाजा, ऑटो को सोलन शहर की लाइफ लाइन कहा जाता है। यहां शहर की हर छोटे बड़ी गलियों तक ऑटो लोगों को पहुंचाने के काम में जुटी रहती है। लिहाजा यदि ऑटो कुछ देर भी बंद हो जाए, तो लोग परेशान हो जाते हैं।



डीसी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

'ऑटो यूनियन और टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधियों ने शिकायत दी है कि शहर में एप के माध्यम से अवैध रूप से सवारी ढोई जा रही है। इस विषय पर जल्द विचार-विमर्श कर आगामी निर्णय लिया जाएगा।'
**मनमोहन शर्मा, डीसी, सोलन।**

'पिछले कुछ दिनों से शहर में एप के माध्यम से बिना कागजात और अनुमति के वाहन चल रहे हैं। इससे ऑटो चालकों को नुकसान हो रहा है। यूनियन चाहती है कि यदि ये वाहन चलने हैं तो उनके पास पूरे कागजात, परमिट हों और सरकार को टैक्स दें। अवैध रूप से एप के माध्यम से वाहन चलाना स्वीकार नहीं होगा। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो विरोध और तेज किया जाएगा।'
**धर्मपाल ठाकुर, प्रधान, शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन।**

### आरटीओ कार्यालय में भी सौंपा ज्ञापन

डीसी को ज्ञापन सौंपने के बाद सभी यूनियनों के सदस्य आरटीओ कार्यालय भी पहुंचे और वहां भी ज्ञापन दिया। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि एप-आधारित वाहनों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर वाहन यूनियनों द्वारा आह्वान किया गया है, और तब तक स्थिति न सुधरने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### गैरकानूनी तरीके से चल रहे वाहन: यूनियन

यूनियन सदस्यों ने डीसी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि शहर में कई वाहन गैरकानूनी तरीके से संचालित हो रहे हैं। ऑटो यूनियन के प्रधान धर्मपाल ने कहा कि न तो इनके पास वैध परमिट हैं और न ही ये टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। यूनियन का कहना है कि इन वाहनों की नंबर प्लेट भी पीली नहीं है, जो नियमों के खिलाफ है। बारिश के समय ये वाहन सड़कों से गायब हो जाते हैं, जबकि ऑटो ही यात्रियों का भरोसेमंद साधन हैं।

### स्कूलों में भी चल रही अवैध टैक्सियां

यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि शहर के कई नामी स्कूलों में अवैध रूप से टैक्सियां बच्चों को ढो रही हैं। एक-एक टैक्सी में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। इन टैक्सियों के नंबर प्लेट सफेद हैं, जो नियमों के अनुसार गलत है। इस पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में दबिश देकर पकड़ी 5 लीटर अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नशे का करोबार चला रहे लोगों की धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस ने पांवटा में शिकंजा कसते हुए एक घर में दबिश देकर 5 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना पुरुवाला में नशे के कारोबार में लगे एक व्यक्ति के घर में गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर 5 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि मामले में आरोपी निरमल सिंह, निवासी रामपुरघाट, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को नोटिस पर पाबंद करके रिहा किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जांच जारी है।

### साधु के केश व दाढ़ी काटने के मामले में समझौता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधान द्वारा एक साधु की दाढ़ी और केश काटने के बहुचर्चित मामले में अब आपसी समझौता हो गया है। गांव के गणमान्य लोगों की मध्यस्थता से प्रधान व महात्मा के बीच सुलह करवाई गई। समझौते के दौरान प्रधान ने महात्मा से सार्वजनिक रूप से पांव पकड़ कर माफी मांगी और भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न होने का आश्वासन दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं, साधु प्रवेश गिरी ने भी प्रधान को माफ कर दिया है। प्रधान ने प्रवेश गिरी को एक अच्छा महात्मा बताते हुए कहा कि वह शराब नहीं पीते हैं तथा वह भांग धतूरा का सेवन करते हैं। उन्होंने समस्त साधु समाज से भी माफी मांगी तथा महात्मा का आगामी समय में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस पर महात्मा ने माफी देते हुए कहा कि पंच अखाड़े जो साधु समाज के लोग आएंगे उनका पूरा खर्च प्रधान वहन करेंगे यही इनका दंड है। इस मामले में महात्मा की ओर से पुलिस थाना संगड़ाह में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी, जिसके चलते मामला अब न्यायालय के अधीन है। कानूनी जानकारों के अनुसार आरोपी को इस प्रकरण को समाप्त करवाने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करनी होगी, जिसके बाद ही मामला रफा-दफा हो सकता है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य महिला द्वारा महात्मा के खिलाफ दर्ज करवाई गई शिकायत के मामले में आगामी कार्रवाई के तहत महिला को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### टीडीएस के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आयकर विभाग द्वारा द लॉरेंस स्कूल, सनावर में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रावधानों पर एक आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयकर विभाग की टीम में शक्ति सिंह, संयुक्त आयकर आयुक्त सुनील कुमार, आयकर अधिकारी, रविंदर यादव, कार्यालय अधीक्षक, ओम प्रकाश, कर सहायक और सुरेंद्र कुमार, एमटीएस शामिल थे। टीम द्वारा टीडीएस के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। आयकर विभाग की टीम का प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह ढिल्लों, उपप्रधानाचार्य रवि कुमार एवं बर्सर मेहक सिंह द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में द लॉरेंस स्कूल, सनावर की वित्त टीम ने भी वित्त प्रबंधक रितेश फार्मर के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों में टीडीएस प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उनकी समझ को सुदृढ़ करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

### 550 स्टूडेंट्स को करियर के टिप्स दिए

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब स्थित गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल में 20 और 21 जनवरी को 'करियर टाउन' नामक दो दिवसीय व्यापक करियर मार्गदर्शन और एक्सपोजर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 550 छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों और उद्योग की अपेक्षाओं के बारे में स्पष्टता प्रदान करना था। करियर परामर्श पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें कक्षा 12 के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए व्यक्तिगत परामर्श सत्र और कक्षा 11 के छात्रों के लिए समूह परामर्श सत्र आयोजित किए गए। एक स्टार्टअप पिच गतिविधि ने युवा प्रतिभाओं को अपने नवोन्मेषी और उद्यमशील विचारों को प्रस्तुत करने का मंच प्रदान किया। कॉलेज और विश्वविद्यालय क्षेत्र में पारुल विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय, यूपीईएस, पर्ल अकादमी, एमआईटी पुणे, डीबीएस देहरादून, आईएमएस यूनिसन और जीआरडी अकादमी सहित प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया, जिससे छात्रों और अभिभावकों के साथ सीधा संवाद संभव हुआ। दूसरे दिन स्वास्थ्य सेवा, न्यायपालिका, उद्यमिता और कॉर्पोरेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ एक उद्योग पैनल चर्चा आयोजित की गई। जिसके बाद स्टार्टअप पिच विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली साबित हुआ। गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल गुरविंदर कौर ने बताया की इस करियर टाउन में 12 विश्वविद्यालयों ने स्कूल के जमा एक और जमा दो के 550 छात्रों को करियर के टिप्स दिए।

### बूथ स्तर तक अभियान पहुंचाने के निर्देश



**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन भाजपा द्वारा बुधवार को कुमारहट्टी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) अभियान एवं वीबी-जी, राम-जी के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी पुरुषोत्तम गुलेरिया तथा भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक बलदेव भंडारी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को गति देना रहा।

### बडोल पंचायत में नहीं कोई चिट्टे का आदी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ग्राम पंचायत बडोल में चिट्टे के निवारण पर पंचायत स्तर की बैठक प्रधान ग्राम पंचायत बडोल की प्रधान बबिता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पंचायत में कोई भी चिट्टे की आदी नहीं है। यह जानकारी पंचायत प्रधान ने दी। इस दौरान उप प्रधान भी बैठक में उपस्थित रहे। इस दौरान लालसिंह शर्मा सदस्य हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने नशे के बारे उचित मार्गदर्शन किया।

### 26 जनवरी को होगी विशेष ग्राम सभा बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने निर्देश जारी करते हुए बताया कि जिला सिरमौर की सभी ग्राम पंचायतों में 26 जनवरी को 'मेरा गांव मेरी धरोहर' के आंकड़ों के सत्यापन के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। डीसी ने सहायक आयुक्त (विकास) तथा सभी खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अधीनस्त समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन करवाना सुनिश्चित करें।

### बागा में पेयजल समस्या को लेकर गंभीर चिंता जताई

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत रौडी के महिला मंडल बागा की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें गांव बागा में पेयजल समस्या को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। इसमें बताया गया कि पेयजल आपूर्ति के लिए गांव में एक स्टोरेज टैंक का निर्माण किया गया है, लेकिन टैंक के एक हिस्से में प्लास्टर नहीं किया गया है। इस कारण टैंक से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और कभी भी टैंक के फटने की आशंका बनी हुई है, जिससे प्रदेश सरकार को लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हो सकता है। महिला मंडल ने बताया कि इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत रौडी के प्रधान, उपप्रधान और सचिव को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। सभी ने समस्या को स्वीकार तो किया है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गांववासियों ने निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार से भी अधूरे प्लास्टर कार्य को पूरा करने का आग्रह किया था, जिस पर ठेकेदार ने कार्य शुरू करने की बात कही, लेकिन अब तक कार्य आरंभ नहीं हो पाया है। बैठक में महिला मंडल बागा ने एक बार फिर संबंधित विभाग व पंचायत प्रशासन से आग्रह किया कि स्टोरेज टैंक के अधूरे प्लास्टर कार्य को जल्द पूरा करवाया जाए, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और भविष्य में किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके।

# दाड़ला-कनस्वाला संपर्क मार्ग पर जाम से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** एनएच-205 से जुड़े दाड़ला-कनस्वाला संपर्क सड़क मार्ग पर इन दिनों लगातार लग रहे जाम से आम जनता सहित स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रात:काल इस मार्ग से तीन से चार स्कूल बसें गुजरती हैं, लेकिन जाम के कारण बच्चे समय पर विद्यालय नहीं पहुंच पाते। लोगों का कहना है कि दोनों ओर बाजार होने के कारण सड़क अत्यंत संकरी है। ऐसे में जब दोनों दिशाओं से बड़े वाहन आमने-सामने आ जाते हैं तो तुरंत जाम लग जाता है, जो कई बार एक घंटे तक बना रहता है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए सड़क के एक ओर बेतरतीब ढंग से निजी वाहनों की पार्किंग की जाती है। शिव मंदिर मार्केट से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाड़ला तक जहां भी थोड़ी जगह मिलती है, वहां वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। रेत की ढुलाई में लगे टिप्पर भी जाम की समस्या बढ़ा रहे हैं। सुबह 10 बजे तक भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। डीएसपी दाड़लाघाट ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही पुलिस तैनाती, नो-पार्किंग व्यवस्था और स्थानीय लोगों से बैठक कर उचित समाधान किया जाएगा।

# शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की बैठक

## पंचायतीराज चुनावों को लेकर एकजुट होने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार देर शाम चंबाघाट सर्किट हाउस में सोलन जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष सुभाष वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया और इसके बाद बैठक आयोजित हुई।

रोहित ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायतीराज चुनाव के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत-नगर निकाय चुनावों के बाद 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में सभी को जुट जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को मिलने वाली वित्तीय सहायता में कटौती का जिक्र करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं समेत हर चुनौती का सामना किया है और जनहित में काम जारी रखा है।



सोलन पहुंचे रोहित ठाकुर का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत। अनंत ज्ञान

जिला अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने ठाकुर का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि सोलन जिला कांग्रेस एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाएगी और पंचायतीराज व विधानसभा चुनावों में जीत का सिलसिला जारी रखेगी। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष उषा शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल सिंह ठाकुर, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष राकेश पंत, बलदेव सिंह ठाकुर, अरुण शर्मा, शिवदत्त ठाकुर, अजय वर्मा, संजय भंडारी, मदन हिमाचली, पुनीत नारंग, संधीरा दुलटा, वेद प्रकाश, विजय पूरी, हरी मोहन शर्मा, रघुवेंद्र सिंह, नवीन वर्मा व निखिल गौतम मौजूद रहे।

# बाला सुंदरी मंदिर में आए 65 वर्षीय श्रद्धालु की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** त्रिलोकपुर स्थित महामाया माता बाला सुंदरी मंदिर में दर्शन के लिए आए लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग श्रद्धालु की मौत हो गई।

बुजुर्ग अपने परिजनों के साथ मंदिर में माथा टेकने आए थे। मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते समय अचानक बुजुर्ग को चक्कर आ गया। मौके पर मौजूद प्रसाद की दुकान के मालिक ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और परिजनों से बुजुर्ग को अपनी गाड़ी में अस्पताल तक पहुंचाने को कहा, लेकिन तब तक बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उन्हें वापस अपने घर ले गए। बुजुर्ग की मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक की शिनाख्त रामेश्वर दास (65), निवासी शहजादपुर, जिला अंबाला, हरियाणा के तौर पर हुई है। बुजुर्ग श्रद्धालु के पुत्र रिंकू शर्मा ने बताया कि उनके पिता की मौत हृदयाघात से हुई है।

# कुनिहार में एलुमिनियम कंडक्टर चोरी, तीन आरोपी किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कांशीराम हाल जेई सब स्टेशन बिजली विभाग कुनिहार ने पुलिस थाना कुनिहार में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह 20 जनवरी की रात को अपने सहकर्मियों सहित रात्रि ड्यूटी पर मौजूद थे, तो इन्हें सब स्टेशन के यार्ड में कुछ सामान गिरने की आवाजें सुनाई दी तथा कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां नोटिस की गईं, जब यह लोग यार्ड में गए, तो इन्हें वहां से कुछ लोग सामान चोरी करते भागते हुए दिखे।

यार्ड में सामान चैक करने पर पाया गया की वहां से एक एलुमिनियम कंडक्टर चोरी हुआ है, जिसकी कीमत लगभग 1,10,000 रुपए है। इस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना कुनिहार में पंजीकृत किया गया। उक्त मामले के अन्वेषण के दौरान कुनिहार की पुलिस टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए मौका पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का अवलोकन करने पर चोरी की वारदात में संलिप्त तीन आरोपियों सुनील कुमार पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव कुमारहट्टी डाकखाना देलगी तहसील कंडाघाट, जिला सोलन उम्र 33



वर्ष, ओम प्रकाश पुत्र दिल बहादुर निवासी गांव भोटे चोर व जिला छिन्छु थाना सुरकेत नेपाल उम्र 22 वर्ष हाल रिहाईश विकास नगर शिमला जिला शिमला व कमल पुत्र छबि लाल निवासी गांव व डाकखाना शमशेरगंज तहसील व जिला नेपाल गंज नेपाल उम्र 27 वर्ष हॉल रिहाईश सलोगड़ा तहसील व जिला सोल को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपियों द्वारा इस वारदात में चोरी किए गए एलुमिनियम कंडक्टर को बरामद कर लिया गया है तथा वारदात में संलिप्त गाड़ी को जब्त करके पुलिस ने कब्जा में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष करेंगे गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 26 जनवरी को जिला सिरमौर के नाहन चौगान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह प्रात: 10:40 बजे यशवंत चौक पर स्थापित डॉ. वाईएस परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके उपरांत 10:45 बजे शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। डीसी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ठीक 11 बजे चौगान मैदान में गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत मुख्यातिथि परेड का निरीक्षण करेंगे और फिर मार्चपास्ट होगा। मार्च पास्ट के उपरांत मुख्यातिथि जिला वासियों को संबोधित करेंगे। संबोधन के उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यातिथि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगे डीसी ने जिला वासियों से गणतंत्र दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है और सभी नागरिकों को पर्व में अपनी उपस्थित दर्ज करवाकर इसे धूमधाम के साथ मनाना चाहिए।

# माई भारत नाहन का विशेष कार्यक्रम शुरू, कांगड़ा के 35 युवा ले रहे भाग

अनंत ज्ञान



**नाहन।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माई भारत) नाहन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें कांगड़ा जिले के 35 युवा प्रतिभाग कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश की विविध भाषा, संस्कृति, खानपान, परंपराओं व जीवनशैली से परिचित करवाकर आपसी समझ व राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ द्विज गोयल, आईएएस, जिला विकास अधिकारी नाहन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी माई भारत प्रदीप कुमार, कार्यालय सहायक रीतु शर्मा, कार्यक्रम एवं लेखा सहायक सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। जिला युवा अधिकारी माई भारत प्रदीप कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्थानीय संस्कृति, विरासत, खानपान और जीवनशैली को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनमें सामाजिक और सांस्कृतिक समन्वय की भावना विकसित होगी। कार्यक्रम एवं लेखा सहायक सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागी युवाओं को सिरमौर जिला के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों जैसे श्री रेणुका जी, भूरेश्वर महादेव, सुकेती फॉसिल पार्क, नाहन नेचर पार्क, पांवटा साहिब गुरुद्वारा, हरिपुरधार सहित अन्य रमणीय स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# हर्षवर्धन चौहान आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान आगामी तीन दिन 22, 23 व 24 जनवरी को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उद्योग मंत्री 22 जनवरी को डीसी कार्यालय के बचत भवन नाहन में प्रात: 11 बजे जिला योजना विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा दोपहर बाद केंद्रीय प्रायोजित योजना की जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की अध्यक्षता करेंगे। 23 जनवरी को उद्योग मंत्री आईटीआई शिलाई में कौशल दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होंगे तथा इसके उपरांत वह जनता की समस्याओं को भी सुनेंगे। हर्षवर्धन चौहान 24 जनवरी को ग्राम पंचायत कांडो भटनोल के कांडो में जन समस्याओं का निराकरण करेंगे।

# हिमाचल पंचायत परिषद ने पूर्व अध्यक्ष डॉ. त्यागी को श्रद्धासुमन अर्पित किए



संगोष्ठी में उपस्थित गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. लाल सिंह त्यागी की 121वी जयंती हिमाचल पंचायत परिषद द्वारा निर्मल ग्राम पंचायत नौणी मझगांव कार्यालय में आयोजित की गई।

इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत प्रतिनिधि व पंचायतीराज विशेषज्ञ, गांधीवादी विचारकों व पंचायतीराज में रूचि रखने वाले व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शामिल होकर डॉ. लाल सिंह त्यागी को नमन व श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पंचायत परिषद राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य व नगर परिषद सोलन के अध्यक्ष कुल राकेश पंत, हिमाचल पंचायत परिषद के अध्यक्ष बलदेव ठाकुर, नोणी पंचायत के प्रधान मदन हिमाचली, प्रधान नोणी माझगांव नंद राम, प्रधान शमरोड़, उपप्रधान हरदेव ठाकुर, राजेंदर मेहता, महामंत्री पंचायत परिषद हिमाचल प्रदेश सदस्य पंचायत शिव चरण, नरेंदर कुमार, अनीता कौंडल, पुष्पा शर्मा, विद्या कुमारी, राधा ठाकुर, मीरा मेहता, अजय ठाकुर बीडीसी, बाके लाल उपप्रधान एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति योजनाओं से नाहन कॉलेज के विद्यार्थियों के सपनों को मिली नई उड़ान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री के गतिशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर युवा को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी उत्तम दृष्टिकोण को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं सिरमौर जिले के डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नाहन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रख रही हैं।

सरकार की ओर से अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केंद्रीय प्रायोजित 'पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना' एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य उनके शैक्षिक विकास को बढ़ावा देना और सामाजिक समानता सुनिश्चित करना है। नाहन कॉलेज में अब तक 52 विद्यार्थी इस योजना से जुड़े हैं। 52 विद्यार्थियों का इस योजना से जुड़ना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सही दिशा में जरूरतमंद छात्रों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत दैनिक छात्र' के लिए इस योजना में 3000 प्रति वर्ष और 'छात्रावास निवासी छात्र' के लिए 6000 प्रति वर्ष की सहायता दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य शिक्षा में समावेशन, वित्तीय सहायता और समानता को बढ़ावा देना है। यह योजना छात्रों को समान अवसर प्रदान करती है, जिससे वे अपनी शिक्षा पूरी कर सकें और समाज में अपनी स्थिति को मजबूत कर सकें। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए छात्रों की परिवारिक आय 2,50,000 रुपए प्रति वर्ष से कम होनी चाहिए। यह योजना उन छात्रों के लिए है जो पोस्ट मैट्रिक में पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रवृत्ति की राशि छात्र की शैक्षिक संस्थान की फीस, किताबों और अन्य आवश्यक खर्चों की पूर्ति करती है। इस छात्रवृत्ति को प्राप्त करने के लिए छात्र अपने राज्य के शिक्षा विभाग संबंधित वेबसाइट httpsÑ//scholarships.gov.in (राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल) पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। योजना के लिए जरूरी दस्तावेज जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, और शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आज हिमाचल का युवा गर्व के साथ कह सकता है कि उनकी प्रगति के सफर में सरकार एक मजबूत साथी के रूप में खड़ी है। डॉ. यशवंत सिंह परमार कॉलेज, नाहन में इन योजनाओं का सफल क्रियान्वयन 'शिक्षित हिमाचल, विकसित हिमाचल' के संकल्प को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है।

**आयोजन** इंटक अध्यक्ष नेत्र सिंह ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

# धर्मपुर ने छटेरा को हराकर जीता पहला मैच

अनंत ज्ञान

**कसौली।** उपमंडल के कंडा में युवा किसान क्लब द्वारा क्रिकेट कप का आगाज स्थानीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में किया गया।

प्रतियोगिता में सोलन के इंटक अध्यक्ष नेत्र सिंह अत्री व सोलन रोगी कल्याण समिति सदस्य सुरेश बंसल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि नेत्र सिंह अत्री ने अपने संबोधन में आयोजकों को क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिताओं के जरिए ही ग्रामीण क्षेत्र के युवा आगे चलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

वहीं, खिलाड़ी में अनुशासन देखने को मिलता है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला छटेरा व धर्मपुर के बीच खेला गया। इसमें छटेरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 110 रन बनाएं। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए धर्मपुर की टीम ने आसनी से लक्ष्य को प्राप्त कर जीत अपने नाम की। आयोजन समिति के प्रधान चंद राम ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने व अपनी प्रतिभा दर्शाने के लिए व युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 40 टीमें भाग ले रही है। इस दौरान आयोजक समिति के सभी सदस्य हेमंत कुमार, यश ठाकुर, अशोक कुमार, सनी ठाकुर, हिमांशु ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, विशाल वर्मा, प्रमोद ठाकुर उपस्थित रहे।




क्रिकेट कप के आयोजन पर मुख्यातिथि का वेलकम करते आयोजक। अनंत ज्ञान

# पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी की जानकारी प्राप्त की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग के विद्यार्थियों के लिए प्री-वोकेशनल एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में पर्यटन एवं अतिथि सत्कार (टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी) विषय के विद्यार्थियों ने क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बाड़ी धार का दौरा किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पर्यटन के महत्वपूर्ण बिंदु, धार्मिक पर्यटन का महत्व और हिमाचल प्रदेश में पर्यटन से जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में विद्यार्थियों ने बाड़ी धार स्थित होटल एकांत का भ्रमण किया, जहां होटल प्रबंधन ने हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं और कार्य प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी साझा की। विद्यालय के अध्यापक मनोज कुमार, हेमराज और कमलेश कुमारी ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रधानाचार्य पीसी बद्दू ने होटल प्रबंधन और मालिक संत राम कौंडल का धन्यवाद किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को करियर निर्णय में सहायक बताते हुए प्रात:कालीन सभा में अनुभव साझा किए। सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने कार्यक्रम में भाग लिया और गुणवत्ता पूर्ण तैयारी के लिए प्रेरित हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में वेटरनरी सर्जन की 162 पदों की भर्ती रद्द

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने प्रदेश में वेटरनरी सर्जन के 162 पदों की भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। यह विज्ञापन 14 जनवरी को जारी किया गया था, जिसे मंगलवार रात वापस ले लिया गया है। आयोग ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। हरियाणा लोक सेवा आयोग के द्वारा वेटरनरी सर्जन के 162 के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें जनरल के लिए 46, डीएससी के लिए 21, ओएससी के लिए 21, बीसी ए के लिए 46, बीसीबी के लिए 12 व ईडब्ल्यूएस के लिए 16 पद रिजर्व रखे गए हैं। इस भर्ती में करीब रिजर्व कैटेगरी के 40 पद बैकलॉग के शामिल हैं, जिसमें डीएससी के लिए 5, ओएससी के लिए 4, बीसी ए के लिए 29, बीसी बी के 2 पद शामिल हैं। अब आयोग द्वारा इन भर्तियों को लेकर नए सिरे से आदेश जारी किए जाएंगे।

### बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पलवल जिले के अहरवां गांव में बिजली चोरी पकड़ने गई दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने टीम द्वारा वीडियो बनाए जाने पर आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज की और मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। सदर थाना पुलिस ने कनिष्ठ अभियंता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी सुंदरपाल ने जानकारी देते हुए बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता रणजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी टीम के साथ अहरवां गांव में रूटीन चेकिंग के लिए पहुंचे थे। टीम में जेई राजेंद्र सिंह, लाइनमैन गुरमीत, जितेंद्र, मनोज, हेमंत व चालक सुंदर शामिल थे। चेकिंग के दौरान टीम जब मनोज के घर पहुंची तो पाया कि बिजली के खंभे से सीधे दूसरी डोरी जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। बिजली चोरी के साक्ष्य जुटाने के लिए टीम ने मौके पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी शुरू की। इसी दौरान प्रकाशचंद उर्फ गुल्लू मौके पर पहुंचा और वीडियो बनाए जाने पर भड़क गया। आरोप है कि उसने बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की और उनके साथ मारपीट की। आरोपी ने कर्मचारियों को डरा-धमकाकर सरकारी कार्य को बीच में ही रुकवा दिया, जिसके चलते टीम को वहां से लौटना पड़ा। पुलिस ने जेई की लिखित शिकायत पर आरोपी प्रकाशचंद के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और उसे जल्द काबू कर लिया जाएगा।

### नौ माह के वित्तीय परिणामों को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने बैठक में 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। जीएसटी दर कटौती और मजबूत त्योहारी मांग ने तिमाही के दौरान आर्थिक गतिविधि को गति दी, जिससे क्रेडिट मांग में सार्थक बढ़ोतरी हुई। उच्च ऑटो बिक्री, बेहतर उपभोक्ता खर्च और एमएसमी तथा वाणिज्यिक गतिविधि में सुधार ने बैंकिंग क्षेत्र की 14.4 फीसदी क्रेडिट वृद्धि को समर्थन दिया। हालांकि जमा वृद्धि 12.7% पर सीमित रही कड़े तरलता हालात और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण। इस परिदृश्य में, बैंक ने अनुशासित अंडरराइटिंग, फंड की लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन और सतत, गुणात्मक वृद्धि पर मजबूत फोकस के साथ सभी क्षेत्रों में संतुलित व मजबूत प्रदर्शन किया। जीएसटी दरों के तर्कसंगतीकरण व त्योहारी मांग के समर्थन से इस तिमाही में बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत रहा, भले ही जमा परिवेश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बना रहा।

### हरियाणा में चालक भर्तियों के लिए तय होंगे नए नियम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों से ग्रुप-सी के अंतर्गत चालकों के लिए समान सेवा नियम बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। सरकार की तरफ से सभी सचिवों को दस दिन का समय दिया गया है। मुख्य सचिव कार्यालय की तरफ से जारी पत्र के अनुसार, प्रस्तावित नियम हरियाणा ग्रुप-सी चालक (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2025 के नाम से जाने जाएंगे और ये अधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे। प्रारूप नियमों के अनुसार चालक पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, पूर्व सैनिक तथा दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। चालक पद पर सीधी भर्ती अथवा स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्त सभी अभ्यर्थियों के पास बारहवीं या इसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

# उत्तराखंड व हरियाणा के जिला अध्यक्षों से बोले राहुल गांधी, दबाव में न करें काम

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** कांग्रेस पार्टी के हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों के लिए कुरुक्षेत्र में आयोजित किए जा रहे 10 दिवसीय 'संगठन सृजन' प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विशेष रूप से हिस्सा लिया।

राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया और उन्हें संगठन को मजबूत करने के लिए नई प्रेरणा प्रदान की। कांग्रेस जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर 13 जनवरी से चल रहा है। यह शिविर 22 जनवरी को समाप्त होगा। आज यहां पहुंचे राहुल गांधी ने हरियाणा एवं उत्तराखंड के लगभग 60 जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आपको निडर होकर, कर्तव्यनिष्ठा के साथ इसे निभाना है। आप कांग्रेस के योद्धा हैं और योद्धा की तरह ही कार्य करना होगा।उन्होंने कहा कि



सामने भ्रष्ट सत्ता का साम्राज्य एक बड़ी चुनौती है, लेकिन कार्यकर्ताओं को निर्भीक होकर इन चुनौतियों का सामना करते हुए संगठन को और सशक्त बनाना है। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आपकी आवाज को कोई दबा नहीं सकता, क्योंकि कांग्रेस जैसा मजबूत संगठन आपके साथ खड़ा है। किसी के दबाव में आकर निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं है। स्वतंत्र होकर काम करें। हम आपकी प्रगति का समय-समय पर मूल्यांकन करेंगे और आवश्यक दिशा-निर्देश व सहयोग प्रदान करते रहेंगे। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रत्येक जिला अध्यक्ष से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, विस्तृत चर्चा की, जानकारियां साझा कीं और सुझावों का आदान-प्रदान किया। लगभग तीन घंटे तक चली इस गहन बैठक के बाद उन्होंने जिला अध्यक्षों और उनके परिवारजनों के साथ बैठकर भोजन किया। उनका यह आत्मीय और अपनत्व भरा व्यवहार कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर गया।इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल, प्रफुल्ल गुडधे, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी शैलजा, अशोक अरोड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज सहित हरियाणा एवं उत्तराखंड के सभी जिला अध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास को नई दिशा देगा आईडब्ल्यूडीसी 3 .0

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित करने और इसके भविष्य के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद (आईडब्ल्यूडीसी) की तीसरी बैठक 23 जनवरी, 2026 को कोच्चि, केरल में आयोजित की जाएगी।

यह बैठक केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर सहित विभिन्न राज्य सरकारों के मंत्री भी इस बैठक में भाग लेंगे। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) अगले वर्ष तक पंजाब और हिमाचल प्रदेश में अपनी परिचालन उपस्थिति स्थापित करने की योजना बना रहा है। दोनों राज्यों में सतलुज (राष्ट्रीय जलमार्ग-98) और ब्यास (राष्ट्रीय जलमार्ग-17) नदियों पर वर्तमान में व्यवहार्यता अध्ययन किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य नौवहन की संभावनाओं का आकलन करना और आवश्यक अवसंरचना आवश्यकताओं की पहचान करना है। आईडब्ल्यूडीसी 3.0 में इन मुद्दों पर रचनात्मक और परिणामोन्मुखी विचार-विमर्श पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल कोच्चि में होने वाली आईडब्ल्यूडीसी 3.0 बैठक में शामिल होंगे। बैठक के दौरान पत्तन, पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्री विभिन्न राज्यों में अंतर्देशीय जल परिवहन के और विकास के लिए नई पहलों का शुभारंभ करेंगे। आईडब्ल्यूडीसी 3.0 के एजेंडा में शहरी जल परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, कार्गो परिवहन की दक्षता बढ़ाने, यात्री परिवहन के लिए हरित पोतों (ग्रीन वेसल्स) को प्रोत्साहित करने, नदी क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने तथा डिजिटल एवं सतत (सस्टेनेबल) प्रथाओं को लागू करने पर सत्र शामिल हैं। अंतर्देशीय जलमार्गों से जुड़े नियामक ढांचे की भी समीक्षा की जाएगी। आईडब्ल्यूएआई के अध्यक्ष सुनील पालीवाल ने कहा कि कोच्चि में हम 2024 में आईडब्ल्यूडीसी 1.0 के बाद से हुई प्रगति को समेकित करने, परियोजनाओं के कार्यान्वयन को तेज करने और राज्यों के साथ घनिष्ठ साझेदारी में हरित, प्रौद्योगिकी-संचालित अंतर्देशीय जलमार्गों का विस्तार करने का लक्ष्य रखते हैं।

# भारत के युवाओं के सपनों को साकार करने में दीर्घकालिक वित्तीय योजना की अहम भूमिका

अनंत ज्ञान

**लुधियाना/जालंधर।** भारत एक टर्निंग प्वॉइंट पर है। अगले दस साल हमारे युवाओं के हैं सपने देखने वाले और काम करने वाले जो देश के आर्थिक भविष्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन के अनुसार, लगभग 65 फीसदी भारतीय 35 साल से कम उम्र के हैं। लंबे समय की डिसिप्लिंड फाइनेंशियल प्लानिंग और सेविंग्स उनके सपनों को हकीकत में बदलने की चाबी होगी, चाहे पहला घर खरीदना हो या जल्दी रिटायर होना हो। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, विकास गुप्ता ने कहा, 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक सस्ता प्रोडक्ट है, जिसमें प्रीमियम की पूरी रकम कस्टमर के चुने हुए एसेट एलोकेशन के हिसाब से इन्वेस्ट की जाती है। यह कस्टमर्स को 25 अलग-अलग फंड और चुनने के लिए चार पोर्टफोलियो स्ट्रैटेजी देता है। यह पार्शियल विड्रॉल भी देता है, ताकि किसी भी तुरंत फाइनेंशियल जरूरत को पूरा किया जा सके। इसके अलावा, इसमें 'प्रीमियम में छूट' का ऐड-ऑन बेनिफिट भी है, जिससे यह पक्का होता है कि अगर ज़िंदगी में कोई अचानक मोड़ भी आता है, तो भी परिवार के फाइनेंशियल लक्ष्य सुरक्षित रहते हैं।' इस मामले में, आई सी आई सी आई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस, एक मार्केट-लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट है, जिसे युवा कमाने वालों को परिवार को फाइनेंशियल सिक्योरिटी देते हुए लंबे समय तक पैसा बनाने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिर्फ 1000 प्रति महीने से शुरू होने वाले प्रीमियम के साथ, यह सस्ता प्रोडक्ट युवा प्रोफेशनल्स और पहली बार इन्वेस्ट करने वालों को जल्दी शुरू करने, इन्वेस्टेड रहने और भारत की ग्रोथ स्टोरी से फायदा उठाने में मदद कर सकता है।

# पानीपत में बनेगा अंतरराष्ट्रीय टैक्सटाइल संस्थान : सैनी

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानीपत बुनकरों की और ऐतिहासिक नगरी है, जहां का कपड़ा उद्योग हरियाणा के साथ-साथ पूरे भारत में नाम रौशन कर रहा है।

पानीपत आज तेज गति से खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। इसी को देखते हुए विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर पानीपत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टैक्सटाइल संस्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए 10 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संस्थान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर तकनीकी दक्षता उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री बुधवार को पानीपत में आयोजित पानीपत, सोनीपत, और करनाल में



टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों से बजट पूर्व परामर्श बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी की अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 18 दिसंबर, 2026 तक कर दिया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पूरे प्रदेश में किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रही है। किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फार्म टू फाईबर, फाईबर टू फैक्टरी, फैक्टरी टू फैशन और फैशन टू फोर्न फाइव-एफ के मंत्र का भी जिक्र किया और कहा कि हरियाणा में भी इसी फाइव-एफ विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूंजीगत निवेश सब्सिडी के तहत अब मामलों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रहेगी। अब जितने भी योग्य उद्यमी आएंगे, सरकार उन सबकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा आत्मनिर्भर टैक्सटाईल पॉलिसी के तहत 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके लिए 367 करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीकृत की जा चुकी है। यह पॉलिसी सभी उद्यमियों के विश्वास का प्रतीक है। आज दुनिया केमिकल-मुक्त और प्राकृतिक रंगों वाले कपड़ों की मांग कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पानीपत इस दिशा में ग्लोबल लीडर बन सकता है और यहां के लोग अब केवल पारंपरिक काम नहीं कर रहे, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ और पेट टू फाईबर तथा एंटी बैक्टीरियल टॉवल्स जैसे नए प्रयोग कर रहे हैं।

## देश-विदेश

# सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच उनकी बातें नरसंहार जैसी : मद्रास हाईकोर्ट

**एजेंसी, चेन्नई**

**मद्रास** हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गईं बातें हेट स्पीच के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी स्टालिन के तीन साल पुराने बयान को लेकर की।

2023 में उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इस बयान का काफी विरोध हुआ। भाजपा आईटी विभाग के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह बयान देश के 80% सनातन धर्म मानने वालों के खिलाफ है। हालांकि स्टालिन की डीएमके पार्टी के एक नेता ने उल्टा मालवीय के खिलाफ केस कर दिया। आरोप लगाया कि मालवीय ने स्टालिन के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया। मालवीय ने एफआईआर के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई। तीन साल बाद मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस श्रीमथी ने कहा कि मालवीय ने स्टालिन के बयान पर केवल प्रतिक्रिया दी थी।

ऐसी प्रतिक्रिया पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि दुख की बात यह है कि हेट स्पीच देने वाले पर कोई केस नहीं, जबकि उस पर प्रतिक्रिया देने वाले पर एफआई आर दर्ज कर दी गई। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 270 अंक गिरकर 81,909 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 270 अंक गिरकर 81,909 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 75 अंक गिरा, ये 25,157 के स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स में अपने दिन के निचले स्तर 81,124 से 1,000 अंक से ज्यादा और निफ्टी में डे लो 24,919 से 300 अंक से ज्यादा की रिकवरी देखने को मिली। वहीं, बैंकिंग शेयरों में आज सबसे ज्यादा बिकवाली देखने को मिली। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.49% बढ़कर 4,909 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.41% गिरकर 52,774 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.37% बढ़कर 26,585 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.080% बढ़कर 4,116 पर बंद हुआ। 20 जनवरी को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.76% नीचे 48,488 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट में 2.39% और S&P 500 में





2.06% की गिरावट रही। 20 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 2,191 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 2,755 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं। शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज आईपीओ में निवेश करने का आज दूसरा दिन है। यह 22 जनवरी तक बोली लगाने के लिए खुला रहेगा। इस आईपीओ में प्राइस बैंड 118 से 124 रुपए प्रति शेयर है, और रिटेल इन्वेस्टर मिनिमम 120 शेयर्स के एक लॉट पर बिड लगा सकते हैं, जिससे न्यूनतम निवेश 14,880 रुपए होगा।

# पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने किया फर्जी पिज्जा हट का उद्घाटन

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

◆ **कंपनी बोली- हमारा कोई लेना देना नहीं, सोशल मीडिया पर मजाक बना**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया, लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया।

सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया। यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान के नारा शहर की जिला अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के हत्यारे को आज उम्रकैद की सजा सुनाई। आबे की तीन साल पहले नारा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने सारी दुनिया को झकझोर दिया था। जापान टुडे अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पीठासीन जज ने टिप्पणी की, जहां बड़ी भीड़ मौजूद थी, वहां घर में बनी बंदूक का इस्तेमाल करना बेहद घिनौना और दुर्भावनापूर्ण अपराध था। इससे पहले जिला अदालत ने 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी को आठ जुलाई 2022 को एक चुनावी भाषण के दौरान जापान के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता की जान लेने के लिए हत्या और आग्नेयास्त्र नियंत्रण कानून के उल्लंघन का दोषी ठहराया। अक्टूबर में मुकदमा शुरू होने के दौरान यामागामी ने हत्या की बात कबूल कर ली थी। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता अभी भी बेहद खराब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की वायु गुणवत्ता में बुधवार सुबह मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार सुबह नौ बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एएक्यूआई) 339 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार सुबह शहर का एक्यूआई 395 था जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के आंकड़ों के मुताबिक, सभी निगरानी स्टेशन में से 30 में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' और आठ



में 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता सबसे खराब रही जहां एक्यूआई 390 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के वर्गीकरण के अनुसार, एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। इस बीच, मौसम की स्थिति से भी खास राहत नहीं मिली। शहर का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्टेशन-वार आंकड़ों के अनुसार, पालम में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस, रिज में नौ डिग्री सेल्सियस, आयानगर में आठ डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड में 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सफदरजंग में शहर का सबसे कम न्यूनतम तापमान (7.2 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान के करीब 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है और इसके साथ मध्यम कोहरा भी छाया रह सकता है। (अनंत ज्ञान)

# कनाडाई पीएम बोले- अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ

**एजेंसी, दावोस**

**कनाडा** के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में यह बात कही।



◆ **कार्नी बोले- टैरिफ को हथियार बनाया जा रहा**

उन्होंने कहा कि दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है। कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है। कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है और सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान में भारी कोहरा; 4 गाड़ियां टकराईं, 10 घायल

◆ **बिहार में 5 ट्रेनें लेट उत्तराखंड में चीन बॉर्डर के पास नदियां जमीं**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राजस्थान** के सीकर जिले में बुधवार सुबह धुंध के कारण चार बस-ट्रक की भिड़ंत हो गई। इसके बाद और गाड़ियां बस से टकरा गईं। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। वहीं, बिहार के अररिया, पूर्णिया सहित 5 जिलों में कोहरा रहा। सुबह विजिबिलिटी कम होने से 5 ट्रेनें लेट चल रही हैं। औरंगाबाद समेत कई शहरों में



सुबह से बादल छाए हुए हैं। मध्य प्रदेश में 23 और 24 जनवरी को ग्वालियर-रीवा समेत 10 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इस दौरान कोहरा भी छाया रहेगा। उधर, यूपी सहित देश के 6 राज्यों में दो दिन बाद बारिश की संभावना है। राजस्थान में ओले भी गिर सकते हैं। उत्तरकाशी में चीन सीमा से लगी नेलांग घाटी में नदियां जम गईं। आदि कैलाश (पिथौरागढ़) और केदारनाथ धाम में तापमान -21 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव जारी रहेगा। कई इलाकों में आंशिक से लेकर व्यापक बादल छाए रहेंगे। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। कुछ जगहों पर गरज-चमक और तेज हवाएं (30-50 किमी/घंटा) भी चल सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुरक्षाबलों ने मणिपुर में किया चार उग्रवादियों को गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो उग्रवादी असम से पकड़े गए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (आईएम)' के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल पूर्व के मणत्रीपुखरी इलाके से पकड़ा गया और उसके पास से एक पिस्तौल भी बरामद की गई तथा उसी दिन जिले के साओमबुंग वैरी से 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (वीसी)' के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि सुरक्षाबलों ने असम के द्वारका नगर में किराये के एक मकान से 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबंगनबा)' के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आगे की जांच के लिए दोनों को मणिपुर लाने की औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इस बीच, सुरक्षा कर्मियों ने भारत-म्यांमा सीमा से हाल में बरामद किए गए तीन आईईडी को निष्क्रिय कर दिए।

# सोना पहली बार 1.50 लाख रुपए पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने** की कीमत बुधवार को 1.50 लाख रुपए पार कर गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए ) के अनुसार, सोना आज 7,795 रुपए बढ़कर 1,55,204 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। सोना इस साल अब तक 21,744 रुपए महंगा हो चुका है।

वहीं, 1 किलो चांदी की कीमत आज 10,730 रुपए बढ़कर 3,20,075 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले कल ये 3,09,345 रुपए पर थी। चांदी इस साल सिर्फ 21 दिनों में ही 90,825 रुपए महंगी हो चुकी है।



सोने-चांदी के दाम लगातार तीसरे दिन अपने ऑलटाइम हाई पर हैं। सोने में तेजी के 3 बड़े कारण माने जा रहे हैं। पहला ग्लोबल टेंशन और 'ग्रीनलैंड' विवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है। जब भी दुनिया में ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश यानी सोने की ओर भागते हैं। दूसरा कारण रुपए की रिकॉर्ड कमजोरी। भारत में सोने की कीमत केवल वैश्विक दरों पर नहीं, बल्कि डॉलर-रुपया एक्सचेंज रेट पर भी निर्भर करती है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 91.10 रुपए के ऑल-टाइम लो पर है। तीसरा सेंट्रल बैंकों की भारी खरीदारी। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए सोने का स्टॉक बढ़ा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### लीग चरण में शीर्ष पर रहना अब मायने नहीं रखता: ट्रिस्टन स्टब्स

**एजेंसी, डरबन।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले एसए-20 लीग के पहले क्वालीफायर से पूर्व मंगलवार को कहा कि प्ले ऑफ से पहले लय हासिल करना अच्छा है, लेकिन लीग चरण में शीर्ष पर रहना अब कोई मायने नहीं रखता और बुधवार को होने वाले मैच में उन्हें शून्य से शुरुआत करनी होगी। पहली बार स्टब्स की कप्तानी में खेलते हुए सनराइजर्स की टीम 10 मैच में पांच जीत से 28 अंक के साथ शीर्ष पर रही। स्टब्स ने मैच से पूर्व कहा कि सच कहूं तो इसका कोई खास मतलब नहीं है। यह अच्छा है कि हमने पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन प्ले ऑफ से पहले हमें पता है कि आप हर मैच में शून्य से शुरुआत करते हैं। प्ले ऑफ से पहले लय हासिल करना अच्छा है लेकिन इसका कोई खास मतलब नहीं है। शुरुआती दो सत्र के चैंपियन और गत उप विजेता सनराइजर्स ने अब तक चारों सत्र में प्ले ऑफ में जगह बनाई है और जब स्टब्स से पूछा गया कि क्या इस तरह के दबाव में खेलने के अनुभव से टीम को फायदा होगा तो उन्होंने इससे सहमति जताई। (अनंत ज्ञान)

### लिजेले ली पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना

**एजेंसी, वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स की विकेटकीपर लिजेले ली पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिये बुधवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया । डब्ल्यूपीएल ने कहा कि ली ने आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण के अनादर को लेकर है । इसके लिये मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है । यह घटना दिल्ली की पारी के 11वें ओवर की थी जब ली को तीसरे अंपायर के रिव्यू के बाद 46 के स्कोर पर स्टम्प आउट करार दिया गया । फैसले से नाखुश ली ने बाद में पुरस्कार समारोह में कहा कि विकेटकीपर ने अच्छा काम किया लेकिन मुझे इसके बारे में इतना ही कहना है । दिल्ली ने मैच में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया । (अनंत ज्ञान)

### रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में शुभमन गिल पर होगी नजर

**एजेंसी, राजकोट।** भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल वीरवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे जहां उनका राष्ट्रीय टीम के साथी और सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

### बेहतरीन अंदाज में केरोलाईन वोज्निएकी

**केरोलाईन** वोज्निएकी डेनमार्क से एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है। वह ओडेंस, डेनमार्क में 11 जुलाई 1990 को पैदा हुई थी, लेकिन अब वह मोंटे कार्लो, मोनाको में रहती है। केरोलाईन ने अपने कैरियर में 22 एकल और 2 युगल टाइटल जीतें हैं। कैरोलिन 11 अक्तूबर 2010 के बाद से नंबर 1 रैंक टेनिस खिलाड़ी है।



महिला प्रीमियर लीग : प्लेऑफ के दो स्थानों के लिए मुकाबला हुआ कड़ा

# गुजरात के खिलाफ यूपी वारियर्स का पलड़ा भारी

**एजेंसी, वडोदरा**

◆ पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पांचों मैच जीतकर क्वालीफाई कर चुकी

**खराब** फॉर्म से जूझ रही गुजरात जाइंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में वीरवार को यूपी वारियर्स का पलड़ा भारी होगा, जबकि प्लेऑफ के बाकी दो स्थानों के लिये मुकाबला कड़ा हो गया है।

पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पांचों मैच जीतकर क्वालीफाई कर चुकी है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर सभी के लिए रास्ते खुले रखे हैं। मुंबई, यूपी, दिल्ली और गुजरात के चार अंक हैं, लेकिन नेट रनरेट के आधार पर वारियर्स गुजरात से ऊपर हैं।

गुजरात लगातार तीन हार के बाद सबसे नीचे है, लेकिन पहले चरण में उसने यूपी वारियर्स को हराया था। सत्र के पहले मैच में गुजरात ने 207 रन बनाने के बाद वारियर्स को आठ विकेट पर 197 रन रोक दिया था। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को चार रन से हराया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 192 रन बनाने के बावजूद गुजरात को हार झेलनी पड़ी। आरसीबी के खिलाफ 183 रन के लक्ष्य के जवाब में टीम 150 रन ही बना सकी और पिछले मैच में इसी टीम के खिलाफ 179 रन के लक्ष्य के जवाब में आठ विकेट पर 117 रन ही बना पाई। सीनियर बल्लेबाजों के खराब फॉर्म ने उसकी मुश्किलें बढ़ा दी है। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी पांच पारियों में 95 रन ही बना सकी है। सोफी डेवाइन ने पिछले तीन मैचों में आठ, आठ और 0 रन बनाए हैं।

**संभावित टीमें**

**गुजरात जाइंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फुलमाली, तितास साधु, काशवी गौतम, कनिका आहूजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वेयरहैम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, यस्तिका भाटिया, शिवानी सिंह, डैनी वाट हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़ और आयुषी सोनी।

**यूपी वारियर्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, डींड्रा डॉटिन, सोफी एक्लेस्टोन, क्रांति गौड़, शिप्रा गिरी, चार्ली नॉट, फीबी लिचफील्ड, सुमन मीना, किरण नवगिरे, शिखा पांडे, प्रतिका रावल, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, आशा सोभना, गोंगाडी त्रिशा, क्लो ट्रायोन।

**मैच का समय : शाम 7.30 से**

अनुष्का शर्मा अभी तक लय हासिल नहीं कर पाई हैं। अधिकांश दारोमदार कप्तान एशले गार्डनर पर रहा है, जिन्होंने दो अर्धशतक बनाए हैं। दूसरी ओर यूपी ने खराब शुरुआत के बाद अपने गेंदबाजों के दम पर शानदार वापसी की है।

गुजरात, आरसीबी और दिल्ली से पहले तीन मैच हारने के बाद उसने पांच विकेट पर 161 रन बनाने के बावजूद मुंबई इंडियंस को हराया। इयके बाद इसी टीम पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूपी के गेंदबाजों क्रांति गौड़, शिखा पांडे और डिएंड्रा डोटिन ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने उनका बखूबी साथ निभाया। दीप्ति का बतौर बल्लेबाज खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है। बल्लेबाजी में हालांकि मैग लैनिंग और फीबी लिचफील्ड फॉर्म में हैं।

## भांबरी व गोरानसन की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया प्लेयर्स को हराया

**एजेंसी, मेलबर्न**



भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को यहां सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर 57 मिनट तक चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से हराया।

भारत और स्वीडन की जोड़ी ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने अपनी पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर अंक हासिल करने में भी उनका प्रदर्शन उतना ही प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे। निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो मंगलवार को पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार से सीधे सेटों में हारकर पुरुष युगल प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

## जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा-मैं पारी को अंत तक ले जाना चाहती थी

**एजेंसी, वडोदरा**



**महिला** प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने शानदार नेतृत्व करते हुए नाबाद अर्धशतक जमाया और अपनी टीम को मुंबई इंडियंस के खिलाफ सात विकेट से जीत दिलाई। बीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में जेमिमा की संयमित पारी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को शुरुआत से ही अच्छी लय मिली। ओपनर लिजेल ली और शैफाली वर्मा ने तेज शुरुआत दी, जिसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स ने पारी को संभालते हुए 37 गेंदों में नाबाद 51 रन बनाए।

मारिजान काप ने अंत में उनका अच्छा साथ निभाया और दिल्ली ने 19 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद जेमिमा ने ओपनिंग साझेदारी की अहमियत पर कहा कि लिजेल और शैफाली एक बेहद खतरनाक ओपनिंग जोड़ी हैं। गेंदबाजों को पता होता है कि अगर उन्होंने थोड़ी भी गलती की, तो उसकी सजा मिलेगी। इस विकेट पर पावरप्ले में जिस तरह उन्होंने बल्लेबाजी की, वह हमारे लिए बहुत अहम रही। जब गेंद पुरानी हुई तो विकेट धीमा होने लगा, ऐसे में उनकी शुरुआत ने आगे आने वाले बल्लेबाजों का काम आसान कर दिया। अपनी पारी और मैच फिनिश करने को लेकर जेमिमा ने कहा कि पिछले कुछ मैचों में मैंने प्रभावशाली पारियां खेलीं, लेकिन मैं देर से बल्लेबाजी के लिए आ रही थी। मुझसे और ज्यादा उम्मीदें थीं और मैं खुद भी पारी को अंत तक खत्म करना चाहती थी। आज मैं खुश हूं कि मैं अंत तक टिक सकी और टीम के लिए जिम्मेदारी निभा सकी। कप्तानी के शुरुआती अनुभव साझा करते हुए जेमिमा ने कहा कि यह मेरे लिए सीखने का दौर है। मुझे लगा था कि कप्तानी से दबाव बढ़ेगा, लेकिन टीम और सपोर्ट स्टाफ ने वह दबाव काफी कम कर दिया है। हेड कोच जोनाथन बैटी और लीडरशिप ग्रुप ने मेरी काफी मदद की है। (अनंत ज्ञान)

## अभिषेक ने टी-20 में पूरे किए 5 हजार रन

नागपुर में खेला गया भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 मैच, अभिषेक ने 22 गेंदों में लगाई फिफ्टी

**एजेंसी, नागपुर**



**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी-20 नागपुर में खेला गया। विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बुधवार को न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया ने 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 149 रन बना लिए थे। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे पिच खेल रहे थे। अभिषेक शर्मा ने भारत को तेजतर्रार शुरुआत दिलाई।

उन्होंने 22 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। अभिषेक 35 बॉल पर 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ईशा सोढ़ी ने काइल जैमिसन के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा 16 रन से शतक बनाने से चूक गए। इसी ओवर में अभिषेक ने टी-20 करियर के 5 हजार रन भी पूरे कर लिए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (32 रन) मिचेल सैंटनर की बॉल पर आउट हुए। वे लगातार 23वीं पारी में फिफ्टी नहीं लगा सके हैं। ईशान किशन 8 और संजू सैमसन 10 रन बनाकर आउट हुए। ईशान को जैकब डफी और सैमसन को काइल जैमिसन ने कैच कराया। 11वें ओवर की चौथी बॉल पर भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। 9वें ओवर में टीम इंडिया ने अपने 100 रन भी पूरे कर लिए। अभिषेक शर्मा और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मिलकर अपनी पारी में 6 छक्के और 8 चौके लगा दिए। अभिषेक शर्मा ने पारी के 8वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ 20 रन बटोरे और टीम का स्कोर भी 96 रन तक पहुंचाया। इसी ओवर में उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। दोनों सेंचुरी पार्टनरशिप के करीब भी पहुंचे, भारत ने दूसरा विकेट 27 रन पर गंवाया था। वहीं, भारतीय टीम की पारी शुरू हो चुकी है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने पारी की शुरुआत की। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब डफी ने पहला ओवर डाला। इस ओवर में 8 रन बने। अभिषेक शर्मा ने आखिरी बॉल पर छक्का लगाया। (अनंत ज्ञान)

## इंडोनेशिया मास्टर्स : संधु और श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

**एजेंसी, जकार्ता**

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत अपने-अपने मुकाबले जीतकर इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने जापान की मनामी सुइजू को 53 मिनट में 22-20, 21-18 से हराया। वहीं, विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे को 21-15, 21-23, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा, जिन्होंने आयरलैंड के एन एंगुयेन को 21-14, 21-15 से हराया।



### श्रीकांत ने 22वें रैंकिंग के खिलाड़ी को हराया

**मेन्स** सिंगल्स में वर्ल्ड रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वतनाबे को 1 घंटे 12 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-15, 21-23, 24-22 से शिकस्त दी। अब श्रीकांत का अगला मुकाबला टूर्नामेंट की चौथी सीड चाउ टिएन चेन से होगा, जिन्होंने फर्स्ट राउंड में आयरलैंड के न्हात गुयेन को 21-14, 21-15 से हराया।

### किरण जॉर्ज और आकर्षी कश्यप पहले राउंड में बाहर

**अन्य** भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन निराशाजनक रहा। किरण जॉर्ज मेन्स सिंगल्स के पहले राउंड में इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से 17-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गए। विमेंस सिंगल्स में आकर्षी कश्यप भी शुरुआती दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से 21-8, 20-22, 17-21 से हार गईं।

### मिक्स्ड डबल्स में भारत का अभियान समाप्त

**मिक्स्ड** डबल्स में भारत को बड़ा झटका लगा, जहां दोनों जोड़ियां पहले ही दौर में बाहर हो गई। रोहन कपूर और रुथविव फ्रांस की चौथी वरीय जोड़ी थॉम गिकेल और डेल्फिन डेलरू ने 21-9, 22-20 से हराया। वहीं, ध्रुव कपिला और तनिष फ्रांस की जूलियन माओ और लिया पालेर्मो की जोड़ी ने 21-23, 22-20, 21-6 से बाहर कर दिया।

### केकेआर ने दिशांत याग्निक को बनाया फील्डिंग कोच

**एजेंसी, कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 के सत्र से पहले पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिशांत याग्निक को बुधवार को अपनी टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया। केकेआर ने कहा कि याग्निक के व्यापक अनुभव का टीम को फायदा मिलेगा। केकेआर ने बयान में कहा कि याग्निक अपने साथ भरपूर अनुभव और फील्डिंग में उत्कृष्टता की गहरी समझ लेकर केकेआर में शामिल होंगे। फ्रेंचाइजी आईपीएल में नए सहायक स्टाफ के साथ उतरेगी जिसमें अभिषेक नायर (मुख्य कोच) के अलावा डेरेन ब्रावो (मेंटोर-मार्गदर्शक), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) शामिल हैं। बयान के अनुसार कि आईपीएल से पहले याग्निक का केकेआर में शामिल होना पूर्व क्रिकेटर के कोचिंग करियर में एक नया अध्याय जोड़ेगा। विकेटकीपर बल्लेबाज रहे याग्निक ने घरेलू क्रिकेट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। वह 2011 से 2014 के बीच आईपीएल में 25 मैच भी खेले। इसके बाद वह फील्डिंग कोच (क्षेत्ररक्षण कोच) के रूप में काम करते रहे हैं। आईपीएल 26 मार्च से 31 मई के बीच खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## निधि और यशोवर्धन अत्री बने हिमाचल योगासन टीम के कप्तान



पश्चिम बंगाल में 25 जनवरी से शुरू होगी प्रतियोगिता। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**पश्चिम** बंगाल के दीघा पूर्वा में 25 जनवरी से आयोजित होने वाली अंडर-19 स्कूली नेशनल (एस जी एफ आई) योगासन प्रतियोगिता में हिमाचल महिला और पुरुष टीमों का नेतृत्व क्रमशः हमीरपुर की निधि अत्री और यशोवर्धन अत्री करेंगे।

महिला टीम में निधि डोगरा (परंपरागत और कलात्मक एकल योगासन), शिखा और हिना (कलात्मक युगल) तथा अंजलि और शानवी (तालात्मक युगल) हिस्सा लेंगी। पुरुष टीम में यशोवर्धन (परंपरागत योगासन), अक्षित (कलात्मक एकल), सूक्ष्म व अभयांश (कलात्मक युगल), वरुण चंदेल और नैमिस शर्मा (तालात्मक युगल) भाग लेंगे। टीम का प्रशिक्षण 18-21 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, परमाणु, सोलन में आयोजित हुआ। चीफ-द-मिशन डॉ. प्रेम शर्मा ने बच्चों को स्पोर्ट्स किट वितरित की। प्रशिक्षक और टीम मैनेजर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में शामिल रहे।

## मेदवेदेव-अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंचे

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियन ओपन में रूस के स्टार टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, वुमंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका भी दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं, जबकि दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर ने नया कीर्तिमान बनाया है। वह साल 2000 के बाद मेलबर्न में लगातार 15 मैच जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। इस खास क्लब में उनसे पहले रोजर फेडरर, नोवाक जोकोविच और आंद्रे आगासी शामिल हैं। मेदवेदेव ने सीधे सेटों में फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को हराया दूसरे राउंड के मुकाबले में मेदवेदेव ने फ्रांस के क्वेंटिन हालिस को कड़े संघर्ष में सीधे सेटों में 7-6, 6-4, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली।

अल्काराज पहला सेट टाईब्रेकर में जीते अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। बुधवार को खेले गए मैच में उन्होंने जर्मनी के यानिक हानफमान को सीधे सेटो में 7-6, 6-3,6-2 से हराया। अल्काराज को पहले सेट जीतने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। इस सेट को उन्होंने ट्राई ब्रेक में 7-6 से जीता। (अनंत ज्ञान)

### नंबर वन प्लेयर सबालेंका ने बाई को हराया



**ऑस्ट्रेलियन** ओपन 2026 में विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने संघर्षपूर्ण शुरुआत के बावजूद चीन की बाई झुओशुआन को 6-3, 6-1 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। यह मुकाबला बुधवार को रॉड लेवर एरिना में खेला गया। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने पहले सेट में शानदार शुरुआत करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद उनका खेल अचानक लड़खड़ा गया। बाई झुओशुआन ने न केवल अपनी सर्विस होल्ड की बल्कि सबालेंका की सर्विस भी ब्रेक कर लगातार तीन गेम जीत लिए। इससे मुकाबले में कुछ समय के लिए तनाव बढ़ गया और सबालेंका भी कोर्ट पर काफी परेशान नजर आईं। हालांकि, अनुभव का फायदा उठाते हुए 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने अंत में पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में सबालेंका ने खुद को संभाला और फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच स्तर का अंतर साफ नजर आने लगा। उन्होंने लगातार चार गेम जीतकर मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली और आसानी से सेट जीतते हुए मुकाबला समाप्त किया।

### यूरोप में क्रिकेट के लिए नए द्वार खोलेगी ईटीपीएल : स्टीव वॉ

**एजेंसी, नागपुर।** स्टीव वॉ ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को अलविदा कहने के बाद पिछले दो दशकों में कई व्यवसायिक उद्यमों में हाथ आजमाया है, लेकिन यूरोपीय टी-20 प्रीमियर लीग में एक फ्रेंचाइजी का मालिक बनकर उन्होंने एक ऐसी 'चुनौती' को स्वीकार किया है जिसका बड़ा मकसद यूरोपीय महाद्वीप में क्रिकेट का विस्तार करना है। पहला ईटीपीएल उस क्षेत्र में खेल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे लंबे समय से क्रिकेट के मामले में पिछड़ा हुआ माना जाता रहा है। इस लीग में आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्ड सक्रिय रूप से शामिल होंगे, जबकि इसके मालिकों में दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई हॉकी ओलंपियन जेमी ड्वायेर, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज काइल मिल्स और शानदार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल शामिल हैं। एम्सटर्डम फ्लेम्स फ्रेंचाइजी के मालिक वॉ के लिए इसमें शामिल होने का फैसला रणनीतिक और व्यक्तिगत दोनों था। (अनंत ज्ञान)

यूईएफए चैंपियंस लीग | किलियन एमबाप्पे ने दागे दो गोल, विनीसियस जूनियर भी छाए

## रियल मैड्रिड ने मोनाको को 6-1 से रौंदा

**एजेंसी, मैड्रिड**

**यूईएफए** चैंपियंस लीग 2025-26 में रियल मैड्रिड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैंटियागो बर्नबाउ में मोनाको को मंगलवार देर रात 6-1 से करारी शिकस्त दी। इस मुकाबले में किलियन एमबाप्पे ने दो गोल दागे, जबकि विनीसियस जूनियर ने एक शानदार सोलो गोल करने के साथ दो गोल में अहम भूमिका निभाई।

मैच की शुरुआत से ही रियल मैड्रिड ने आक्रामक रुख अपनाया। पांचवें मिनट में एमबाप्पे ने फ्रांको मास्टानतुओनो की शानदार दौड़ के बाद मिले पास पर लो फिनिश के जरिए टीम को बढ़त दिलाई। 26वें मिनट में उन्होंने तेज काउंटर अटैक पर एक और गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में भी रियल का दबदबा जारी रहा। 51वें मिनट में विनीसियस ने बीच से शानदार रन लेते हुए मास्टानतुओनो को सटीक थ्रू पास दिया, जिस पर उन्होंने पहली ही टच में गेंद को जाल में पहुंचा दिया। इसके चार मिनट बाद विनीसियस के लो क्रॉस को मोनाको के डिफेंडर थिलो केहरर ने अनजाने में अपने ही गोल में डाल दिया, जिससे स्कोर 4-0 हो गया।




63वें मिनट में विनीसियस जूनियर ने मैच का सबसे बेहतरीन गोल किया। उन्होंने बॉक्स के अंदर तीन डिफेंडरों को छकाते हुए जोरदार शॉट टॉप कॉर्नर में दागा। यह उनका अक्टूबर की शुरुआत के बाद सैंटियागो बर्नबाउ में पहला गोल था, जिसे देखकर पूरा स्टेडियम उनके नाम के नारे लगाने लगा। 72वें मिनट में मोनाको को एक सांत्वना गोल मिला, जब जॉर्डन टेजे ने रियल की गलती का फायदा उठाते हुए थिबो कूर्तुआ को छकाया। हालांकि, रियल मैड्रिड यहीं नहीं रुका।

80वें मिनट में फेडरिको वाल्वर्डे के पास पर जुड बेलिंघम ने शानदार तरीके से गोल कर स्कोर 6-1 कर दिया। इस बड़ी जीत के साथ रियल मैड्रिड 15 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वह बायर्न म्यूनिख के बराबर अंकों पर है और शीर्ष पर मौजूद आर्सेनल से छह अंक पीछे है। वहीं, मोनाको नौ अंकों के साथ 20वें स्थान पर बना हुआ है। नए कोच अल्वारो आर्बेलोआ की मौजूदगी में रियल मैड्रिड का यह प्रदर्शन दर्शकों को काफी पसंद आया। हालिया झटकों के बाद बर्नबाउ में मौजूद प्रशंसकों ने विनीसियस जूनियर और जुड बेलिंघम का जोरदार समर्थन किया, जो इस यादगार जीत का गवाह बना। (अनंत ज्ञान)